रजिस्ट्री सं० डी—(डी)—73

REGISTERED NO. D—(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 27, 1980 (पौष 6, 1902)

No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 27, 1980 (PAUSA 6, 1902)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 27 नवम्बर 1980

सूचना

सं० —इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गयी निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री बी० पार्थसार्थी ने दिनांक 15 नवम्बर, 1980 से उप-प्राचार्य, स्टेट बैंक स्टाफ कॉलेज, हैदराबाद का पदभार ग्रहण किया।

एस० सी० नागर, उप प्रबंधक निदेशक
(कार्मिक एवं सेवाएं)

स्टेट बैंक आफ मैसूर

(भारतीय स्टेट बैंक का सहयोगी)

बेंगलूर-9, दिनांक 10 दिसम्बर 1980

सूचना

सं० —दिसंबर, 31, 1980 को समाप्त हुए वर्ष के लिए बैंक के शेयरधारियों को—जिनके नाम 14 फरवरी 1981 तक बैंक की बहियों में रजिस्ट्रीकृत हैं, बैंक के 34वीं लाभांश भुगतान करने के लिए स्टेट बैंक आफ मैसूर का शेयर-रजिस्टर 31 जनवरी, 1981 से 14 फरवरी, 1981 तक (दोनों दिन सहित) बंद रहता है।

एम० बी० देशमुख
प्रबन्ध निदेशक

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

नई दिल्ली 110002, दिनांक 1 नवम्बर 1980

सं० 5-सी० ए० (18)/80-81—इस संस्थान की अधिसूचना 4-सी० ए० (1)/19/79-80 दिनांक 15 मार्च, 1980, 4-सी० ए० (1)/20/77-78 दिनांक 18 फरवरी, 1978 एवं 4-सी० ए० (1)/28/76-77 दिनांक 9 मार्च, 1977 के सन्दर्भ चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद्

ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
(1)	8580	श्री श्री नारायन व्हेल, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट सी०-39, पंचशील एनक्लेव नई दिल्ली-110 017	15-10-80
(2)	10628	श्री अरविन्दर सिंह जौहर, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेंट 17, 1032, हरी सिंह नलवा स्ट्रीट करौल बाग, नई दिल्ली-110 005.	30-9-80
(3)	15519	श्री अजय कुमार सिंह, ए० सी० ए०, मैसर्ज सिंगोरा एण्ड कं० ए०-15/7, वसन्त विहार, नई दिल्ली ।	13-10-80

पी० एस० गोपालाकृष्णन
सचिव

कलकत्ता 700071, दिनांक 5 नवम्बर, 1980

सं० 4-ई० सी० ए०(6)/80-81—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1(क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण श्री कल्याण कुमार शाह, 768/ए, ब्लाक-पी, नई एलीपोरी, कलकत्ता-700053 का नाम 3 सितम्बर 1980 से हटा दिया है । उनकी सदस्यता संख्या 5303 है ।

सं० 5-ई०सी० ए०(II)/80-81—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 4-ई० सी० ए०(II) 79-80 दिनांक 15 मार्च, 1980, के सन्दर्भ में चार्टरड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में श्री बी० सनयाल, पी० ओ० अशवनि नगर, बागूआटी, कलकत्ता-700059 का नाम दिनांक 29 अक्तूबर, 1980 से पुनः स्थापित कर दिया गया है। उनकी सदस्य संख्या 5760 है।

पी० एस० गोपालाकृष्णन
सचिव

मद्रास-600 034, दिनांक 31 अक्तूबर, 1980

सं० 4-एस० सी० ए०/5/80-81—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1(क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम आगे दी गई तिथि से हटा दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
(1)	229	श्री टी० आर० सुबारामा अय्यार के० के० थामपन एण्ड कं० चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस माधवन नायर रोड चालापुरम कालीकट-673 002	7-10-80
(2)	426	श्री डी० वी० सारोवार, डी० वी० सारोवार एण्ड कं० चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स कार स्ट्रीट, वैल्लेरी-583 101	21-9-80
(3)	773	श्री डी० रामाचन्द्रन, सूरी एण्ड कं० चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस 8, रूटलैण्ड रोड, फोरथ स्ट्रीट, मद्रास-600 006	14-10-80

सं० 4-एम० सी० ए०/7/80-81—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1(क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों के नाम आगे दी गई तिथि से हटा दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	156	श्री एन० सी० राजगोपाल एन० सी० राजगोपाल एण्ड कं० चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस 12, सथ्यामूर्थी स्ट्रीट, ईरोडे-638 001	25-10-80

(1)	(2)	(3)	(4)
(2)	4993	श्री कोपाल्लेय सुबा राव कृष्णा एण्ड कं० चार्टर्ड एकाउन्टेंटस 251, वेस्ट मारीदपाल्ली, सिकन्दराबाद	18-10-80
(3)	20646	श्री आर० रामाचन्द्रा राजू 45, पारथासाराथाई नायडू स्ट्रीट, त्रिपलीकेन, मद्रास-600005	17-3-80

सं० 5-एस० सी० ए०/7/80-81—इस संस्थान की अधिसूचना 4 एस० सी० ए० (1)/9/79-80 दिनांक 15 मार्च, 1980 के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
(1)	5601	श्री बी० एच० बेलगाऊमकार, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेंट पी० ओ० बाक्स 2632, कारटोयूम सूडान।	15-10-80
(2)	18138	श्री एस० गोपालाकृष्णना भट्ट, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेंट पी० ओ० बाक्स 416 मूफूलीरा, जाम्बिया।	13-10-80

सं० 8-एस० सी० ए० (7)/80-81—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10(1)खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये गय प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	12910	श्री एम० वीरा राघवन, ए० सी० ए०, एकाउन्टस आफिसर (टेलीफोनस), इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, दूरवानीनगर, बंगलौर-560 016	1-4-80
2.	19925	श्री आर० शंकरन्, ए० सी० ए०, 16, वर्कशाप रोड मादुराई-625001।	31-7-80
3.	20377	श्री दिनेश शैनोय भामी ए० सी० ए०, नं० 177 गोकुलम, थर्ड स्टेज, मैसूर-570002	31-7-80
4.	20451	श्री मुराली आर० मैनन्, ए० सी० ए०, एकाउन्ट्स आफिसर, मैसर्स टाटा आयरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड, "बम्बई हाउस" 24, होमी मोदी स्ट्रीट, फोर्ट, बम्बई-400 023	3-11-79
5.	20769	श्री जी० वैंकाटारामाना रेड्डी, ए० सी० ए०, एम०आई० जी० ब्लाक-1, फ्लैट-11 ए० पी० हाउसिंग बोर्ड फ्लैट्स, मुकारामजाही रोड, हैदराबाद-500 001	19-9-80

दिनांक 17 नवम्बर 1980

सं० 4-एस० सी० ए० /8/80-81—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1(क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम आगे दी गई तिथि से हटा दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
(1)	963	श्री थोमस जोसफ, नियर सेलस टैक्स आफिस, चैनगानूर-68912	20-9-80
(2)	5835	श्री बी० के० एन० भगवान् 77/19, रत्ना विलास रोड, बासावानागुडी, बंगलौर-560 004	5-10-80

पी० एस० गोपालाकृष्णन,
सचिव

दी इन्स्टिच्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेंट्स आफ इंडिया

कलकत्ता, दिनांक 5 दिसम्बर 1980

सं० 16-सी० डब्ल्यू० आर० (320)/80—दी कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेंट्स रेग्युलेशन्स 1959 के विनियम 16 का

अनुसरण कर यह अधिसूचित किया जाता है कि इन्स्टिट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एक्काउण्टेंट्स आफ इंडिया के परिषद् ने कास्ट एण्ड वर्क्स एक्काउण्टेंट्स अधिनियम की धारा 20 की उप-धारा (1) द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुए श्री अमरीक सिंह, ओबेराई, बी० ए०, एफ० आई० सी० डब्ल्यू० ए०, सीनियर सिस्टम इंजीनियर, इन्टरनेशनल कम्प्यूटर्स ली०, फेल्थम, मिडिलसैक्स, यू० के० (सदस्यता संख्या 1050) के नाम को उनकी मृत्यु के कारण सदस्य पंजिका से हटा दिया

एस० एन० घोष,
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 10 दिसम्बर 1980

सं० यू-16/53/78-चिकित्सा-2 (कर्नाटक)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 105 के तहत मुझे निगम की शक्तियां प्रदान करने के सम्बन्ध में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में, मैं, इसके द्वारा डाक्टर एस० आर० गोयल, नं० 13/216, मीनाक्षी कोयल गली, शिवाजी नगर, बंगलौर-51 की बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्रों की सत्यता में सन्देह होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए दिनांक 1-1-81 से बंगलौर शहर के लिए चिकित्सा प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करता हूं। यह नियुक्ति 31-12-1981 या पूर्व-कालीन चिकित्सा निर्देशों की नियमित नियुक्ति, इनमें से जो भी पहले हो, तक है।

हरमन्दर सिंह,
महानिदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 15 दिसम्बर 1980

सं० एन०-15/13/11/3/79-यो०एवं० वि० (1)—कर्मचारी राज्य बीमा (समान्य) विनियम 1950 के विनियम 5 के उपविनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक ने निश्चय किया है कि निम्न अनुसूची में निर्दिष्ट क्षेत्रों में वर्ग "क", "ख", तथा "ग" के लिए प्रथम अंशदान एवं प्रथम लाभ अवधियां नियत दिवस 6 दिसम्बर, 1980 की मध्य रात्रि को बीमा योग्य रोजगार में लगे व्यक्तियों के लिये प्रारम्भ व समाप्त होगी जैसा कि निम्न सूची में दिया गया है :—

वर्ग	प्रथम अंशदान अवधि		प्रथम लाभ अवधि	
	जिस मध्य रात्रि को प्रारंभ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है	जिस मध्य रात्रि को प्रारम्भ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है
क	6-12-80	31-1-81	5-9-81	31-10-81
ख	6-12-80	28-3-81	5-9-81	26-12-81
ग	6-12-80	30-5-81	5-9-81	27-2-82

अनुसूची:—

पंजाब राज्य में

"जिला कपूरथला में

राजस्व ग्राम शेखपुरा

हद बस्त नं० 133"

सं० एन०-15/13/11/3/79-योजना एवं विकास (2)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 7 दिसम्बर, 1980 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम, 95-क तथा पंजाब कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1953 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ पंजाब राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमा कित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किये जायगें :—

अर्थात:—

"जिला कपूरथला में

राजस्व ग्राम शेखपुरा

हद बस्त नं० 133"

सं० एन०-15/13/11/2/76-यो० एवं० वि० (1)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 5 के उपविनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक ने निश्चय किया है कि निम्न अनुसूची में निर्दिष्ट क्षेत्रों में वर्ग "क", "ख" तथा "ग" के लिए प्रथम अंशदान एवं प्रथम लाभ अवधियां नियत दिवस 6 दिसम्बर, 1980 की मध्य रात्रि को बीमा योग्य रोजगार में लगे व्यक्तियों के लिए प्रारंभ व समाप्त होगी जैसा कि निम्न सूची में दिया गया है:—

वर्ग	प्रथम अंशदान अवधि		प्रथम लाभ अवधि	
	जिस मध्य रात्रि को प्रारंभ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है	जिस मध्य रात्रि को प्रारंभ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है
क	6-12-80	31-1-81	5-9-81	31-10-81
ख	6-12-80	28-3-81	5-9-81	26-12-81
ग	6-12-80	30-5-81	5-9-81	27-2-82

अनुसूची :—

पंजाब राज्य में

"(i) होशियारपुर के नगरपालिका की सीमाएं, जिसमें नलोइन (हद बस्त नं० 225) होशियारपुर (हद बस्त नं० 226), बासी खवाजु (हद बस्त नं० 227), चोली (हद बस्त नं० 228), बासी जाना (हद बस्त नं० 229), खवासपुर (हद बस्त नं० 246), प्रेम गढ़ (हद बस्त नं० 247), दारापुर (हद बस्त नं० 248), सोतेहारी (हद बस्त नं० 249), सिखलियान (हद बस्त नं०

357), बहादुरपुर (हद बस्त नं० 358), सुखियाबाद (हद बस्त नं० 359), सालबारा (हद बस्त नं० 360) के राजस्व ग्राम सम्मिलित है तथा

(ii) जिला होशियारपुर के चोहल (हद बस्त नं० नं० 494) का राजस्व ग्राम।"

सं० एन० 15/13/11/2/76-यो० एवं वि० (2)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 7 दिसम्बर, 1980 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम, 95-क तथा पंजाब कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1953 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ पंजाब राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किये जायेंगे :—

अर्थात्

"(i) होशियारपुर के नगरपालिका की सीमाएं, जिसमें नलोइन (हद बस्त नं० 225), होशियारपुर (हद बस्त नं० 226), बासी खवाजु (हद बस्त नं० 227), चोली (हद बस्त नं० 228), बासी जाना (हद बस्त नं० 229), खवासपुर (हद बस्त नं० 246), प्रेम गढ़ (हद बस्त नं० 247), दारापुर (हद बस्त नं० 248), सोंतहारी (हद बस्त नं० 249), सिखलियान (हद बस्त नं० 357), बहादुरपुर (हद बस्त नं० 358), सुखियाबाद (हद बस्त नं० 359), सालबरा (हद बस्त नं० 360), के राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं तथा

(ii) जिला होशियारपुर के चोहल (हद बस्त नं० 494), का राजस्व ग्राम।"

सं० एन०-15/13/7/3/76-(1)-यो० एवं० वि०—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 5 के उपविनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक ने निश्चय किया है कि निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में वर्ग "क", "ख" तथा "ग" के लिए प्रथम अंशदान एवं प्रथम लाभ अवधियां नियत दिवस 6-12-1980 की मध्य रात्रि को बीमा योग्य रोजगार में लगे व्यक्तियों के लिए प्रारंभ व समाप्त होगी जैसा कि निम्न सूची में दिया गया है :—

वर्ग	प्रथम अंशदान अवधि		प्रथम लाभ अवधि	
	जिस मध्य रात्रि को प्रारंभ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है	जिस मध्य रात्रि को प्रारंभ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है
क	6-12-80	31-1-81	5-9-81	31-10-81
ख	6-12-80	28-3-81	5-9-81	26-12-81
ग	6-12-80	30-5-81	5-9-81	27-2-81

अनुसूची :—कर्नाटक राज्य में

1. (क) बीजापुर के नगरपालिका सीमाओं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र और

(ख) जिला तथा ताल्लुक बीजापुर के महल बागपात व भुतनाल के राजस्व ग्रामों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र।

सं० एन० 15/13/7/3/76-यो० एवं० वि० (2)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 7-12-80 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा राज्य कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1958 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ कर्नाटक राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किये जायेंगे :—

अर्थात्

1. (क) बीजापुर के नगरपालिका सीमाओं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र और

(ख) जिला तथा ताल्लुक बीजापुर के महल बागपात व भुतनाल के राजस्व ग्रामों के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र।

फकीर चन्द,
निदेशक (योजना एवं विकास)

गुजरात प्रादेशिक कार्यालय

अहमदाबाद-14, दिनांक 10 दिसम्बर 1980

सं० : जी०/ए०डी०एम०/227(कोनस्टी)/79—संदर्भ स्थानीय समिति ई० एस० आई० सी० पेटलाद संबंधित इस कार्यालय की सम-संख्यक अधिसूचना दिनांक 28-2-1980 भारत सरकार के राजपत्र क्रमांक: 15, दिनांक 12-4-80 भाग III—खण्ड 4 की पृष्ठ संख्या 1267 एवं 1270 पर प्रकाशित—के क्रम 5 पर अंकित "शक्तिप्रसाद पी० झाला" के स्थान पर "श्री पी० सी० पटेल, द्वारा श्री व्रजेश टेक्सटाईल मिल्स प्रा० लि०, स्टेशन रोड, पेटलाद: 388450।" पढ़ा जाय। अध्यक्ष, क्षेत्रीय मण्डल, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, गुजरात ने श्री शक्तिप्रसाद पी० झाला को कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) अधिनियमन-1950 के विनियमन 10-अ(4)(ii) के अन्तर्गत स्थानीय समिति पेटलाद की सदस्यता से वंचित घोषित कर दिया है।

आज्ञा से
जगदीश सिंह ग्रेवाल
प्रादेशिक निदेशक एवं
मंत्री गुजरात प्रादेशक मण्डल, कर्मचारी
राज्य बीमा निगम, अहमदाबाद-14

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम

नई दिल्ली, दिनांक 3 दिसम्बर 1980

सं० रा० स० वि० नि० 1-1/78-प्रशा०—भारत के राजपत्र सं० 9, भाग III—खंड 4, दिनांक 3 मार्च, 1979, में प्रकाशित

अधिसूचना सं० रा० स० वि० नि० 1-1(III)/78-प्रशा०, दिनांक 16 फरवरी, 1979 के कालम 6 के अधीन वाणिज्यिक कलाकार से संबंधित प्रविष्टियां (सीधी भर्ती के लिए शैक्षिक और अन्य योग्यताएं) निम्नानुसार प्रतिस्थापित की जाएं :—

आवश्यक :

(1) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से वाणिज्यिक कला/ललित कलाओं में डिप्लोमा।

(2) केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्ध-सरकारी संस्था/सार्वजनिक पत्रम तथा विख्यात विज्ञापन एजेंसियां के प्रचार विभाग में वाणिज्यिक कलाकर के रूप में ललित कलाओं में कलाकार के रूप में 5 वर्ष का अनुभव।

वांछनीय :—

फोटोग्राफी की जानकारी।

यह संशोधन 22 सितम्बर, 1980 से प्रभावी होंगे।

कंवरजीत सिंह भाटिया,
महाप्रबन्धक

भारतीय डाक-तार विभाग

डाक-तार महानिदेशक का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक दिसम्बर 1980

सूचना

सं० 25/80-एल० आई०—निम्नलिखित डाक जीवन बीमा पालिसिया विभाग के संरक्षण से गुम हो गई हैं। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसियों का भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक जीवन बीमा, कलकत्ता को बीमेदारों के नाम पालिसियों की दूसरी प्रति जारी करने के लिए प्राधिकृत कर दिया गया है। जनता को सावधान किया जाता है कि मूल पालिसियों के संबंध में कोई लेन-देन न करे :—

क्र० सं०	पालिसी नं०	बीमेदार का नाम	राशि
1.	339290-पी दिनांक 2-5-1978	श्रीमती पी० चेलामल	रु० 5000/-

रा० किशोर,
उप महानिदेशक (डाक जीवन बीमा)

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक दिसम्बर 1980

सा० का० नि०—केन्द्रीय बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 5 घ की उप-धारा (7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन पर कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ एवं सेवा शर्तें) अधिनियम 1962 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इस विनियम का संक्षिप्त नाम कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ एवं सेवा शर्तें) संशोधित अधिनियम, 1980 है।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होगा।

2. कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ एमं सेवा शर्तें) अधिनियम, 1962 की तीसरी अनुसूची के पैरा 3 के नीचे सारणी में :—

(क) प्रतियोगी परीक्षा (लेखा सेवा परीक्षा भाग-I) के आधार पर 50 प्रतिशत परीक्षा कोटा के विरुद्ध पदोन्नति किये जाने वाले अधीक्षक (मुख्यालय) पद से संबंधित क्रम सं० 1 के सामने :—

(1) प्रधान लिपिक (क्षेत्रीय कार्यालय) आशुलिपिक (वरिष्ठ) मूख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालियों सहायक (मुख्यालय) तथा कनिष्ठ तकनीकी सहायक (मुख्यालय) पद पर "3 वर्ष का अनुभव रखता हो और होने वाली परीक्षा के वित्तीय वर्ष के पहले दिन 45 वर्ष की आयु से अधिक न हो के अध्यधीन" **शब्द के स्थान पर,** शब्द "दो वर्ष का अनुभव रखता हो और होने वाली परीक्षा वर्ष के जनवरी के पहले दिन तक 45 वर्ष से अधिक आयु का न हो परन्तु यह तब जबकि एक कलेन्डर वर्ष में दो परीक्षाएं हों दूसरी परीक्षा की निर्णायक तारीख होने वाली दूसरी परीक्षा वर्ष के जुलाई के पहले दिन से अध्यधीन" **प्रतिस्थापित किया जाये।**

(2) प्रवर लिपिक (मुख्यालय क्षेत्रीय कार्यालय), आशुलिपिक (कनिष्ठ) मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय तथा अवर लिपिक, स्टेनो टाइपिस्ट, टेलीफोन और टैलेक्स आपरेटर "के पद पर 10 वर्ष का अनुभव तथा होने वाली परीक्षा वित्तीय वर्ष के पहले दिन 45 वर्ष की आयु से अधिक न हो के अध्याधीन" **शब्द के स्थान पर।** "5 वर्ष का अनुभव तथा होने वाली परीक्षा वर्ष की जनवरी के पहले दिन 45 वर्ष की आयु से अधिक न हो परन्तु यह तब जबकि एक कलेण्डर वर्ष में दो परीक्षाएं हों दूसरी परीक्षा की निर्णायक तारीख होने वाली दूसरी परीक्षा वर्ष के जुलाई के पहले दिन से अध्यधीन" प्रतिस्थापति किया जाये।

(ख) प्रतियोगिता परीक्षा (लेखा सेवा परीक्षा भाग-I) के आधार पर 50 प्रतिशत परीक्षा कोटा के विरुद्ध पदोन्नति किये जाने वाले भविष्य निधि निरीक्षक (ग्रेड-II) के पद से संबंधित क्रम सं० 2 के सामने :—

(1) प्रधान लिपिक मशीन आपरेटर (क्षेत्रीय कार्यालय) आशुलिपिक वरिष्ठ (मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों) सहायक (मुख्यालय) और कनिष्ठ तकनीकी

सहायक (मुख्यालय) पद पर "तीन वर्ष का अनुभव और होने वाली परीक्षा के वित्तीय वर्ष के पहले दिन 45 वर्ष की आयु से अधिक न हो के अध्यधीन" **शब्द के स्थान पर**, शब्द । "दो वर्ष का अनुभव और होने वाली परीक्षा वर्ष के जनवरी के पहले दिन तक 45 वर्ष की आयु से अधिक न हो परन्तु यह तब जबकि एक कलेण्डर वर्ष में दो परीक्षाएं हों दूसरी परीक्षा की निर्णायक तारीख होने वाली दूसरी परीक्षा वर्ष की जुलाई के पहले दिन से अध्याधीन" **प्रतिस्थापित किया जाये**।

(2) प्रवर लिपिक (मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों) आशुलिपिक (कनिष्ठ) (मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों) प्रवर लिपिक (साथ में स्टेनोटाइपिस्ट, टेलीफोन एवं टेलेक्स आपरेटर) के पद पर "10 वर्ष का अनुभव तथा होने वाली परीक्षा वित्तीय वर्ष के पहले दिन 45 वर्ष की आयु से अधिक न हो के अध्यधीन" **शब्द के स्थान पर**, शब्द । "5 वर्ष का अनुभव तथा होने वाली परीक्षा वर्ष के जनवरी के पहले दिन 45 वर्ष की आयु से अधिक न हो परन्तु यह तब जबकि एक कलेण्डर वर्ष में दो परीक्षाएं हों दूसरी परीक्षा की निर्णायक तारीख होने वाली दूसरी परीक्षा वर्ष के जुलाई के पहले दिन से अध्यधीन" **प्रतिस्थापित किया जाये**।

लक्ष्मीधर मिश्र,
केन्द्रीय भविष्यनिधि आयुक्त

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

32वीं वार्षिक रिपोर्ट

जून 30, 1980

सूचना

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, नई दिल्ली

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अंशधारियों (शेयर होल्डरों) की बत्तीसवीं वार्षिक महासभा, मंगलवार, दिनांक 30 सितम्बर, 1980 को सायं 4.00 बजे (मानक समय) होटल इम्पीरियल, जनपथ, नई दिल्ली में होगी, जिसमें निम्नलिखित विषयों पर कार्यवाही की जाएगी :—

(1) 30 जून, 1980 को समाप्त हुए वर्ष को निगम का तुलन-पत्र तथा लाभ-हानि लेखे का पठन एवं उन पर विचार करना तथा निगम के कार्य के सम्बन्ध में बोर्ड की रिपोर्ट तथा उक्त तुलन-पत्र और लेखों के सम्बन्ध में लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करना ।

(2) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (3) में उल्लिखित पार्टियों, अर्थात् अनुसूचित बैंकों, बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों और ऐसे ही अन्य वित्तीय संस्थाओं तथा सहकारी बैंकों द्वारा मैसर्स रे एण्ड रे, सनदी लेखापाल, कलकत्ता के स्थान पर कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का पहला) की धारा 226 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत कम्पनियों के लेखा-परीक्षक के रूप में कार्य करने के लिए विधिवत् अर्हता प्राप्त एक लेखा-परीक्षक को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34 के अन्तर्गत चुनना, जो इस वर्ष के अन्त में कार्य-निवृत्त हुए हैं पर वे फिर से चुने जाने के पात्र हैं।

डी० एन० डावर,
महाप्रबन्धक

14 जुलाई, 1980

सूचना

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, नई दिल्ली

दिनांक 14 जुलाई, 1980 की अधिसूचना सं० 2/80 के आंशिक संशोधन में एतद्द्वारा अधिसूचित किया है जाता कि निगम के शेयरधारियों की मंगलवार, 30 सितम्बर, 1980 को 4.00 बजे सायं (मानक समय) होटल इम्पीरियल, जनपथ, नई दिल्ली में होने वाली 32वीं वार्षिक महासभा में निम्नलिखित अतिरिक्त विषय पर भी कार्यवाही की जाएगी :—

श्री जे० आर० जोशी के त्यागपत्र के कारण हुई आकस्मिक रिक्ति में, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 की उप-धारा (1) के खण्ड (घ) में उल्लिखित शेयरधारियों, अर्थात् बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों और ऐसे ही अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक संचालक का चुनाव करना। इस प्रकार चुना गया संचालक, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 11 की उप-धारा (3) की शर्तों के अधीन श्री जोशी की पदावधि के शेष भाग, अर्थात् 25 सितम्बर, 1981 तक पदासीन रहेगा।

डी० एन० डावर,
महाप्रबन्धक

26 अगस्त, 1980

संचालक बोर्ड

बी० बी० सिंह
अध्यक्ष

एन० आर० रंगनाथन
बी० राय
केन्द्रीय सरकार द्वारा नामित

एम० आर० बी० पुंजा
जे० सी० सन्देसारा
एस० के० दत्ता
(रिक्त)
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित

ओ० पी० गुप्ता
पी० सी० डी० नाम्बियार
अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित

जी० वी० कपाड़िया
(रिक्त)
बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों और ऐसे ही अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित

एन० एस० सपकल
जे० यू० पटेल
सरकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित

बैंकर्स

भारतीय रिजर्व बैंक

लेखा-परीक्षक

मैसर्स रे एण्ड रे
सनदी लेखापाल

मैसर्स बी० एल० अजमेरा एण्ड कम्पनी,
सनदी लेखापाल

सलाहकारी समितियां

रसायन प्रक्रिया और समवर्गीय उद्योग

बी० बी० सिंह, अध्यक्ष
जे० यू० पटेल
ओ० पी० गुप्ता
जी० वी० कपाड़िया
एस० एस० सचदेवा
डी० जी० राव
एस० एल० कपूर
पी० के० सन्याल
एन० सी० राव
डी० के० राय
जे० पी० कपूर
डी० एम० त्रिवेदी

वस्त्र

बी० बी० सिंह, अध्यक्ष
जे० यू० पटेल
जे० सी० सन्देसारा
एस० के० दत्ता
एम० डी० जोशी
एस० एस० प्रधान
एच० रामाकृष्णाराव
आई० बी० दत्त
एच० पी० भट्टाचार्य
आई० सी० शाह
ए० के० मंसाली
पी० सी० मेहता
एस० एस० छापड़िया

होटल

बी० बी० सिंह, अध्यक्ष
ओ० पी० गुप्ता
जी० वी० कपाड़िया
सी० बी० जैन
कुमारी अंजनी मेहता
एस० आर० रत्नाकर
कुमारी थंगम ई० फिलिप
पेसी एम० शॉ
एस० एन० चिब
पी० आनन्द राव
सी० एल० शर्मा

इंजीनियरिंग

बी० बी० सिंह, अध्यक्ष
जे० सी० सन्देसारा
एस० के० दत्ता
हरि भूषण
के० एन० रामास्वामी
एस० आर० टाटा
के० वी० सरदेसाई
पी० सेन
के० बी० राव
बी० रामाचन्द्रन
चन्द्र मोहन
एस० एम० पाटिल
बी० एन० खोसला

चीनी

बी० बी० सिंह, अध्यक्ष
जे० यू० पटेल
जे० सी० सन्देसारा
एन० एस० सपकल
सी० एन० राघवन
डी० श्रीधरन
एम० डी० जोशी
एन० ए० रमैया
के० जे० एस० भाटिया
जे० पी० मुखर्जी
एम० लक्ष्मीकान्तम
ए० एल० एन० मूर्ति
डी० के० पटेल

पटसन

बी० बी० सिंह, अध्यक्ष
जे० सी० सन्देसारा
एस० के० दत्ता
आर० एन० चक्रवर्ती
एस० के० सरकार
जी० सी० अय्यर
के० मार्गबन्धु
सी० टी० दास
एल० एम० राय
के० के० बजोरिया
एस० के० भट्टाचार्य
एस० सरकार

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के बारे में संक्षेप में

निर्गमन और प्रयोजन

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की स्थापना संसद के अधिनियम के अन्तर्गत 1948 में हुई। इसका उद्देश्य भारत में औद्योगिक संस्थाओं को मध्यम और दीर्घकालीन वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

पूंजी

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की अधिकृत राशि 20 करोड़ रुपये है। 15 करोड़ रुपये की प्रदत्त पूंजी का 50 प्रतिशत भाग भारतीय औद्योगिक विकास बैंक तथा शेष 50 प्रतिशत अनुसूचित बैंकों, सहकारी बैंकों, बीमा संस्थाओं और निवेश-न्यासों आदि के द्वारा लगाया गया है।

प्रबन्ध

संचालक बोर्ड में एक पूर्णकालिक (होल टाइम) अध्यक्ष और बारह संचालक हैं। अध्यक्ष की नियुक्ति भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से परामर्श करके केन्द्रीय सरकार द्वारा की जाती है। दो संचालक केन्द्रीय सरकार तथा चार संचालक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित किए जाते हैं। छः संचालक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न अंशधारियों द्वारा चुने जाते हैं।

कार्य और उधार नीतियां

भारत में पंजीकृत ऐसी कोई भी लिमिटेड कम्पनी या सहकारी समिति, जो माल के निर्माण, परिरक्षण या अभिसंस्कार (प्रोसेसिंग) में अथवा नौपरिवहन, खनन या होटल उद्योग में अथवा बिजली या अन्य किसी प्रकार की शक्ति के जनन या वितरण में लगी हुई हो या लगने का विचार करती है, निगम से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के पात्र है। तीनों क्षेत्रों, अर्थात् सरकारी, निजी और संयुक्त की औद्योगिक परियोजनाएं समान आधार पर निगम से सहायता प्राप्त करने की पात्र हैं।

यह सहायता विभिन्न रूप में हो सकती है, जैसे रुपये और विदेशी मुद्रा का दीर्घकालीन ऋण, जारी किए गए साधारण (इक्विटी) और अधिमान शेयरों या डिबेंचरों की हामीदारी (अंडर राइटिंग), साधारण, अधिमान और डिबेंचर पूंजी का अभि-दान, विदेशों से आयात की गई या भारत में खरीदी गई मशीनरी के लिए आस्थगित (डेफर्ड पेमेन्ट) गारंटी और विदेशी वित्तीय संस्थानों से विदेशी मुद्रा के रूप में लिए गए ऋणों की गारंटी ।

निगम के द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता का उद्देश्य नई औद्योगिक परियोजनाएं स्थापित करना और वर्तमान परियोजनाओं का नवीनीकरण, आधुनिकीकरण, विस्तार या विशाखन (डाइवर्सिफिकेशन) करना है।

केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित कम विकसित राज्यों/केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में औद्योगिक परियोजनाएं लगाने के लिए वित्तीय सहायता रियायती दर पर उपलब्ध है।

प्रवर्तन कार्य

निगम ने विभिन्न प्रवर्तन कार्यों को अपने हाथ में लिया है। इस प्रकार के कार्यों का वित्तपोषण दातव्य आरक्षित निधि और सरकार द्वारा आबंटित ब्याज अन्य अन्तर निधियों से किया जाता है।

निधियों के स्रोत

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की निधियों के मुख्य स्रोत इसकी अपनी पूंजी, संचित आय, दिए गए ऋणों की वापसी और निवेशों की बिक्री के अतिरिक्त बांड जारी करके बाजार से रुपया उधार लेना और केन्द्रीय सरकार से ऋण लेना एवं विदेशी ऋण हैं।

कार्यों का संक्षिप्त विवरण

(रुपये करोड़ों में)

	1978–79			1979–80			1948–80		30 जून, 1980 को बकाया रकम
	मंजूरियां		संवितरित रकम	मंजूरियां		संवितरित रकम	मंजूर की गई रकम	संवितरित	
	संख्या	रकम		संख्या	रकम				
ऋण									
रुपया	171	131.63	62.76	188	125.29	82.78	819.76	603.14	418.13
विदेशी मुद्रा	25	11.83	4.12	28	15.16	7.91	95.03	70.51	24.72
जोड़	196	143.46	66.88	216	140.45	90.69	914.79	673.65	442.85
हामीदारियां									
साधारण शेयर	39	9.41	2.22	37	7.38	1.73	48.69	19.44	16.37
अधिमान शेयर	2	0.45	0.30	1	0.10	—	10.66	8.17	4.83
डिबेंचर	1	0.75	—	2	1.12	—	12.63	8.92	0.84
जोड़	42	10.61	2.52	40	8.60	1.73	71.08	36.53	22.04
प्रत्यक्ष अभिदान									
साधारण शेयर	4	0.20	0.59	11	0.58	0.47	5.70	4.39	8.53*
अधिमान शेयर	—	—	0.02	—	—	—	0.32	0.32	0.84*
डिबेंचर	1	0.02	0.02	1	0.04	0.04	1.88	1.88	0.06
जोड़	5	0.22	0.63	12	0.62	0.51	7.90	6.59	9.43
आरंटियां									
आस्थगित अदायगियों के लिए	—	—	—	1	0.14	—	28.96	28.76	0.45
विदेशी ऋणों के लिए	—	—	0.20	—	—	—	23.61	23.53	0.08
जोड़	—	—	0.20	1	0.14	—	52.57	52.29	0.53
कुल जोड़	243†	154.29	70.23	269‡	149.81	92.93	1047.24	769.06	474.85

*इनमें 5 संस्थाओं के 0.87 करोड़ रुपये के बकाया ऋणों का भाग (अतिदेय ब्याज, आदि) सम्मिलित है जिन्हें शेयरों में बदला गया, तथा 3 संस्थाओं के 0.18 करोड़ रुपये के संपरिवर्तनीय डिबेंचर सम्मिलित है जिन्हें साधारण शेयरों में बदल दिया गया और 39 संस्थाओं के 3.85 करोड़ रुपये की बकाया ऋण राशि भी सम्मिलित है, जिसमें ऋण मंजूर करने समय संपरिवर्तन के अधिकार से संबंधित शर्त लगाई गई थी।

†ये मंजूरियां 177 संस्थाओं को मंजूर की गईं।

‡ये मंजूरियां 202 संस्थाओं को मंजूर की गईं।

सहायता का प्रसार

30 जून, 1980 को

उद्योग	मंजूर राशि (रोकड़ रुपये)	परियोजनाओं की संख्या	राज्य/क्षेत्र	मंजूर राशि (करोड़ रुपये)	परियोजनाओं की संख्या
रसायन					
मूल रसायन	77.44	68	आन्ध्र प्रदेश	78.41	101
उर्वरक व कीटनाशक	53.11	19	असम	11.31	11
कृत्रिम रेशे व रेसिन्ज	39.30	35	बिहार	42.59	49
अन्य रसायन	16.97	42	गुजरात	91.01	112
	———		हरियाणा	33.45	56
	186.82		हिमाचल प्रदेश	4.00	10
	———		जम्मू और काश्मीर	2.38	6
			कर्नाटक	89.61	99
वस्त्र	167.24	266	केरल	39.41	39
चीनी :			मध्य प्रदेश	30.65	32
सहकारिताएं	132.51	129	महाराष्ट्र	196.41	251
अन्य	31.72	47	मेघालय	2.84	2
	———		नागालैंड	0.50	1
	164.23		उड़ीसा	22.60	25
	———		पंजाब	31.29	42
सीमेंट	81.76	56	राजस्थान	45.59	42
कागज	81.62	71	तमिलनाडु	112.94	113
लोहा व इस्पात	65.80	85	त्रिपुरा	0.80	1
मशीनरी	45.11	86	उत्तर प्रदेश	115.00	126
परिवहन उपस्कर	36.13	49	पश्चिमी बंगाल	78.87	126
अलौह धातुएं	35.06	23	अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह	0.39	1
बिजली मशीनरी व उपस्कर	30.01	58	दिल्ली	9.30	11
रबर उत्पाद	26.89	22	गोआ	6.24	6
बिजली व गैस	24.63	11	पांडिचेरी	1.65	3
धातु उत्पाद	19.00	44			
पटसन उत्पाद	16.39	25			
होटल	14.42	29			
अन्य	52.13	100			
जोड़	1047.24	1265	जोड़	1047.24	1265

वित्तीय सार

30 जून, 1980 को

	करोड़ रुपये	अमरीकी डालर के बराबर* (दस लाख में)
पूंजी तथा रिजर्व		
अधिकृत पूंजी	20.00	25.41
प्रदत्त पूंजी	15.00	19.06
रिजर्व	32.18	40.89
प्रदत्त पूंजी और रिजर्व	47.18	59.95
उधार		
बांड	378.28	480.66
विदेशी वित्तीय संस्थाओं से	21.96	27.90
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से	23.50	29.86
सरकार से		
के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों के ब्याज से अन्तरजन्य निधियों के अधीन	3.03	3.85
अन्य ऋण	29.04	36.90
कुल उधार	455.81	579.17
आय 1979-80		
सकल आय	39.77	50.53
कराधान से पहले सकल लाभ	10.18	12.94
कराधान के लिए व्यवस्था	5.39	6.85
निवल लाभ	4.69	6.09
अधिलाभांश	0.94	1.19

*रुपये का संपरिवर्तन 7.87 रु० प्रति डालर की दर से किया गया।

वर्ष की समीक्षा

संचालक बोर्ड, 30 जून, 1980 को समाप्त हुए वर्ष के लिए परीक्षित लेखा विवरण के साथ निगम के कार्य संचालन के के बारे में अपनी बत्तीसवीं रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

2. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय तनाव की स्थिति में रही है। कृषि उत्पादन में लगभग दस प्रतिशत की कमी हुई; औद्योगिक उत्पादन में लगभग एक प्रतिशत की दर से सीमान्त ह्रास हुआ। मुद्रा स्फीति दबाव में भी कोई कमी नहीं हुई। देश के कई भागों में भयंकर सूखे के कारण घटनाओं की श्रृंखला आरम्भ हो गई जिसमें रेल परिवहन में गम्भीर अड़चनें, बिजली की कमी, अवरुद्ध कोयला उत्पादन शामिल हैं, जिनसे अन्ततः बहुत ही जटिल एवं कठिन स्थिति उत्पन्न हो गई। देश के विभिन्न भागों में अपेक्षाकृत अशान्त औद्योगिक सम्बन्धों से औद्योगिक उत्पादन पर दुष्प्रभाव पड़ा। कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि से भुगतान शेष की स्थिति पर भी भारी दबाव पड़ा। कच्चे तेल और पैट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि का प्रभाव स्वभावतः विस्तृत रूप से पड़ा जिससे परिवहन लागत और तेल-उत्पादों को कच्चे माल के रूप में प्रयोग करने वाले उद्योगों की उत्पादन लागत में वृद्धि हुई। फिर भी, खाद्यों के पर्याप्त सुरक्षित भण्डारों और विदेशी मुद्रा निधियों का प्रभावशाली प्रयोग राहतपूर्ण लक्षण रहा है।

उक्त पृष्ठभूमि में उद्योगों की बढ़ती हुई रुग्णता, अत्यधिक चिन्ता का विषय रही है। इस समस्या का सामना करने में संबंधित संस्थाओं का सामान्य दृष्टिकोण, एकीकृत, समन्वित और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आई० डी० बी० आई०) के नेतृत्व में कार्योन्मुख पुनरुत्थान/पुनर्स्थापन कार्यक्रमों में भाग लेना रहा है।

सरकार ने, अर्थव्यवस्था के कुछ उपरिलिखित तनावों को कम करने के लिए सशक्त उपाय अपनाए हैं। मुख्य रूप से प्रयास यह रहा है कि और अधिक समन्वय, निरीक्षण और क्षमता का और अधिक कुशल उपयोग सुनिश्चित करके ऊर्जा, परिवहन और कोयला जैसे मुख्य औद्योगिक कच्चे माल की अल्पावधि में उपलब्धता में सुधार लाया जाए। साथ ही साथ, मध्यम अवधि नीति योजना के रूप में सरकार ने भी एक प्रगति-उन्मुख औद्योगिक नीति की हाल ही में घोषणा की है। आशा है कि सरकार द्वारा अपनाए जा रहे उपायों और अच्छे मानसून की संभावना से देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में सहायता मिलेगी।

वर्ष के दौरान कार्यों की समीक्षा

3. निगम में, वर्ष 1979-80 के दौरान 237 परियोजनाओं को 150.58 करोड़ रुपये की सकल वित्तीय सहायता मंजूर की, जोकि पिछले वर्ष 215 परियोजनाओं को 154.77 करोड़ रुपये थी। 0.77 करोड़ रुपये की रद्द की गई मंजूरियों का समायोजन करने के पश्चात् 237 परियोजनाओं को 149.81 करोड़ रुपये की निवल वित्तीय सहायता मंजूर की गई। यह 1978-79 में 214 परियोजनाओं को मंजूर की गई 154.29 करोड़ रुपये की निवल वित्तीय सहायता से मामूली कम थी।

4. 1979-80 में संवितरण 92.93 करोड़ रुपये के थे, जो पिछले वर्ष के संवितरणों से लगभग 32.3 प्रतिशत अधिक थे।

5. वर्ष के दौरान जिन परियोजनाओं को सहायता दी गई, उनके संक्षिप्त विवरण सहित मंजूर सहायता का ब्यौरा रिपोर्ट के परिशिष्ट "क" में दिया गया है। वर्ष के दौरान किए गए निगम के कार्यों की प्रमुख बातें निम्नलिखित अवतरणों में दी गई हैं:

निवल वित्तीय सहायता की संकाय-वार मंजूरी से स्पष्ट है कि रुपया ऋण की राशि 125.29 करोड़ रुपये थी, जबकि हामीदारियां और प्रत्यक्ष अभिदान 9.22 करोड़ रुपये तथा विदेशी मुद्राओं में उप-ऋण की मंजूरियां 15.16 करोड़ रुपये की रहीं। विदेशी मुद्रा ऋणों के लिए 0.14 करोड़ रुपये की गारंटियां जारी की गईं। वर्ष के दौरान 92.93 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का संवितरण हुआ, जिसमें से रुपया ऋण में 82.78 करोड़ रुपये, विदेशी मुद्रा ऋणों में 7.91 करोड़ रुपये और हामीदारियों एवं प्रत्यक्ष अभिदानों में 2.24 करोड़ रुपये थे।

उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले उद्योगों और अन्य चुने हुए महत्वपूर्ण उद्योगों को वर्ष के दौरान निगम की सहायता का मुख्य भाग प्राप्त होता रहा, जो कुल मंजूर सहायता का 92.6 प्रतिशत रहा। उदाहरण के लिए, सूती वस्त्र उद्योग को कुल सहायता का 30.4 प्रतिशत और सीमेंट उद्योग को 13.5 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ। अन्य उच्च प्राथमिकता वाले उद्योग जैसे उर्वरक, कागज और कागज उत्पाद, चीनी, विद्युत, आदि को, कुल मंजूर सहायता का 48.7 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ।

परियोजना के प्रकार के अनुसार मंजूरियां

6. पिछले दो वर्षों के दौरान परियोजना के प्रकार के अनुसार मंजूर की गई सहायता का विवरण सारणी 1 में दिया गया है।

सारणी 1

1979-80 और 1978-79 के दौरान मंजूर की गई सहायता का परियोजना के प्रकार के अनुसार वर्गीकरण

(रुपये, करोड़ों में)

परियोजना का प्रकार	1979-80		1978-79	
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर सहायता	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर सहायता
नई परियोजनाएं	61	57.84	62	83.54
विस्तार/विशाखन	21	18.19	22	15.41
आधुनिकीकरण/नवीकरण, आदि	64	23.77	47	14.63
उप-जोड़	146	99.80	131	113.58
उदार ऋण योजना	91	50.01	83	40.71
जोड़	237	149.81	214	154.29

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मंजूर की गई सहायता के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 61 नई परियोजनाओं को 57.84 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जबकि 64 परियोजनाओं के आधुनिकीकरण/नवीकरण, आदि के लिए 23.77 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। 21 परियोजनाओं के विस्तार/विणाखन के लिए 18.19 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। यह देखा जाएगा कि कुल मंजूरियों का 38.6 प्रतिशत भाग नई परियोजनाओं के लिए था।

7. सहायता प्राप्त 61 नई परियोजनाओं में से 40, औद्योगिक रूप से कम विकसित क्षेत्रों में स्थित थीं और उन्हें 39.25 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। नई परियोजनाएं विविध प्रकार की थी और इनमें कागज, वस्त्र, लोहा व इस्पात, अलौह धातुएं, ऊनी निर्मितियां, विविध अधातु खनिज उत्पाद, औद्योगिक मशीनरी, कृत्रिम और मानव-निर्मित रेशे, धातु उत्पाद, मूल औद्योगिक रसायन, विविध रसायन, मोटर गाड़ियां और पुर्जे, नारियल जटा उत्पाद, बिजली मशीनरी और उपस्कर, आदि इकाइयां शामिल हैं। इन 61 नई परियोजनाओं में से 11 परियोजनाएं नये उद्यमकर्ताओं द्वारा लगाई जा रही हैं।

8. इस वर्ष में मंजूर की गई सहायता की प्रमुख विशेषता यह रही कि 5 करोड़ रुपये और उससे कम पूंजीगत लागत वाली परियोजनाओं को, नई परियोजनाओं को मंजूर की गई सहायता का 34.5 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ, जबकि 1978-79 में यह 23.8 प्रतिशत था। 10 करोड़ रुपये से अधिक पूंजीगत लागत वाली परियोजनाओं को मंजूर की गई सहायता, कुल मंजूर सहायता का 40.8 प्रतिशत भाग थी, जबकि पिछले वर्ष यह 66.0 प्रतिशत थी।

पिछले दो वर्षों के दौरान वित्तपोषित नई परियोजनाओं की पूंजीगत लागत की मात्रा के अनुसार वर्गीकरण सारणी 2 में दिया गया है।

सारणी 2

नई परियोजनाओं की पूंजीगत लागत की मात्रा के अनुसार वर्गीकरण—1979-80 और 1978-79

पूंजीगत लागत की मात्रा (लाख रुपये)	नई परियोजनाओं की संख्या		परियोजना लागत में प्रतिशत भाग		मंजूर सहायता (रुपये लाखों में)		मंजूर सहायता में प्रतिशत भाग	
	79-80	78-79	79-80	78-79	79-80	78-79	79-80	77-78
300 तक	17	22	6.6	5.0	708.71	814.39	12.3	9.8
301-400	6	7	4.0	3.0	388.35	440.36	6.7	5.3
401-500	11	10	11.3	5.6	898.52	730.25	15.5	8.7
501-1000	14	8	18.8	7.0	1426.32	852.26	24.7	10.2
1000 से ऊपर	13	15	59.3	79.4	2362.56	5516.37	40.8	66.0
जोड़	61	62	100.0	100.0	5784.46	8353.63	100.0	100.0

कम विकसित क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए मंजूर सहायता

9. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थित 104 परियोजनाओं को 68.97 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई, जो कुल सहायता का 46.0 प्रतिशत भाग थी, जबकि पिछले वर्ष यह 41.7 प्रतिशत थी। औद्योगिक रूप से अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में वित्तपोषित परियोजनाओं में से, 40 नई परियोजनाएं थीं, जिनमें 11 परियोजनाओं की पूंजीगत लागत 3.00 करोड़ रुपये से कम थी और 12 परियोजनाओं की पूंजीगत लागत 3.00 करोड़ रुपये और 5 करोड़ रुपये के बीच थी। शेष 17 परियोजनाओं में से प्रत्येक की पूंजीगत लागत 5 करोड़ रुपये से अधिक थी।

वित्तीय सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण

10. पिछले वर्ष की तरह, सहकारी क्षेत्र को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता कम रही। इसका मुख्य कारण यह था कि चीनी सहकारी उद्योग को प्रदान की जाने वाली निगम की वित्तीय सहायता अवरुद्ध रही, क्योंकि विशेषतया, उच्च लागत वाली नई इकाइयों की वित्तीय व्यावहार्यता, सरकार के विचाराधीन प्रोत्साहन-योजना को अन्तिम रूप न दिए जाने के कारण सन्देहास्पद स्थिति में थी। यद्यपि, वर्ष के दौरान किसी नए चीनी सहकारी उद्योग को वित्तीय सहायता नहीं दी गई, दो सहकारी चीनी कारखानों को उनकी विस्तार योजनाओं के लिए और दो अन्य को उनके विस्तार-व-आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। वस्त्र सहकारी उद्योग के मामले में, दो नई परियोजनाओं को वित्तीय सहायता मंजूर की गई; इसके अतिरिक्त तीन अन्य सहकारी मिलों को उनके विस्तार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

11. सहकारी क्षेत्र की परियोजनाओं को निगम की वित्तीय सहायता में पिछले वर्ष के मुकाबले वृद्धि हुई। सरकारी क्षेत्र की 33 परियोजनाओं को 25.19 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई, जबकि 1978-79 में ऐसी 23 परियोजनाओं को 20.73 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी। संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं को निगम की सहायता में मामूली वृद्धि हुई, यह 1978-79 की कुल मंजूरियों के 17.2 प्रतिशत से घट कर 1979-80 में 13.6 प्रतिशत रह गई। निजी निगमित क्षेत्र को प्रदान वित्तीय सहायता, लगभग पिछले वर्ष प्रदान की गई सहायता के बराबर रही। सारणी 3 में वर्ष के दौरान मंजूर की गई सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण दिया गया है।

सारणी 3

क्षेत्रवार मंजूर सहायता—1979-80 और 1978-79

(रुपये, करोड़ों में)

क्षेत्र	1979-80			1978-79		
	परियोजनाओं की संख्या	निवल मंजूर सहायता	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	निवल मंजूर सहायता	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
सहकारी क्षेत्र	9	4.34	2.9	9	4.72	3.1
संयुक्त क्षेत्र	26	20.42	13.6	28	26.57	17.2
सरकारी क्षेत्र	33	25.19	16.8	23	20.73	13.4
उप-जोड़	68	49.95	33.3	60	52.02	33.7
निजी निगमित क्षेत्र	169	99.86	66.7	154	202.27	66.3
जोड़	237	149.81	100.0	214	154.29	100.0

उद्योगवार मंजूरियां तथा संवितरण—1979-80

12. वर्ष के दौरान मंजूर तथा संवितरित की गई वित्तीय सहायता का उद्योगवार वर्गीकरण सारणी 4 में दिया गया है। रिपोर्ट में उद्योगवार सांख्यिकीय आंकड़े राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण, 1970 के अनुसार प्रस्तुत किए गए है।

सारणी 4

उद्योगवार मंजूरियां तथा संवितरण—1979-80

(रुपये, लाखों में)

उद्योग	मंजूरियां						संवितरण	
	परियोजनाओं की संख्या	ऋण	हामीदारियां/ प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटियां	जोड़	कुल मंजूरियों का प्रतिशत	राशि	कुल संवितरणों का प्रतिशत
सूती वस्त्र								
—सहकारी क्षेत्र	5	237.50	—	—	237.50	1.6	187.00	2.0
—निगमित क्षेत्र	73	4194.00	122.50	—	4316.50	28.8	1562.33	16.8
	78	4431.50	122.50	—	4554.00	30.4	1749.33	18.8

सारणी 4—क्रमश:

उद्योग	मंजूरियां						संवितरण	
	परियोजनाओं की संख्या	ऋण	हामीदारियां/गारंटियां प्रत्यक्ष अभिदान		जोड़	कुल मंजूरियों का प्रतिशत	राशि	कुल संवितरणों का प्रतिशत
रसायन तथा रसायन उत्पाद								
–मूल औद्योगिक रसायन	15	1142.49	174.01	13.65	1330.15	8.9	282.53	3.0
–कृत्रिम रेशे तथा रेसिंज	5	760.26	85.00	—	845.26	5.6	368.87	4.0
–उर्वरक	2	323.50	—	—	323.50	2.1	468.28	5.0
–कीटनाशक	2	92.99	21.40	—	114.39	0.8	14.80	0.2
–अन्य रसायन	7	349.90	32.00	—	381.90	2.5	100.00	1.1
	31	2669.14	312.41	13.65	2995.20	19.9	1234.48	13.3
सीमेंट	14	1904.82	122.50	—	2027.32	13.5	2077.05	22.3
कागज व कागज उत्पाद	24	1279.48	164.86	—	1444.34	9.6	971.72	10.5
लोहा व इस्पात	16	683.96	22.30	—	706.26	4.7	244.51	2.6
मशीनरी और उपस्कर	12	522.79	60.00	—	592.79	3.9	274.37	3.0
मोटर गाड़ियां और पुर्जे	5	463.75	27.50	—	491.25	3.3	246.58	2.7
चीनी								
–सहकारी क्षेत्र	4	197.00	—	—	197.00	1.3	140.95	1.5
–निगमित क्षेत्र	4	134.50	—	—	134.50	0.9	285.60	3.1
	8	331.50	—	—	331.50	2.2	426.55	4.6
धातु उत्पाद	4	297.22	30.00	—	327.22	2.2	48.44	0.5
बिजली	1	320.00	—	—	320.00	2.1	725.00	7.8
अलौह धातुएं	13	271.00	23.75	—	294.75	2.0	34.68	0.4
बिजली मशीनरी और उपकरण	8	264.73	21.33	—	286.06	1.9	279.23	3.0
विविध अधातु खनिज पदार्थ	5	166.50	8.75	—	175.25	1.2	104.57	1.1
कांच	3	126.19	—	—	126.19	0.8	220.26	2.4
मोटरसाइकिल स्कूटर व पुर्जे	3	84.50	—	—	84.50	0.6	45.25	0.5
रबर उत्पाद	4	72.50	1.00	—	73.50	0.5	134.22	1.4
ऊनी उत्पाद	3	66.00	5.00	—	71.00	0.5	—	—
लकड़ी उत्पाद	2	27.10	—	—	27.10	0.2	20.50	0.2
नारियलजपा उत्पाद	1	27.00	—	—	27.00	0.2	—	—
विविध खाद्य उत्पाद	1	23.07	—	—	23.07	0.2	178.48	1.9
खनन	1	12.50	—	—	12.50	0.1	35.00	0.4
होटल	—	—	—	—	—	—	92.23	1.0
विविध निर्माण उद्योग	—	—	—	—	—	—	66.40	0.7
पटसन उत्पाद	—	—	—	—	—	—	43.00	0.5
कृषि मशीनरी	—	—	—	—	—	—	20.00	0.2
चमड़ा उत्पाद	—	—	—	—	—	—	20.77	0.2
जोड़	237	14045.25	921.90	13.65	14980.80	100.0	9292.62	100.0

उदार ऋण योजना

13. वर्ष के दौरान मंजूर की गई सहायता का लगभग 33 प्रतिशत भाग उदार ऋण योजना के अधीन था। निगम ने इस योजना के अधीन 91 परियोजनाओं को 50.01 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की जो पिछले वर्ष से 9.30 करोड़ रुपये अधिक थी। पूंजी सूती वस्त्र उद्योग को इस योजना के अधीन दी गई कुल सहायता का 65.6 प्रतिशत तथा इंजीनियरिंग उद्योग को 24.4 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ। सीमेंट उद्योग का हिस्सा 7.3 प्रतिशत तथा चीनी उद्योग का 2.7 प्रतिशत रहा। राष्ट्रीय वस्त्र निगम के स्वामित्व व नियंत्रण में आने वाली ऐसी मिलों को, जो केवल पिछले वर्ष ही उदार ऋण योजना के अधीन वित्तीय सहायता का पात्र बनीं, उनकी 19 परियोजनाओं के लिये 12.45 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई।

12 राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र में स्थित परियोजनाओं ने इस योजना के अधीन सहायता का लाभ उठाया। इनमें से, पांच राज्यों, अर्थात् महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु को इस योजना के अधीन मंजूर की गई कुल सहायता का 83 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ। केवल महाराष्ट्र राज्य की परियोजनाओं को मंजूर की गई सहायता 18.78 करोड़ रुपये थी, जोकि कुल सहायता का लगभग 38 प्रतिशत भाग थी। इसका कारण यह है कि महाराष्ट्र में स्थित वस्त्र मिलों ने बड़ी संख्या में इस योजना के अधीन सहायता का लाभ उठाया। उदार ऋण योजना के अधीन मंजूर की गई वित्तीय सहायता का उद्योग-वार ब्योरा सारणी 5 में दिया गया है।

सारणी 5

उदार ऋण योजना के अधीन मंजूर वित्तीय सहायता—1979-80

(रुपये, करोड़ों में)

उद्योग	निगम द्वारा मंजूर की गई सहायता			
	परियोजनाओं की संख्या	राशि		
		दार शर्तों पर	सामान्य शर्तों पर	जोड़
चीनी	5	0.43	0.93	1.36
सूती वस्त्र	59	19.90	12.91	32.81
सीमेंट	5	0.84	2.82	3.66
इंजीनियरिंग	22	2.48	9.70	12.18
जोड़	91	23.65	26.36	50.01

राज्य-वार मंजूरियां और संवितरण—1979-80

14. वर्ष के दौरान राज्य-वार मंजूरियां और संवितरणों का विवरण सारणी 6 में दिया गया है। 15 राज्यों और तीन संघ राज्य क्षेत्रों को निगम की सहायता प्रदान की गई।

वर्ष के दौरान वित्त पोषित परियोजनाओं का आर्थिक योगदान

15. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम द्वारा वित्तपोषित 82 नई, विस्तार तथा विशाखन परियोजनाओं का आर्थिक योगदान सारणी 7 में दिखाया गया है। इसमें, परियोजना लागत में अति-व्यय के मामले और आधुनिकीकरण योजनायें, आदि शामिल नहीं हैं। सारणी से यह देखा जायेगा कि निगम की वित्तीय सहायता, विशेषतः चीनी, सूती वस्त्र, कागज और सीमेंट जैसे उपभोक्ता उद्योगों में अतिरिक्त क्षमता उत्पन्न करने में सहायक होगी। इन 82 परियोजनाओं की कुल पूंजीगत लागत 613.47 करोड़ रुपये होगी तथा संभावित उत्पादन का मूल्य 566.65 करोड़ रुपये होगा। इन परियोजनाओं के द्वारा 27,525 व्यक्तियों के लिये प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किये जाने की भी संभावना है। इस प्रकार सकल मूल्य का जोड़ 212.84 करोड़ रुपये होगा।

सारणी 6

आन्ध्र-वार मंजूरियां और संवितरण—1979–80

(रुपये, लाखों में)

राज्य/राज्य क्षेत्र	मंजूरियां							संवितरण	
	ऋण		हामीदारियां प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटियां	जोड़	कुल मंजूरियों का प्रतिशत	वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या	राशि	कुल संवितरणों का प्रतिशत
	सहकारी क्षेत्र	निगमित क्षेत्र							
आन्ध्र प्रदेश	20.00	860.70	113.61	13.65	1007.96	6.7	17	974.64	10.5
बिहार	—	296.83	76.00	—	372.83	2.5	8	160.71	1.7
गुजरात	42.50	1303.13	95.45	—	1441.08	9.6	26	1164.78	12.5
हरियाणा	—	360.00	38.50	—	398.50	2.6	7	245.89	2.7
हिमाचल प्रदेश	—	7.69	—	—	7.69	0.1	2	26.47	0.3
जम्मू और काश्मीर	—	—	—	—	—	—	—	73.75	0.8
कर्नाटक	—	2072.74	140.00	—	2212.74	14.8	20	868.77	9.3
केरल	—	542.50	—	—	542.50	3.6	8	165.09	1.8
मध्य प्रदेश	—	756.32	118.20	—	874.52	5.8	12	595.21	6.4
महाराष्ट्र	145.00	2611.80	50.58	—	2807.38	18.7	53	995.29	10.7
मेघालय	—	—	—	—	—	—	—	10.00	0.1
उड़ीसा	—	100.00	—	—	100.00	0.7	3	123.00	1.3
पंजाब	55.00	486.66	35.00	—	576.66	3.8	9	440.37	4.8
राजस्थान	70.00	526.90	57.00	—	653.90	4.4	13	828.28	8.9
तमिलनाडु	—	844.96	66.00	—	909.96	6.1	15	568.74	6.1
उत्तर प्रदेश	62.00	1951.50	76.50	—	2090.00	13.9	22	1054.34	11.4
पश्चिमी बंगाल	40.00	798.45	56.06	—	894.51	6.0	19	779.43	8.4
दिल्ली	—	23.07	—	—	23.07	0.2	1	180.86	1.9
गोवा	—	12.50	—	—	12.50	0.1	1	37.00	0.4
पाण्डिचेरी	—	55.00	—	—	55.00	0.4	1	—	—
जोड़	434.50	13610.75	921.90	13.65	14980.80	100.0	237	9292.62	100.0

सारणी 7

1979–80 के दौरान निगम द्वारा वित्तपोषित नई, विस्तार तथा विशाखन परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक अभिदान

(रुपये करोड़ों में)

उद्योग	परियोजनाओं की संख्या	कुल पूंजी लागत	पैदा किया जाने वाला प्रत्यक्ष रोजगार (संख्या)	उत्पादन का मूल्य	सकल मूल्य वृद्धि	प्रति वर्ष क्षमता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चीनी	2	5.27	50	5.05	1.00	20,255 टन चीनी।
सूती वस्त्र	17	64.60	10270	107.95	25.46	2,56,184 तकुये।
कागज और कागज उत्पाद	11	49.74	3295	45.56	17.51	75,775 टन कागज 3,000 टन इलैक्ट्रिकल इंसुलेशन बोर्ड और पहले से कम्प्रैस किये हुए पेपर बोर्ड और 150 लाख कागज और गत्ते की ढली हुई अण्डा ट्रे।

सारणी 7 (क्रमशः)

1	2	3	4	5	6	7
सीमेंट	6	186.26	2496	92.56	50.21	25.59 लाख टन सीमेंट× ।
रसायन और रसायन उत्पाद	14	109.79	2670	116.90	38.31	5,000 टन फैटी अलकोहल, 62,175 टन कास्टिक सोडा, 39,400 टन हाइड्रोलिक एसिड, 12,500 टन आक्सो-अलकोहल, 13,200 टन तरल क्लोरीन 26,000 टन अमोनियम क्लोराइड, 21,000 टन कैल्शियम कार्बाइड, 5,891 टन हाइड्रोजैनेटिड क्रूड/मिक्सड फैटी एसिड, 1,260 टन ग्लीसरीन, 6,000 टन हाइड्रोजेनेटिड केस्टर आयल, 2,880 टन टायलट साबुन 4,500 टन ऐसेटिक एसिड 15,000 टन औद्योगिक विस्फोटक, 5,000 टन साइड मिक्सड घोल विस्फोटक, 2,000 टन एलिफेटिक एमाइन्स, 1,000 टन तकनीकी ग्रेड फोसोलोन, 400 टन मेलाथिओन कीटनाशक, 320.76 लाख शीशियां, 53.46 लाखएम्पूल, 320.76 लाख केपस्यूल, जीवन रक्षक और अन्य औषधियों की 2886.84 लाख गोलियां तथा 50,000 टन अरण्डी बीज का अभिसंस्कार।
लोहा और इस्पात	3	6.11	614	8.20	3.14	2,650 टन मिश्रित धातु की ढलवां वस्तुयें तथा 1,200 टन शीतकृत परत चढ़ी पत्तियां ।
मशीनरी और पुज	4	28.03	1451	21.84	10.65	31 लाख एन्टीफिकशन बेयरिंग 1250 लाख बेयरिंग में उपयोग की जाने वाली सुइयां, 5 लाख ढांचे और असेम्बली, 300 रिंग स्पिनिंग ैर ट्विस्टिंग फ्रेम और 50 टन विशेष तथा बढ़िया किस्म के औजार।
बिजली मशीनरी	3	9.62	590	9.04	4.16	4,500 टन इंसुलेटर, 1160 लम्पफिलामेंट, डाटा प्रोसेसिंग यंत्र पर आधारित 250 माइक्रो-प्रोसेसर और 250 मैट्रिक्स प्रिटर्न्स।
अलौह धातुयें	7	58.97	867	70.70	30.32	तांबा आधारित 1050 टन मिश्रित धातु पत्तियां, 7001 टन एल्युमिनियम मिश्रित धातु, 13,760 टन एल्युमीनियम सिल्यिां, 10300 टन एल्युमिनियम रोल्ड उत्पाद।
अन्य उद्योग	15	95.08	5222	80.35	32.08	
जोड़	82	613.47	27525	566.65	212.84	

जिन मामलों में सहायता उदार ऋण योजना के अधीन मंजूर की गई, उनमें हुई सीमांत विस्तार क्षमता शामिल नहीं है।

संचालन गतिविधियां

उधार शर्तें

16. ब्याज की दर : वर्ष के दौरान, विभिन्न योजनाओं के अधीन ब्याज की दरों में, हामीदारियों और गारन्टियों आदि पर कमीशन की तरह कोई परिवर्तन नहीं हुआ। परन्तु, संस्थाओं ने निजी लिमिटेड तथा समीप रूप से धारित, जिनके शेयर किसी स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं हैं, कम्पनियों को मंजूर की गई सहायता के सम्बन्ध में उधार दरों से एक प्रतिशत वार्षिक अधिक अतिरिक्त ब्याज लेने का निर्णय किया है। अतिरिक्त ब्याज उस तारीख से लिया जाता है जिससे परियोजना के वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ करने की संभावना हो। वित्त अधिनियम, 1980 के अधीन संस्थानों और वाणिज्यिक बैंकों की ब्याज अन्य आय पर 7 प्रतिशत की दर से कर लगाने के कारण निगम सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने, ब्याज दर के प्रभार को समाविष्ट करने के लिये पहली जुलाई, 1980 से अपनी ब्याज दरों को उपयुक्त रूप से समायोजित कर लिया है। ब्याज की सामान्य दर अब 11.85 प्रतिशत वार्षिक है, जबकि पहले यह 11 प्रतिशत थी और अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थित तथा उदार ऋण योजना के अधीन आने वाली परियोजनाओं पर लागू ब्याज की दरें संशोधित करके 9.5 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत से क्रमशः 10.25 प्रतिशत वार्षिक और 8.10 प्रतिशत वार्षिक हो गई है।

17. ऋणों के लिये प्रतिभूति : अभी तक निगम, इसके द्वारा दी गई वित्तीय सहायता, उदार ऋण योजना के अधीन सहायता में विभिन्न को वर्तमान और भावी दोनों से स्थिर परिसम्पत्तियों के नियमित विधिक बन्धक द्वारा प्रतिरक्षित करता रहा है। निगम, उन मामलों में जिनमें (i) विद्यमान सुविधा पहले ही नियमित विधिक बन्धक द्वारा प्रतिरक्षित की जा चुकी हो, और (ii) जिन में संयुक्त वित्तपोषण के मामले में किसी एक संस्थान ने विधिक बन्ध स्वीकार कर लिया हो, समरूप बंधक स्वीकार कर रहा था। जैसा कि उदार ऋणों के मामले में किया जा रहा था, वित्तीय संस्थानों ने अब आस्थगित अदायगियों/विदेशी ऋणों के लिये गारंटियों की सुविधा के नियमित प्रतिभूति के रूप में समरूप बन्धक स्वीकार करने का निर्णय किया है।

उधार लेने वाली संस्थाओं द्वारा नियमित प्रतिभूति की व्यवस्था होने तक अन्तरिम उपाय के रूप में प्रदान किए जाने वाले पूरक ऋणों की प्रतिभूति के लिए अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान बैंक गारंटिकां लेते रहे हैं। दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाले वित्तीय संस्थानों और वाणिज्यिक बैंकों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिये भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त अन्तरसंस्थागत समूह (बुचर समिति के नाम से प्रख्यात) की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों को स्वीकार करने के परिणामस्वरूप अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने पूरक वित्त सहायता के वितरण के लिये बैंक गारंटियों का आग्रह न करने का निर्णय किया है। अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान अब, उदार ऋण योजना के मामले में अपनाई गई कार्य विधि के अनुरूप निम्नलिखित द्वारा पूरक ऋण संवितरित करते हैं।

(क) कम्पनी के नियंत्रक प्रवर्तकों/संचालकों की व्यक्तिगत गारंटियां;

(ख) वित्तीय संस्थानों के पक्ष में पूर्णतः प्रथम प्रभार या समरूप प्रभार, जैसा भी मामला हो, तथा सभी चल परिसम्पत्तियों पर चल प्रभार स्थापित करने की अनुमति देने के लिये कम्पनी की स्थिर परिसम्पत्तियों पर प्रभार धारण करने वाले बैंक (बैंकों) से सहमति पत्र;

(ग) मशीनरी और अन्य चल परिसम्पत्तियों की गिरवी ;

(घ) वित्तीय संस्थानों के पक्ष में स्थिर परिसम्पत्तियों का नकारात्मक स्वाभित्वाधिकार; और

(ङ) उधार लेने वाली संस्था का निगम के पक्ष में मांग वचन-पत्र।

18. रियायती वित्तपोषण की प्रयोज्यता : वित्तीय संस्थान, औद्योगिक रूप से अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थित परियोजनाओं को भी रियायती वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि संस्थान उल्लिखित पिछड़े हुए जिलों में स्थापित परियोजनाओं को इकाई वार आधार पर वर्तमान सीमा के भीतर रियायती सहायता प्रदान करेंगे, चाहे उसी राज्य या किसी अन्य राज्य में उसी प्रवर्तक/समूह की किसी अन्य इकाई को पहले ही रियायती शर्तों पर वित्तीय सहायता प्रदान की गई हो।

19. केन्द्रीय निवेश उप सहायता : केन्द्रीय सरकार ने स्पष्ट किया है कि व्यक्ति विशेष/कम्पनी/समूह/विधिक अस्तित्व, स्थिर परिसम्पत्तियों पर निवेश के 15 प्रतिशत के समकक्ष केन्द्रीय उप-सहायता के पात्र होंगे, लेकिन यह उप सहायता प्रत्येक इकाई के लिये इकाई वार आधार के अनुसार अधिकतम 15.00 लाख रुपये होगी, जो इकाइयां अन्तिम उत्पाद की विभिन्न श्रेणियों में लगी होंगी, चाहे ये इकाइयां कम विकसित क्षेत्र या राज्य के भीतर अलग अलग कम विकसित क्षेत्रों में स्थित हों।

साझा वित्तपोषण।

20. कार्य चालन के रूप में संयुक्ति वित्तपोषण से अखिल भारतीय वित्तीय स्थानों ने, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के तत्वाधान में समन्वित दृष्टिकोण अपनाया है। यह समवेय, संस्थानों के प्रमुख अधिकारियों की मासिक अन्तर-संस्थागत बैठकों तथा पाक्षिक वरिष्ठ अधिकारी बैठकों के माध्यम से स्थापित किया जाता है। वर्ष के दौरान, अन्तर-संस्थागत बैठकों तथा वरिष्ठ

अधिकारी बैठकों की भूमिकाओं की रूपरेखा पुनः निर्धारित की गई । वर्तमान व्यवस्था के अन्तर्गत, जबकि 2 करोड़ रुपये की पूंजीगत लागत वाली परियोजनाओं को राज्य-स्तर के वित्तीय संस्थाओं और बैंक (बैंकों) द्वारा, और यदि बिल्कुल आवश्यक हो तो भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम की भागीदारी में वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने की संभावना है 2.00 करोड़ रुपये और 3.00 करोड़ रुपये के बीच पूंजीगत लागत वाली परियोजनाओं के सम्बन्ध में या तो भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अथवा भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम द्वारा, वित्तीय सहायता में अन्तिम साझेदारी या भागीदारी के बारे में भी वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मामला भेजे बिना ही कार्यवाही की जायेगी।

उदार ऋण योजना

21. उदार ऋण योजना की सामान्य नीति में इसके अलावा कोई परिवर्तन नहीं हुआ कि वर्ष के दौरान, अन्तर्दहन इंजिनों के लिये फालतू पुर्जों और घटकों का निर्माण करने वाली इकाइयों पर यह योजना इन शर्तों पर लागू करने का निर्णय किया गया कि ये इकाइयां निगमित क्षेत्र में होनी चाहिये और उत्पादन का कम से कम 10 प्रतिशत भाग मूल उपकरण के निर्माताओं को संभरित किया जाना चाहिये। इसके अतिरिक्त, आटो और छोटे वल्बों का निर्माण करने वाली इकाइयां भी अब इस योजना के अधीन वित्तीय सहायता की पात्र हैं। यह भी निर्णय किया गया है कि जहां सम्पूर्ण ऋण उदार शर्तों पर मंजूर किया जाना स्वीकृत हुआ हो और जिन मामलों में मंजूर किया गया उदार ऋण घटक न्यूनतम राशि के 20 प्रतिशत से अधिक हो, आशय पत्रों/ऋण करारों में दो वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् ब्याज दरों के पुनरावलोकन के अधिकार को आरक्षित करने की शर्त लगा दी गई है।

यह निर्णय किया गया है कि ऐसी कम्पनियों के मामले में जो उचित लाभ कमा रही है और जो आधुनिकीकरण के दूसरे चरण के लिये वित्तीय सहायता के लिये वित्तीय संस्थानों के पास पहुंच करती है, उदार और सामान्य ऋण, ऐसी संस्थाओं की अधिलाभांश अदा करने की क्षमता पर ध्यान दिये बिना, 20:80 के अनुपात में निर्धारित किये जायेंगे । इसके अतिरिक्त, उदार ऋण योजना के अधीन मंजूर की गई सारी वित्तीय सहायता पर इकाई के स्थल क्षेत्र पर ध्यान दिये बिना, ब्याज की केवल दो दरें लगेंगी अर्थात् 8.10 प्रतिशत और 11.85 प्रतिशत वार्षिक । दूसरे शब्दों में, पिछड़े क्षेत्रों की इकाइयों पर उदार ऋण योजना के अधीन वित्तीय सहायता के मामले में लागू रियायती दर की तरह ब्याज की कोई रियायती दर लागू नहीं होगी।

संयंत्र और साज-सामान के आधुनिकीकरण, पुनर्स्थापन तथा नवीकरण के मार्ग में आई बाधाओं को दूर करने के लिये पटनस, सूती वस्त्र, सीमेंट, चीनी और कुछ इंजीनियरिंग उद्योगों के आधुनिकीकरण के लिये उदार ऋण योजना उपलब्ध की गई है ताकि और अधिक आर्थिक स्तर पर उत्पादन के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके और इस प्रकार घरेलू तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में इनकी प्रतिस्पर्द्धा में सुधार हो सके। इन मामलों के सम्बन्ध में, फिलहाल किसी संपरिवर्तनीय धारा को लगाने पर जोर नहीं दिया जा रहा है। सरकार ने अब निर्णय में, किया है कि यह छूट किसी भी उद्योग के आधुनिकीकरण और रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिये प्रदान की गई सहायता के मामले में भी दी जाये।

परियोजनाओं का आर्थिक मूल्यांकन

22. निगम, परियोजना-मूल्यांकन की अपनी तकनीकों में लगातार संशोधन करता रहा है। वर्ष के दौरान, परियोजना-मूल्यांकन में सामाजिक लागत-लाभ विश्लेषण आरम्भ करने का निर्णय किया गया तथा इस बारे में सम्बन्ध निर्देशक सिद्धान्त जारी किये गये।

अन्य नीति मामले

23. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, वित्तीय संस्थानों ने, वित्तीय सहायता की शीघ्र मंजूरी और संवितरण कीकार्य-विधि को सरल बनाने के लिये और उपाय अपनाये हैं। इस मामले में लिये गये दो महत्वपूर्ण निर्णय (i) दीर्घकालीन ऋण के लिये भागीदारी प्रमाण-पत्र योजना आरम्भ करना, और (ii) अग्रणी संस्थान द्वारा अन्य भागीदार संस्थानों की ओर से, अग्रणी संस्थान के पक्ष में किये गये मुख्तारनामें के आधार पर प्रतिभूति सहित विधिक दस्तावेजों का बन्धक किया जाना, से सम्बन्धित हैं । ये मोटे तौर पर निम्नलिखित रूपरेखा पर आधारित होंगे।

भागीदारी प्रमाण-पत्र

24. छोटे और मध्यम श्रेणी के उद्यमियों को एक से अधिक वित्तीय संस्थान से सम्पर्क रखने में होने वाली असुविधा को दूर करने के लिये निगम ने, अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर "अवधि ऋण के लिये भागीदारी प्रमाण पत्र" और हामीदारी वित्तीय सहायता की योजना आरम्भ करने का निर्णय किया है। यह योजना प्रारम्भ में उन परियोजनाओं के लिए जिनकी कुल लागत 10 करोड़ रुपये से अधिक न हो तो, रुपया ऋण तक सीमित है और यदि सम्भव हो, बाद में विदेशी मुद्रा ऋण के लिये भी लागू की जा सकती है। इस योजना के अधीन, यदि कोई उद्यमी वित्तीय सहायता के लिये किसी वित्तीय संस्थान के पास पहुंच करता है तो वह अग्रणी बन कर परियोजना का मूल्यांकन और वित्तीय सहायता मंजूर कर सकता है। इसके अतिरिक्त अग्रणी संस्थान, संस्था के साथ ऋण करार करेगा और संस्था अग्रणी संस्थान के लिये अनुबद्ध प्रतिभूति स्थापित करेगी जो भागीदार

संस्थाओं के लिये प्रतिभूति को न्यास में धारित करेगा। अग्रणी संस्थान उन वित्तीय संस्थानों को भागीदार प्रमाण-पत्र जारी करेगा जो संस्था को दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने के लिये सहमत हों । भागीदार, अग्रणी संस्थान के प्रश्रय के बिना होगी, अर्थात् जोखम भागीदारी संस्थानों द्वारा उठाया जायेगा। ऋण का संवितरण और पुनर्अदायगी अग्रणी संस्थान के माध्यम से की जायेगी। भागीदारी संस्थान, आपस में स्वीकार्य शर्तों पर, अपनी भागीदारी के भाग को अन्य (उप भागीदारों) को बेचने के हकदार होंगे। योजना आरम्भ करने से पहले कुछ पहलुओं की ओर जांच करने की आवश्यकता है। इसी बीच, यह निर्णय किया गया है कि विचाराधीन उद्देश्य को, अग्रणी संस्थान द्वारा भागीदार संस्थानों की ओर से अग्रणी संस्थान के पक्ष में किये गये मुख्तारनामें के आधार पर दस्तावेजों/प्रतिभूति को बन्धक करके सुरक्षित रखा जाये।

25. विधिक दस्तावेज तैयार करना : संयुक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के मामलों में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा वित्तीय सहायता की मंजूरी और संवितरण के बीच होने वाले विलम्ब का एक कारण यह है कि प्रत्येक संस्थान द्वारा अलग अलग कानूनी दस्तावेज (प्रतिभूति दस्तावेजों सहित) तैयार करने में बहुत अधिक समय लिया जाता है। अतः इस विलम्ब को समाप्त करने का एक उपाय यह हो सकता है कि वित्तीय संस्थान अपनी ओर से प्रतिभूति सहित दस्तावेज तैयार करने के लिये प्रत्येक मामले में अग्रणी संस्थान को प्राधिकृत कर दें। इस विषय पर अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा विचार किया गया है कि प्रत्येक संस्थान परियोजना के वित्तपोषण में भाग लेने वाले अन्य संस्थानों के पक्ष में मुख्तारनामे का निष्पादन करेगा । जैसे ही सभी भागीदार संस्थानों से उनके द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता के भाग के सम्बन्ध में मंजूरी प्राप्त हो जाये, अग्रणी संस्थान उधार लेने वाली संस्था के साथ अपनी ओर से और अन्य भागीदार संस्थानों के एजेन्ट के रूप में दस्तावेजों के एक सामूहिक सेट का निष्पादन करेगा। अनुबद्ध प्रपत्र में प्रतिभूति भी अग्रणी संस्थान द्वारा अन्तिम रूप से तैयार की जायेगी। उसके बाद, अग्रणी संस्थान, भागीदार संस्थानों को इस तथ्य से सूचित करेगा कि दस्तावेज और प्रतिभूति तैयार कर ली गई है। इससे अन्य वित्तीय संस्थान और कोई दस्तावेज तैयार किये बिना अपने हिस्से का ऋण संवितरित कर सकेंगे । उक्त योजना भारतीय यूनिट ट्रस्ट पर अभी लागू नहीं होती क्योंकि उनके द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता निजी रूप से स्थापित डिबेंचरों को अभिदान के रूप में है।

के० एफ० डब्ल्यू० ऋण

26. अभी तक, बड़े उद्यमियों अर्थात् ऐसी औद्योगिक संस्थायें जिनका तुलन-पत्र जोड़ 10 करोड़ रुपये से अधिक हो अथवा कुल वार्षिक बिक्री 20 करोड़ रुपये से अधिक हो, के लिये के० एफ० डब्ल्यू० ऋण के अधीन जर्मन मार्क उप-ऋण आम तौर पर उपलब्ध नही थे। निगम को अब कंदिस्तास्तल्त फूर वाइडरफबऊ (के० एफ० डब्ल्यू०) द्वारा सूचित किया गया है कि आगे से कुल 20 करोड़ रुपये से अधिक तुलन-पत्र जोड़ और 40 करोड़ रुपये से अधिक कुल वार्षिक बिक्री वाली औद्योगिक संस्था को बड़े उद्यम के रूप में समझा जायेगा और इसलिये सामान्यत. के० एफ० डब्ल्यू० ऋण के अधीन वित्तपोषण के क्षेत्र विस्तार में नहीं आयेंगे। इसके अतिरिक्त, ऐसी औद्योगिक संस्था भी, जो अन्य प्रकार से छोटी हो परन्तु जिसकी 50 प्रतिशत या अधिक साधारण पूंजी ऊपर दी गई परिभाषा के अनुसार किसी बड़े उद्यमी द्वारा धारित हो, के० एफ० डब्ल्यू० ऋण के अधीन वित्तीय सहायता की पात्र नहीं होगी। विस्तार परियोजना के मामले में, विद्यमान तुलन-पत्र जोड़ और कुल वार्षिक बिक्री पर, प्रस्तावित आवर्द्धनों सहित, विचार करना जरूरी होगा।

सहायता के लिये आवेदन

27. वर्ष के प्रारम्भ में निगम के पास 20 संस्थाओं से (उदार ऋण योजनाओं के अधीन प्राप्त हुये आवेदनों को छोड़कर) 41.78 करोड़ रुपये की कुल वित्तीय सहायता के लिये आवेदन पत्र विचाराधीन थे। इसमें वे आवेदन-पत्र भी शामिल थे जिनकी अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर वित्त व्यवस्था की जानी थी। इसके अतिरिक्त 92 संस्थाओं से 780.42 करोड़ रुपये के आवेदन अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ निगम के विचाराधीन थे लेकिन इनमें कुछ मूलभूत मुद्दे/नीति विषयक मामले थे तथा इन्हें अभी सुलझाया जाना बाकी था। वर्ष के दौरान, निगम को वित्तीय सहायता के लिये 141 आवेदन प्राप्त हुए।

उदार ऋण योजना से सम्बन्धित आवेदनों को शामिल न करते हुए निगम को 161 संस्थाओं से 653.27 करोड़ रुपये की सहायता के लिये आवेदन पत्र प्राप्त हुए, इसमें वे आवेदन पत्र भी शामिल थे जिनमें अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर वित्त व्यवस्था की गई थी।

निगम ने वर्ष के दौरान 132 आवेदन-पत्रों के लिये 96.93 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की, इस सहायता में उदार ऋण योजना के अधीन मंजूर की, इस सहायता में उदार ऋण योजना के अधीन मंजूर 53.65 करोड़ रुपये की सहायता को मिलाने से वर्ष के दौरान मंजूर कुल सकल वित्तीय सहायता 150.58 करोड़ रुपये हो जाती है ।

वर्ष के अन्त में, 25 संस्थाओं से 101.39 करोड़ रुपये की सहायता के लिये आवेदनों पर अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर सक्रिय कार्यवाही की जा रही थी। इसके अतिरिक्त, 58 सस्थाओं के आवेदन अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ निगम के विचाराधीन थे लेकिन इनमें कुछ मूलभूत मुद्दे/नीति विषयक मामले थे तथा इन्हें अभी सुलझाया जाना बाकी था । इस श्रेणी में ऐसे आवेदन-पत्र है जिनके सामने प्रबन्ध ढांचे या बाजार दबाव की समस्यायें थीं, या इन पर सक्रिय विचार करने से

पहले इन्हें कुछ अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना था। ऐसे 58 आवेदनों में से 13 आवेदनों के सम्बन्ध में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का अग्रणी दायित्व था, शेष 45 आवेदनों के सम्बन्ध में अग्रणी दायित्व भारतीय औद्योगिक विकास बैंक या भारतीय औद्योगिक सार एवं निवेश निगम का था।

निगम की सहायता के लिये प्राप्त आवेदनों और उनके निपटान (उदार ऋण योजना के अधीन प्राप्त या विचार किये गये आवेदनों को छोड़कर) का राज्यवार ब्यौरा रिपोर्ट के परिशिष्ट छ में दिया गया है।

उद्योगों की सामान्य समीक्षा

28. 1979-80 में औद्योगिक उत्पादन में लगभग एक प्रतिशत सीमान्त गिरावट हुई जबकि 1978-79 में इसमें 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। औद्योगिक उत्पादन में गिरावट के अनेक कारण थे। ये थे, बिजली की कमी, अवरुद्ध कोयला-उत्पादन, देश के अनेक भागों में सूखा पड़ना, तनावपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध और दुर्लभ कच्चा माल, ईंधन और कई प्रकार के उपभोक्ता/औद्योगिक माल के उत्पादन में काम आने वाले अन्य कच्चे माल की अपर्याप्त पूर्ति। स्पष्टतः मूलभूत मदों की लगातार कमी का अन्य उपभोक्ता उद्योगों पर उर्मि-प्रभाव पड़ा, और इसलिये औद्योगिक उत्पादन को नीचे गिराने में समग्र रूप से प्रभाव पड़ा। पिछले कुछ महीनों में सरकार के प्रयास रहे हैं कि अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित किया जाये और इस बात की जांच की जाये कि निर्मित औद्योगिक क्षमता का पूर्ण रूपेण उपयोग किया जाता है। इस दिशा में अनेक उपाय किये गये हैं जिनमें कुछ अपर्याप्यताओं, विशेष रूप से ऊर्जा, परिवहन और कोयले से सम्बन्धित प्रमुख अपर्याप्ताओं को समाप्त करना तथा उद्योगों को दुर्लभ औद्योगिक कच्चे माल की पर्याप्त सप्लाई सुनिश्चित करवाना भी शामिल है।

औद्योगिक नीति

29. जुलाई, 1980 में सरकार ने औद्योगिक नीति के सम्बन्ध में एक वक्तव्य दिया। इस वक्तव्य में सरकार के सामाजिक आर्थिक उद्देश्यों का उल्लेख किया गया, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं :—

(i) स्थापित क्षमता का इष्टतम उपयोग,

(ii) उत्पादन को अधिकतम करना और उच्चतर उत्पादिता प्राप्त करना,

(iii) अधिक रोजगार उपलब्ध करना,

(iv) क्षेत्रीय असन्तुलन में सुधार,

(v) कृषि-आधारित उद्योगों को वरीयता देना,

(vi) निर्यातोन्मुख और आयात-प्रतिस्थापन उद्योगों को प्रोत्साहन देना,

(vii) आर्थिक-संघात्मक धारण का संवर्द्धन,

(viii) उच्च कीमतों और घटिया किस्म के उत्पादों से उपभोक्ताओं का संरक्षण।

वक्तव्य में, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की भूमिका में सरकार का विश्वास दोहराते हुए, इन उपक्रमों में प्रभावशाली परिचालन प्रबन्ध प्रणालियां प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। परिचालन, वित्त विपणन और सूचना प्रणाली जैसे क्रियान्वयन क्षेत्रों में प्रबन्ध सवर्गों के विकास पर बल दिया गया। निजी क्षेत्र की भूमिका के सम्बन्ध में इस नीति की मान्यता है कि निजी क्षेत्र उपक्रमों को राष्ट्रीय योजनाओं और नीतियों के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों के अनुरूप विकास करने की अनुमति देना वांछनीय होगा परन्तु एकाधिकार प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने, अथवा, कुछ हाथों में आर्थिक शक्ति और सम्पदा के केन्द्रीकरण की अनुमति नहीं दी जायेगी।

वक्तव्य में, छोटे और बड़े पैमाने के उद्योगों के बीच कृत्रिम, विभाजन को समाप्त करने के लिये सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर बल दिया गया है तथा यह कहा गया है कि सभी प्रयास एकीकृत औद्योगिक विकास की दृष्टि में होने चाहिये। इस सम्बन्ध में, यह प्रस्तावित किया गया है कि यथासम्भव सहायक और लघु एवं कुटीर उद्योगों की इकाइयां बढ़ाने के लिये, औद्योगिक रूप से कम विकसित प्रत्येक जिले में कुल मूलभूत संयंत्र स्थापित करके आर्थिक संघात्मक धारणा को बढ़ावा दिया जायेगा।

सरकार ने, छोटे पैमाने की और सहायक इकाइयों तथा बहुत छोटे क्षेत्र के उद्योगों के सम्बन्ध में परिभाषात्मक निवेश सीमाओं को भी बढ़ा दिया जायेगा।

सरकार ने, छोटे पैमाने की और सहायक इकाइयों तथा क्षेत्र के उद्योगों के सम्बन्ध में परिभाषात्मक निवेश सीमाओं को भी बढ़ा दिया है। इसके बाद, छोटे पैमाने की इकाई के रूप में वर्गीकृत इकाइयों का निवेश 20.00 लाख रुपये तक और सहायक इकाइयों का निवेश 25.00 लाख रुपये तक और अति लघु इकाई का निवेश 2.00 लाख रुपये तक होगा।

जहां तक क्षेत्रीय असन्तुलन दूर करने का सम्बन्ध है, नीति में उद्योगों के प्रसार को प्रोत्साहन देने और औद्योगिक रूप से कम विकसित क्षेत्रों में इकाइयां स्थापित करने के आशय का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। इस प्रयोजन के लिये विशेष रियायतें और सुविधायें दी जायेंगी जो विकास और कार्योन्मुख होंगी।

सरकार के कथन में परिकल्पना की गई है कि समय-समय पर उद्योगों को दिये गये प्रोत्साहनों के प्रभाव का नियमित निर्धारण किया जायेगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किस सीमा तक उन्होंने अपने आरम्भिक प्रयोजन पूरे किये हैं। तदनुसार, सरकार समय-समय पर प्रोत्साहन पद्धतियों का पुनरीक्षण करेगी।

सरकार ने अनुभव किया है कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण, अथवा, जनसमूह के उपभोग की वस्तुओं का उत्पादन करने वाले अनेक उद्योगों में, मूल अथवा 1975 अधिसूचनाओं की शर्तों के अनुसार यथा-संशोधित लाइसेंसों पर पृष्ठांकित उत्पादक क्षमता, इकाई की पूर्ण उत्पादक क्षमता को प्रदर्शित नहीं करती। श्रम उत्पादिता में वृद्धि, या टैक्नोलाजिकल सुधार के परिणामस्वरूप उत्पादक क्षमता में वृद्धि हो गई होगी। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने, चयनात्मक आधार पर ऐसी क्षमताओं को मान्यता प्रदान करने का प्रस्ताव किया है।

औद्योगिक रुग्णता के सम्बन्ध में उक्त वक्तव्य में उल्लेख किया गया है कि यद्यपि वह यह स्वीकार करते हैं कि उपयुक्त उपचारक कार्यवाही द्वारा इन उपक्रमों में निवेश की रक्षा करना राष्ट्रीय हित में होगा, लेकिन जिन मामलों में रुग्णता का कारण जानबूझ कर की गई दुर्व्यवस्था और वित्तीय, हेरा-फेरी हो उनके सम्बन्ध में सुदृढ़ कार्यवाही की जानी होगी। उपक्रमों में रुग्णता का समय पर पता लगाने के लिये अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं की सहायता करने की दृष्टि से सरकार ने, रुग्णता के लक्षणों का पता लगाने के लिये "प्रारम्भिक चेतावनी व्यवस्था" के रूप में कार्य करने के लिये एक जांच सूची आरम्भ करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

जहां तक मिलान और समामेलन का सम्बन्ध है, इस नीति में ऐसे वर्तमान रुग्ण उपक्रमों, जिनमें पुनर्जीवन के लिये पर्याप्त क्षमता है, को ऐसी स्वस्थ इकाइयों के साथ मिलाने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा जो ऐसे उपक्रमों के प्रबन्ध को चलाने और उनकी व्यावहार्यता पुनः स्थापित करने में योग्य हों। इस प्रयोजन के लिये आयकर अधिनियम की धारा 72 क के अधीन वर्तमान कर रियायतों को, रुग्ण इकाइयों के पुनर्जीवन के प्रयोजन के लिये मिलान प्रस्तावों के लिये और अधिक उदार रूप से उपलब्ध कराया जायेगा। सरकार ने प्रस्ताव पेश किया है कि रुग्ण इकाइयों के, व्यवहार्य पुनर्जीवन योजना को कार्यान्वित करने में सक्षम स्वस्थ इकाइयों के साथ स्वैच्छिक मिलान पर और अधिक आस्था बढ़ाने की दृष्टि से विद्यमान निर्देशक सिद्धान्तों का पुनरीक्षण किया जाये।

इसके अतिरिक्त सरकार का यह दृष्टिकोण रहा है कि उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम के अधीन प्रबन्ध का कार्यभार जनहित के आधार पर केवल विशेष मामलों में, जिनमें रुग्ण उपक्रमों को बचाने के लिये अन्य उपाय व्यवहार्य न समझे गये हों, ग्रहण किया जाना चाहिये। सरकार के वक्तव्य में यह भी उल्लेख किया गया कि जहां प्रबन्ध का कार्यभार ग्रहण करना आवश्यक हो गया है वहां राज्य सरकार से, उपयुक्त मामलों में, उपक्रम के वित्त और प्रबन्ध के लिये जिम्मेदारी ग्रहण करने की उम्मीद की जायेगी।

वित्तपोषित उद्योग क्षेत्र

30. निगम ने जिन कुछ महत्वपूर्ण उद्योगों को सहायता प्रदान की है, उनकी प्रगति का विवरण निम्नलिखित अवतरणों में दिया गया है। इन उद्योगों को निगम द्वारा वित्तपोषित कुछ संस्थाओं की इकाइयों की वर्ष 1979 के दौरान की प्रगति समीक्षा निम्नलिखित अवतरणों में दी गई है, जो कि इस सन्दर्भ में किये गये सर्वेक्षण पर आधारित है।

उर्वरक

वर्ष 1979-80 के दौरान नाइट्रोजन उर्वरकों की विस्थापित क्षमता 1978-79 के 32.6 लाख टन से बढ़कर 38.9 लाख टन हो गई। फास्फेटीय उर्वरकों की विस्थापित क्षमता में 13.9 प्रतिशत वृद्धि हुई, जो 1979–80 में पी $_2$ ओ० $_5$ का 12.30 लाख टन है। उद्योग में क्षमता उपयोग बहुत अधिक सन्तोषजनक नहीं रहा।

परन्तु, नाइट्रोजन उर्वरकों का कुल उत्पादन 21.70 लाख टन से बढ़कर 22.26 लाख टन हो गया, जबकि फास्फेटीय उर्वरकों का उत्पादन पिछले वर्ष के 7.70 लाख टन से घटकर 7.57 लाख टन रह गया। बिजली की कमी और कच्चे माल की अपर्याप्त उपलब्धता से वर्ष के दौरान नाइट्रोजन उर्वरक का उत्पादन प्रभावित हुआ, क्षमता उपयोग 1978-79 में 66.6 प्रतिशत की तुलना में केवल 57.2 प्रतिशत रह गया। फास्फेटीय उर्वरकों का निर्माण करने वाली इकाइयों का क्षमता उपयोग वर्ष के दौरान 61.5 प्रतिशत था, जबकि पिछले वर्ष यह 71.3 प्रतिशत था। फास्फेटीय उर्वरकों के क्षमता उपयोग में गिरावट का मुख्य कारण आयातित फास्फोरिक एसिड की अनुपयुक्त उपलब्धता थी।

देश में उर्वरक की बढ़ती हुई मांग, जिसमें 1977-78 से 1978-79 में 20.5 प्रतिशत वृद्धि हुई, को पूरा करने के लिये सरकार को वर्ष के दौरान लगभग 33 लाख टन उर्वरकों का आयात करना पड़ा था।

वर्ष 1979-80 के दौरान मूल्य उर्वरकों की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। उर्वरक भाड़ा उप सहायता योजना और सड़क मार्ग द्वारा उर्वरक लाने ले जाने के लिये उप सहायता योजना में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ। फिर भी, जून, 1980 में पैट्रोलियम उत्पादों की कीमत में तीव्र वृद्धि के कारण सरकार ने 8 जून, 1980 से उर्वरकों की कीमतों में संशोधन कर दिया। यूरिया

कीमत खुदरा बिक्री कीमत 2,000 रुपये प्रति टिन पर नियत कर दी गई है और अन्य उर्वरकों की कीमतें भी, नाइट्रोजन और अन्य उर्वरकों के बीच समता बनाये रखने के लिये उचित रूप से बढ़ा दी गई ।

निगम की वित्तपोषित संस्थाओं में से चार की प्रगति बहुत सन्तोषजनक नहीं रही। परन्तु, इकाइयों का क्षमता उपयोग मुख्यत: बिजली की कमी के कारण प्रभावित हुआ। दो संस्थाओं के मामले में उनके कार्यों को, बिजली की अनुपलब्धता के कारण कर्नाटक की एक संस्था के पूर्णत: बन्द हो जाने के साथ साथ परिचालन समस्याओं ने भी प्रभावित किया। तमिलनाडु की एक संयुक्त क्षेत्र परियोजना में उत्पादन, फैक्टरी में विस्फोट होने के कारण लगभग दो महीने के लिये रोकना पड़ा था। चौथी संस्था में क्षमता उपयोग 90 प्रतिशत हो गया। संस्था के विस्तार कार्यक्रमों का उद्देश्य अपने यूरिया संयंत्र की क्षमता को 4.50 लाख टन से बढ़ाकर 6.75 लाख टन प्रतिवर्ष करना है और इसके आन्तरिक बिजली संयंत्र के उपकरण आयात करने के लिये इसके प्रस्ताव को वित्तीय संस्थानों का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

सीमेंट

1979 में देश में 56 इकाइयां कार्य कर रही थीं जिनकी विस्थापित क्षमता 227.5 लाख टन थी। इसके विपरीत, सीमेंट का उत्पादन 181.7 लाख टन था, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत क्षमता उपयोग दिखाया गया। सीमेंट का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 7.39 प्रतिशत कम हो गया। कोयले और बिजली की सप्लाई में कमी तथा परिवहन सम्बन्धी कठिनाइयों से भी उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ। सीमेंट का उत्पादन देश में उसकी मांग के अनुरूप नहीं था। तदनुसार, सरकार को सीमेंट का निर्यात बन्द करना पड़ा था और मांग और सप्लाई के बीच दूरी समाप्त करने के लिये लगभग 13 लाख टन सीमेंट का आयात करना पड़ा। सरकार ने, नये औद्योगिक लाइसेंस, आशय-पत्र प्रदान करके और तकनीकी विकास महानिदेशालय द्वारा लघु इस्पात संयंत्रों का रजिस्ट्रेशन करके लगभग 275.2 लाख टन की अतिरिक्त क्षमता स्थापित करने की मंजूरी दे दी है । सीमेंट उद्योग में प्रोत्साहन दिये जाने के बावजूद विशेष रूप से क्षमता के न बढ़ने के कारणों की जांच किये जाने के लिये एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा उद्योग का विस्तृत विश्लेषण किया गया। समिति ने एक त्रिपक्षीय प्रति धारण कीमत की सिफारिश की । नई प्रतिधारण कीमत पद्धति मई, 1979 में लागू की गई और 31 मार्च, 1982 तक लागू रहेगी। नई पद्धति के अन्तर्गत न्यून लागत वाली इकाइयां 185 रुपये प्रति टन, मध्यम लागत वाली इकाइयों 205 रुपये प्रति टन और उच्च लागत वाली इकाइयां 220 रुपये प्रति टन प्राप्त करेंगी। जहां तक नई सीमेंट इकाइयों और वास्तविक विस्तार का सम्बन्ध उन्हें भारत सरकार के सितम्बर, 1977 के संकल्प के अनुसार 296 रुपये प्रति टन की उच्च कीमत की अनुमति दी जाती रहेगी।

कमियों के बावजूद, तमिलनाडु में निगम की वित्तपोषित तीन संस्थाओं ने औसत क्षमता उपयोग की लगभग 90 प्रतिशत मात्रा प्राप्त कर ली। फिर भी, वर्ष 1979 की अन्तिम तिमाही में इन इकाइयों को, नवम्बर मास में भारी वर्षा की वजह से बाढ़ आ जाने के कारण खदानों से चूने की कमी का सामना करना पड़ा। तमिलनाडु की एक और इकाई, जिसने अगस्त, 1979 में व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया था, कोयले की कमी, बिजली नियंत्रण और प्रारम्भिक कठिनाइयों के कारण 34 प्रतिशत से अधिक क्षमता उपयोग प्राप्त नहीं कर सकी। बिजली की सप्लाई में लगातार बाधाओं के बावजूद, आन्ध्र प्रदेश स्थित एक वित्त पोषित संस्था की प्रगति सन्तोषजनक रही, हालांकि उसका क्षमता उपयोग कम था। बिहार स्थित एक इकाई क्षमता का केवल 63 प्रतिशत की सीमा तक उपयोग किया गया जबकि पिछले वर्ष यह सीमा 77 प्रतिशत थी। क्षमता के निम्न उपयोग के कारण मुख्यत: बिजली और कोयले की कमी ही थे। उत्तर प्रदेश के राज्य क्षेत्र की एक संस्था की प्रगति असन्तोषप्रद रही; उसका क्षमता उपयोग लगभग 50 प्रतिशत था। इसका विस्तार कार्यक्रम, जिसे बार-बार अतिव्ययों का सामना करा पड़ा, इस समय कार्यान्वित किया जा रहा है।

कागज

1979 में देश में कागज और गत्ते का निर्माण करने वाली 106 इकाइयां थी, जो कि पिछले वर्ष 86 थीं । कागज उद्योग में विस्थापित क्षमता 1978 में 12.65 लाख टन प्रतिवर्ष से बढ़कर 1979 में 13.80 लाख टन हो गई, जिससे 1.15 लाख टन प्रतिवर्ष की वृद्धि हुई। 1979 में कागज और गत्ते का अनुमानित उत्पादन 11.00 लाख टन था जो पिछले वर्ष के उत्पादन से लगभग 1.00 लाख टन अधिक था। उत्पादन में वृद्धि होने के बावजूद देश को कागज की घोर कमी का सामना करना पड़ा। आम आदमी को उचित कीमतों का सफेद छपाई कागज उपलब्ध कराने के लिये सरकार ने, कागज (उत्पादन विनियमन) आदेश, 1978 के पूरक के रूप में 30 जून, 1979 को कागज नियंत्रण आदेश जारी किया। आदेश के अधीन सफेद छपाई कागज की फैक्टरी कीमत को 2750 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिटन कर दिया गया। कागज की सप्लाई को बढ़ाने के लिये सरकार ने 1979-80 में, 41,000 टन छपाई कागज का आयात किया।

1980-81 के बजट में सरकार ने, कागज के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिये ऐसे लघु निर्माताओं, जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में 300 टन कागज और गत्ते से अधिक निकासी न की हो, वे कागज और गत्ते पर उत्पादन शुल्क की दर में मूल्यानुसार 30 प्रतिशत से 20 प्रतिशत की रियायत देने की घोषणा की।

निगम द्वारा कागज उद्योग को वित्तपोषित स्थापित संस्थाओं ने वर्ष के दौरान, बिजली की कमी के बावजूद, अच्छी प्रगति की। उनमें से एक ने अपनी क्षमता का पूर्ण से अधिक उपयोग किया जबकि अन्य मामलों में क्षमता उपयोग यथोचित सन्तोषप्रद था। परन्तु, निगम द्वारा वित्तपोषित नई इकाइयों की प्रगति अधिक सन्तोषजनक नहीं थी।

कास्टिक सोडा

देश में 1979-80 में कास्टिक सोडे का उत्पादन 5.50 लाख टन हुआ जो कि पिछले वर्ष 5.64 लाख टन था। इस प्रकार लगभग 2.5 प्रतिशत की गिरावट हुई, जिसका मुख्य कारण बिजली की कमी थी। सरकार को, घरेलू उत्पादन की पूर्ति के लिये कास्टिक सोडे का आयात करना पड़ा, यह निजी आयातों के अतिरिक्त था। 1980-81 के बजट में सरकार ने कास्टिक सोडे पर उत्पादन शुल्क को मूल्यानुसार 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया।

जिन वित्त पोषित संस्थाओं ने सूचना भेजी उनका औसत क्षमता उपयोग 74.0 प्रतिशत था। जबकि उद्योग की प्रगति 71.5 प्रतिशत थी। गुजरात स्थित हमारी एक वित्तपोषित इकाई ने अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग किया और उड़ीसा स्थित एक इकाई ने अपनी क्षमता का 91 प्रतिशत उपयोग किया, तथापि इस में पिछले वर्ष से कुछ सुधार हुआ। उत्तरी क्षेत्र में स्थित एक इकाई, बिजली की कमी के कारण पिछले वर्ष में किये गये क्षमता उपयोग के अपने स्तर को बरकरार नहीं रख सकी। तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश में स्थित दो अन्य इकाइयों ने वर्ष के दौरान बिजली की कमी के बावजूद काफी प्रगति की। तमिलनाडु स्थित एक और इकाई ने फरवरी, 1979 में उत्पादन शुरू किया और क्षमता का 80 प्रतिशत उपयोग किया।

आटोमोबाइल टायर और ट्यूब

आटोमोबाइल टायर और ट्यूब उद्योग की विस्थापित क्षमता में पिछले वर्ष में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, जो 79.29 लाख आटोमोबाइल टायरों और 81.73 लाख ट्यूबों पर स्थिर रही। आटोमोबाइल टायरों का उत्पादन 69.30 लाख था जो पिछले वर्ष 69.90 लाख था; इसमें 60,000 टायरों का कम उत्पादन हुआ। आटोमोबाइल टयबों के उत्पादन में भी 6.64 लाख ट्यूबों का कम उत्पादन हुआ। आटोमोबाइल टायरों और ट्यूबों दोनों के उत्पादन में गिरावट के मुख्य कारण कच्चे माल की कमी, विशेषत महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बंगाल में बिजली की कमी, और अपर्याप्त रेल परिवहन सुविधाओं के कारण कोयले की कमी थी। देश में कार्बन ब्लैक का उत्पादन करने वाली एक बड़ी इकाई में श्रमिकों की हड़ताल भी थी। इसके अतिरिक्त कच्चे माल की लागत बहुत अधिक थी। सरकार ने, स्थिति को सामान्य बनाने के लिये, उद्योग के लिये उपेक्षित प्रमुख कच्चे माल के आयात की अनुमति दे दी है।

आटोमोबाइल टायरों और ट्यूबों की बढ़ती हुई मांग से कुछ वित्तपोषित संस्थाओं के उत्पादन में सुधार हुआ। उत्तर प्रदेश स्थित एक इकाई ने अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग किया।

निगम द्वारा वित्तपोषित दक्षिणी क्षेत्र की तीन इकाइयों में से एक की प्रगति सन्तोषजनक थी, हालांकि बिजली की कमी के कारण इसका क्षमता उपयोग प्रभावित हुआ था। मार्च, 1977 में उत्पादन शुरू करने वाली एक अन्य इकाई के क्षमता उपयोग में सुधार हुआ, हालांकि यह सुधार सीमान्त था, फिर भी, क्षमता के कम उपयोग, प्रारम्भिक कठिाइयां, अप-सामान्य औद्योगिक सम्बन्ध और कच्चे माल की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण इसके कार्य की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। वर्ष के दौरान एक अन्य इकाई के परिचालन में सुधार हुआ, हालांकि इसकी वित्तीय स्थिति असन्तोषजनक रही। कम्पनी की विस्तर योजना के कार्यान्वियन की मूलत: जून, 1979 में पूरा हो जाने की संभावना थी, जिसमें टायर और ट्यूबों की क्षमता वृद्धि क्रमश: 4.60 लाख तथा 6.00 लाख वार्षिक आंकी गई थी, फैक्टरी में चली आ रही लम्बी हड़ताल से इसके उत्पादन पर बहुत बुरा असर पड़ा है, हड़ताल हाल ही में समाप्त हुई है। पश्चिमी बंगाल में स्थित एक अन्य इकाई की क्षमता उपयोग भी बहुत कम रहा, चूंकि इसे श्रमिक समस्याओं, घोर धनाभाव का लगातार सामना करना पड़ा और इसका संयंत्र भी ठप्प हो गया था।

लघु इस्पात संयंत्र

मिल्लियों/छड़ों का उत्पादन करने के लिये लाइसेंस प्राप्त बिजली की चाप भट्टी इकाइयों का अनुमानित उत्पादन लगभग 16.16 लाख टन था, जबकि 1978.79 में यह उत्पादन 16.57 लाख टन था। उत्पादन में गिरावट का कारण बिजली की कमी और कच्चे माल का न मिलना था। व्यावसायिक परामर्शदाताओं की सिफारिशों के परिणाम में सरकार ने, लघु इस्पात संयंत्रों की आर्थिक व्यावहार्यता में सुधार लाने के लिये उपायों की घोषणा की है, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं :—

(i) बिजली चाप भट्टी में प्रयुक्त लगभग सभी श्रेणियों की लौह धातु कतरनों पर सीमा शुल्क से छूट;

(ii) भारी धातु कतरन से भिन्न धातु कतरन के आयात पर प्रतिकारी शुल्क में भी छूट दी गई;

(iii) संचरित सूची में कुछ लौह धातु करतनों को निर्यातों में रखने के अतिरिक्त विशेष अपरिस्थितियों के अधीन चयनात्मक आधार पर इकाइयों द्वारा लौह धातु कतरनों के प्रत्यक्ष आयात की अनुमति देना;

(iv) एकीकृत इस्पात संयंत्र से प्राप्त भारी कतरन की कुछ श्रेणियों पर उत्पाद शुल्क समाप्त करना;

(v) कार्बन और मिश्रित इस्पात के कुछ ग्रेडों के विशाखन की अनुमति;

(vi) लघु इस्पात संयंत्रों से विज्ञापन के आवेदनों पर वित्तीय संस्थानों द्वारा अनुकूल विचार किया जा सकता है;

(vii) घरेलू सप्लाई को बढ़ाने के लिये ग्रेफाइट इलैक्ट्रोड के आयात की अनुमति दी गई; और

(viii) इस्पात पुनः ढलाई मिलों और लघु इस्पात संयंत्रों को उदार ऋण योजना के अधीन सहायता का पात्र बनाया गया।

निगम द्वारा वित्तपोषित लघु इस्पात संयंत्रों के परिचालनों में सामान्यतः सुधार हुआ। सूचना देने वाली इकाइयों का औसत क्षमता उपयोग समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लगभग 70 प्रतिशत था। अधिकांश वित्तपोषित इकाइयों को बिजली की कमी का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त, कुछ इकाइयों को कच्चा माल प्राप्त करने में कठिनाई, तनावपूर्ण श्रमिक सम्बन्धों और अन्य परिचालन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इनमें से एक ने अपने उत्पादन में विशाखन किया, एक ऐसे स्तर पर अपने परिचालनों को सुधारा जिससे कि यह इस पर जमा हुये सारे ब्याज को अदा करने के अतिरिक्त निगम की चालू देयताओं को पूरा करने में समर्थ रही। एक लघु इस्पात संयंत्र, जो कुछ वर्ष पहले परियोजना के पूरी हो जाने के बावजूद पहले उत्पादन शुरू नहीं कर सका था, वर्ष के दौरान आरम्भ किया गया। दो अन्य लघु इस्पात संयंत्रों, जिन्होंने पिछले वर्ष परिचालनों में सुधार किया था, अपनी स्थिति और दृढ़ की तथा वित्तीय संस्थानों को अपने वायदे पूरे करने शुरू कर दिये। उनमें से एक ने जमा हुए ब्याज का भी काफी भाग अदा कर दिया। यद्यपि एक अन्य लघु इस्पात संयंत्र, जिससे प्रारम्भिक वर्षों में अपने परिचालनों को निलम्बित कर दिया था, वर्ष के दौरान उत्पादन शुरू कर दिया। इस इकाई की परिसम्पत्तियां एक अन्य कम्पनी को, उसमें कम्पनी के साथ मिलाये जाने तक पट्टे पर दे दी गई हैं।

कृषि ट्रैक्टर

ट्रैक्टरों की लगातार बढ़ती बहुती हुई मांग से देश में उनका उत्पादन पिछले कुछ वर्षों से बढ़ता जा रहा है। 58,900 ट्रैक्टरों की विस्थापित क्षमता वाली 13 इकाइयां ट्रैक्टरों के उत्पादन में लगी थी। 1979 में 60,060 ट्रैक्टरों का निर्माण किया गया जो कि पिछले वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक था। उम्मीद है कि उद्योग लगभग 85,000 ट्रैक्टरों की प्रत्याशित मांग को 1983-84 तक पूरा कर लेगा। उद्योग को, बिजली, लोहा और इस्पात कोयला, भट्टी तेल, टायर और ट्यूब और सहायक आटोमोबाइल की अन्य मदों की कमी का सामना करना पड़ा। सरकार ने इन मदों के आयात की अनुमति दे दी है और सीमा शुल्क कम कर दिया है। हाल ही में, उद्योग ने एफ्रो एशिया क्षेत्र के कुछ देशों को ट्रैक्टर निर्यात करने प्रारम्भ कर दिये हैं।

दो वित्तपोषित संस्थाणों की प्रगति बहुत अधिक असन्तोषजनक थी। एक इकाई ने अपनी क्षमता का 123 प्रतिशत और दूसरी इकाई ने 91 प्रतिशत उपयोग किया। यह इकाई बिजली और कच्चे माल की कमी के कारण अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सकी। तीसरी इकाई की प्रगति सन्तोषजनक नहीं थी, क्योंकि इसे बिजली और कच्चे माल की कमी से होने वाली कठिनाइयों के अतिरिक्त ओर धनाभाव के साथ साथ संघटकों के देशीकरण की समस्याओं का भी सामना करना पड़ा था।

पावर टिलर्स

पावर टिलर उद्योग में क्षमता उपयोग, मांग को कमी के कारण लगातार कम रहा। हालांकि, अब यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। 16,000 पावर टिलरों की विस्थापित क्षमता के मुकाबले 1979 के दौरान 2,488 पावर टिलरों का उत्पादन हुआ। यह पिछले वर्ष के उत्पादन से 17 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने पावर टिलर उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए उत्पाद शुल्क में छूट दे दी। उद्योग की इकाइयों का क्षमता उपयोग बढ़ाने के लिए सरकार और अधिक प्रोत्साहन देने के विषय में विचार कर रही है।

सूचना देने वाली दो वित्तपोषित इकाइयों में से कर्नाटक राज्य की एक इकाई ने अपनी प्रगति बरकरार रखी। बाजार में टिलरों की बढ़ती हुई मांग से कम्पनी की प्रगति में सुधार हुआ है। परन्तु, उत्तर प्रदेश में स्थित एक इकाई की प्रगति निराशाजनक रही और उसका उपयोग नगण्य था। बिजली की कमी के अलावा इकाई को कच्चे माल की कमी और बाजार सीमाओं का भी सामना करना पड़ा।

सूती वस्त्र

1978 में देश में 648 सूती वस्त्र मिलें थीं, जो 1979 में बढ़कर 661 हो गई। इनमें से 370 कताई मिलें और 291 संयुक्त मिलें थी। इनकी कुल विस्थापित क्षमता 206.09 लाख तकुए और 2.06 लाख खड्डियां थीं। 1979 में 32,060 लाख मीटर सूती वस्त्र और 9,522 लाख किलोग्राम सूती धागे का उत्पादन हुआ, जबकि पिछले वर्ष यह उत्पादन 32,513 लाख मीटर वस्त्र और 9,116 लाख किलोग्राम धागा रहा। संगठित क्षेत्र में उत्पादन, बिजली की घोर कमी और लम्बे समय तक चलने वाली हड़तालों से बुरी तरह प्रभावित हुआ। सरकार ने, वस्त्रों की कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए दो उपाय अपनाए (i) कीमतों को पीछे हटाने की योजना और (ii) स्वैच्छिक रूप से कीमत घटाने की योजना।

देश में उद्योग की सामान्य प्रगति के अनुरुप निगम की वित्तपोषित संस्थाओं की प्रगति अच्छी रही।

कृत्रिम वस्त्र

कृत्रिम वस्त्र क्षेत्र में अब 1.36 लाख प्राधिकृत पावरलूम और 700 बुनाई मशीनें हैं। कृत्रिम रेशम तन्तु सहित सेलुलाजिक और गैर सेलुलाजिक तन्तु धागे की विस्थापित क्षमता 1.84 लाख टन थी। 1978-79 में उक्त धागों का 1.93 लाख टन उत्पादन हुआ जो

1977-78 में 1.73 लाख टन था । अप्रैल 1979 से अक्तूबर 1979 की अवधि के दौरान 1.12 लाख टन उत्पादन हुआ । इस क्षेत्र में 1.42 लाख टन की सीमा तक अतिरिक्त क्षमता बढ़ाने की योजना इस समय कार्यान्वित की जा रही है ।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अधिकांश वित्तपोषित संस्थाओं की वित्तीय प्रगति संतोषजनक रही । उनका औसत क्षमता उपयोग भी उचित रूप से संतोषजनक था । हमारी दो वित्तपोषित इकाइयों ने अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग किया । मध्य प्रदेश स्थित एक इकाई, बिजली में कटौती और कच्चे माल की कमी के कारण अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग न कर सकी । उत्तर प्रदेश स्थित एक और इकाई ने पिछले वर्ष से प्रगति की ; पालिएस्टर धागे के मामले में इसका क्षमता उपयोग 124 प्रतिशत था जो पिछले वर्ष 83 प्रतिशत था । गुजरात की एक वित्तपोषित इकाई ने अपनी प्रगति को पिछले वर्ष की 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 83 प्रतिशत कर लिया । पालिएस्टर रेशा तन्तु निर्माण करने वाली एक अन्य वित्तपोषित इकाई अपने उत्पादन के स्तर को पिछले वर्ष के स्तर पर कायम नहीं रख सकी । इसके निम्न क्षमता उपयोग के मुख्य कारण थे, कच्चे माल और बिजली की कमी, परिचालन सम्बंधी समस्याएं और तनावपूर्ण औद्योगिक सम्बंध ।

पटसन

जनवरी–सितम्बर, 1979 की अवधि के दौरान पटसन उत्पाद का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.5 प्रतिशत कम रहा । उत्पादन में कमी का मुख्य कारण बार-बार होने वाली हड़तालें थी उद्योग को देश और विदेश दोनों में अनुकूल बाजार स्थितियां मिलीं । इसके अतिरिक्त कच्चे माल की सप्लाई उपयुक्त और सस्ती थी तथा उद्योग को अपने तैयार माल के लिए लाभप्रद कीमतें प्राप्त हुईं ।

निगम की वित्तपोषित संस्थाओं की प्रगति समग्र उद्योग की प्रगति के अनुकूल रही ।

चीनी

1979-80 के दौरान 38.77 लाख टन चीनी का उत्पादन होने की संभावना है जो पिछले वर्ष से 19 लाख टन कम है । उत्पादन में कमी का कारण था कि गन्ना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हुआ । पिछली रिपोर्ट में, अगस्त, 1978 में चीनी से नियंत्रण हटाए जाने का उल्लेख किया गया था । सितम्बर, 1979 में सरकार ने फैक्टरी और खुदरा दोनों स्तरों पर मूल्य नियंत्रण की नीति अपनाई 1 दिसम्बर, 1979 में सरकार ने दोहरी कीमत प्रणाली लागू की ।

निगम की वित्तपोषित चीनी इकाइयों की प्रगति सामान्यतः संतोषजनक नहीं थी और मुख्यतः गन्ने के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होने के कारण उत्पादन बहुत कम हो गया ।

अन्तिम उपयोग तक देख-रेख तथा अनुवर्ती कार्यवाही

31. निगम के बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली और मद्रास में चार क्षेत्रीय कार्यालय हैं और इतनी ही संख्या के बराबर शाखा कार्यालय अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद और कानपुर में हैं, इसके अतिरिक्त 9 अन्य कार्यालय विभिन्न राज्यों में हैं । निगम के इन कार्यालयों में आवश्यक तकनीकी, वित्तीय एवं विधिक स्टाफ की व्यवस्था की गई है, जो प्रधान कार्यालय से आवश्यक निर्देश प्राप्त करके वित्तपोषित संस्थाओं की नियमित अनुवर्ती कार्यवाही करते हैं । निगम की अनुवर्ती कार्यवाही में इस प्रकार की सूचना मांगी जाती है जो कि परियोजन का प्रभारी कोई भी विवेकपूर्ण प्रबन्धक वर्ग एकत्र कर इस दृष्टि से इसका विश्लेषण करेगा जिससे परियोजना सफलता पूर्वक कार्य करती रहे ।

कार्य विधि

32. निगम द्वारा अनुवर्ती कार्यवाही करने के लिए निम्नलिखित पद्धतियां अपनाई गई हैं :—

(1) निश्चित फार्मों में नियमित रूप से अर्ध-वार्षिक रिपोर्टें तैयार करना ;

(2) थोड़े-थोड़े अन्तरालों के पश्चात् वित्तपोषित संस्थाओं के फैक्ट्री स्थल पर जाकर जांच करना तथा लेखा-पुस्तकों की जांच पड़ताल करना ;

(3) वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय स्थिति तथा कार्य परिणामों से सम्बन्धित अर्ध-वार्षिक/वार्षिक सारणियों की जांच करना ; और

(4) उचित मामलों में, निगम के हित की देख-भाल करने और समय-समय पर कम्पनी के प्रबन्ध तथा संचालन के बारे में सूचना देने के लिए वित्तपोषित संस्थाओं के संचालक बोर्डों/प्रबन्धक वर्ग में सरकारी/गैर सरकारी नामित सदस्यों की नियुक्ति करना ; तथा

(5) वित्तपोषित संस्थाओं की व्यवस्था, जहां कहीं सम्भव हो, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों और/अथवा अन्य बाहरी संस्थानों द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी संगठन को सौंपा जाना ।

अनुवर्ती कार्यवाही अवस्था के दौरान अग्रणी संस्थान की धारणा—साझी पहुंच

33. अनुवर्ती कार्यवाही अवस्था के दौरान समस्याओं, विशेषकर औद्योगिक रुग्णता से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करने के लिए वर्तमान व्यवस्था में सुधार लाने की दृष्टि से "अग्रणी संस्थान" की धारणा को अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा अनुवर्ती

कार्यवाही के क्षेत्र तक विस्तृत किया गया है । सभी अनुवर्ती मामलों के सम्बन्ध में अग्रणी संस्थान निश्चित किए गए हैं । अग्रणी संस्थान, सम्बन्धित संस्थाओं के साथ नजदीकी सम्बन्ध बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होता है यह अन्य सम्बन्धित संस्थानों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करता है तथा बैंकों के साथ भी समन्वय बनाए रखता है । इन व्यवस्थाओं से सम्बन्धित संस्थाओं की प्रगति की ओर अधिक देख-भाल हुई है । रुग्ण इकाइयों के मामले में, अग्रणी संस्थान अन्य वित्तीय संस्थानों/बैंकों के साथ विचार-विमर्श तथा समन्वय स्थापित करके उनकी पुनर्स्थापन योजनाओं के बनाने कार्यान्वयन करने और संचालन करने का प्रयास करता है । संस्थानों में आपस में हुई सहमति के अनुरूप अब अग्रणी संस्थान वित्तपोषित संस्थाओं से सम्बन्धित कुछ विशेष संचालन मामलों में अन्य संस्थानों से विचार-विमर्श किए बिना भी निर्णय ले सकता है । लेकिन यह लिए गए निर्णय से अन्य भागीदारी संस्थानों और बैंकों को सूचित कर देता है । इसके अतिरिक्त, वित्तपोषित संस्था को अब सामान्यतः, अनुमोदनों के लिए परियोजना के सभी भागीदारी संस्थानों से अलग-अलग सम्पर्क स्थापित करने की आवश्यकता नहीं है । केवल अग्रणी संस्थान से ही सम्पर्क स्थापित करना पर्याप्त होगा ।

प्रगति रिपोर्टें

34. समरूपता की दृष्टि से प्रत्येक उद्योग की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्माण और संचालन काल में त्रैमासिक आधार पर प्रगति रिपोर्ट देने के लिए अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने साझे प्रपत्र बनाए हैं । ये प्रगति रिपोर्टें, निगम तथा अन्य संस्थानों द्वारा उपचारक सलाह प्रदान करने के अतिरिक्त संस्थानों को इनकी प्रगति तथा वित्तीय योजन को ध्यान में रखते हुए परियोजना के लिए निधियों के संवितरण करने में सहायता प्रदान करती हैं ।

अनुवर्ती कार्यवाही के लिए नियत किया गया अग्रणी संस्थान ही अब मुख्य रूप से वित्तपोषित संस्थाओं से समय पर प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने और उनकी जांच करने के लिए जिम्मेदार है तथा परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किए जाने वाले उपचारक उपायों से वित्तपोषित संस्था को सूचित भी करता है । अन्य संस्थानों को गतिविधियों से अवगत करा दिया जाता है ।

निरीक्षण

35. ऋण करार के बन्धक हो जाने की तारीख से लेकर जब तक ऋण का कोई भाग बकाया रहता है निगम के अधिकारी फैक्टरी स्थल पर जाकर परियोजना के निर्माण तथा कार्य-संचालन का निरीक्षण करते हैं तथा वित्तपोषित संस्थाओं की लेखा पुस्तकों की भी जांच की जाती है । संयुक्त वित्तपोषित के मामले में विस्तृत निरीक्षण के लिए प्राथमिक उत्तरदायित्व । जिम्मेदारी "अग्रणी संस्थान" की होती है । ये निरीक्षण निगम के वित्तीय तथा तकनीकी अधिकारियों के दल द्वारा किए जाते हैं ।

निरीक्षण दल अपने आपको इस बात से भी आश्वस्त करता है कि निगम से लिए ऋण की मूलधन राशि अलग बैंक खाते में रखी गई है, तथा इसका उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जा रहा है जिसके लिए उसे मंजूर किया गया है । यद्यपि क्षेत्रीय/शाखा कार्यालय "तत्क्षण निरीक्षण रिपोर्ट" सम्बन्धित अग्रणी संस्थान द्वारा अन्तिम रूप से तैयार तथा परिचालित की जाती है ।

परियोजना के वाणिज्यिक आधार पर उत्पादन शुरू कर देने के पश्चात् प्रथम निरीक्षण आम तौर पर पुनर्मूल्यांकन के रूप में किया जाता है ताकि लाभ सम्भावनाओं में होने वाले परिवर्तनों के कारणों का सही प्रकार से पता लगाया जा सके और परियोजना का उसके उचित परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन किया जा सके । विदेशी मुद्रा उप-ऋणों के मामले में, निरीक्षण रिपोर्टें सम्बन्धित वित्तीय संस्थानों को भी, आवश्यकतानुसार भेजी जाती है ।

लेखा परीक्षित वित्तीय सारणियों, परिपत्रों, आदि तथा शेयरधारियों की बैठकों के कार्यवृत्त का सावधानीपूर्वक अध्ययन तथा विश्लेषण किया जाता है ताकि कम से कम पिछले तीन वर्षों के दौरान उनकी प्रगति, लाभ व अन्य वित्तीय पहलुओं की तुलना की जा सके ।

समस्या मामले

36. निगम के प्रधान कार्यालय में 1973 में स्थापित सलाहकारी सेवाएं विभाग नए उद्यमकर्ताओं तथा अन्यों को उनकी परियोजनाओं के कार्यान्वयन की पूर्व अवस्थाओं तथा बाद की अवस्थाओं में, समस्या परियोजनाओं के गहन अनुरक्षण सहित, तकनीकी तथा वित्तीय क्षेत्रों में परामर्श एवं पथ-प्रदर्शन प्रदान कर रहा है, अब इसका नाम समस्या मामले विभाग (पी० सी० डी०) रख दिया गया है । निगम द्वारा वित्तपोषित रुग्ण इकाइयों के सम्बन्ध में पुनर्निर्माण प्रस्तावों की जांच करने के लिए उस विभाग में एक वित्तीय पुनर्निर्माण कक्ष भी बनाया गया है । ऐसे रुग्ण उपक्रमों के पुनरुत्थान के मामले में, जिनके लिए समन्वित दृष्टिकोण की आवश्यकता है, विभाग अन्य वित्तीय संस्थानों और वाणिज्यिक बैंकों तथा भारत सरकार द्वारा स्थापित औद्योगिक विकास विभाग के सचिव की अध्यक्षता में जांच-समिति के साथ भी नजदीकी सम्पर्क और समन्वय बनाए रखता है । समस्या मामले विभाग, उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन प्रबन्ध को अधिकार में लेने के लिए और प्रबन्ध को अधिकार में लेने के बाद अनुरक्षण कार्यवाही के लिए तथा जांच समिति के लिए समीक्षा तैयार करने के लिए आवेदनों के सम्बन्ध में उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक विकास विभाग से भी सम्पर्क बनाए रखता है ।

नामित संचालक

37. निगम तथा वित्तपोषित संस्थाओं के प्रबन्धक वर्गों के बीच निकट सम्बन्ध स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण आयाम उनके संचालक बोर्डों में अपने सदस्य नामित करना है । औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 25 (2) के अनुसरण में निगम, नीति के तौर पर वित्तपोषित औद्योगिक संस्थाओं के बोर्डों में दो संचालक नियुक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । संयुक्त वित्तीय सहायता के मामले में, यदि सहमति हो, यह सुनिश्चित किया गया है कि भागीदारी संस्थानों के एक अथवा अधिक सदस्य सामूहिक रूप से नामित किए जा सकें।

निगम उन सभी वित्तपोषित संस्थाओं के मामले में जिन्हें काफी मात्रा में वित्तीय सहायता दी गई है और/अथवा वित्तीय सहायता प्रदान करने के ऋण करारों में ऋणों के साधारण शेयरों में बदलने की संपरिवर्तन धाराएं अनुबन्धित की गई हैं, अपने प्रतिनिधि नामित करने का अधिकार का प्रयोग कर रहा है । सामान्यतः निम्नलिखित स्थितियों में वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में निगम अपने संचालक नामित करने की स्वेच्छा का उपयोग करता है :—

(i) जिन मामलों में निगम की वचनबद्धता तुलनात्मक रूप से अधिक हो ,

(ii) जिन मामलों में निगम के ऋणों के मूलधन तथा ब्याज की अदायगी में चूक की गई है, तथा

(iii) जिन मामलों में वित्तपोषित संस्थाओं पर सतर्कता रखने अथवा नजदीकी देखभाल रखने की अन्यथा आवश्यकता हो ।

संचालकों के रूप में नामित व्यक्ति या तो निगम के अपने अधिकारी होते हैं अथवा गैर सरकारी । गैर सरकारी व्यक्ति केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुमति से उस सांझी नामिका में से उचित व्यक्ति चुन कर की जाती है, जो भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा रखी गई है ।

निगम द्वारा संचालकों के रूप में नामित व्यक्ति निगम की स्वेच्छा से पद पर रह सकते हैं तथा इनके लिए शेयरों की कोई निश्चित मात्रा रखना अनिवार्य नहीं है और न ही ये क्रमिक रूप से कार्य-निवृत्त होते हैं। नामित संचालकों की व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए वित्तीय संथानों का ध्येय रहता है कि जहां तक संभव हो सके, तीन से चार वर्ष की अवधि के बाद वित्तपोषित संस्थाओं के संचालक बोर्डों में नामित संचालकों को क्रमानुसार परिवर्तित कर दिया जाए । इसके साथ ही, गैर सरकारी संचालकों की कुल संख्या, चाहे उनकी व्यक्तिगत हैसियत से हो, चाहे वित्तीय संस्थान के नामित के रूप में हो, सीमित रखी जाती है ताकि वे सम्बन्धित कम्पनियों के कार्य-कलाप में वांछित रुचि ले सकें ।

नामित संचालकों से यह आशा की जाती है कि जहां तक संभव हो सके, वे देखें कि ऐसी संस्थाओं के प्रबन्धक वर्ग कार्यों को इस प्रकार चलाएं कि वे सरकारी नीति के विरुद्ध न हों । संस्था के कार्य-कलापों से अवगत रखने के लिए प्रगति रिपोर्टों की भांति ही उद्योग-वार प्रपत्र बनाए गए हैं जिनमें कम्पनियों से आवश्यक सूचना तथा संचालन आंकड़े प्राप्त किए जाते हैं, जिस पर संचालक बोर्ड की प्रत्येक बैठक में विचार किया जाता है । नामित संचालकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना तथा निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श से संस्थाओं की प्रगति में आने वाली रुकावटों का समय पर निरूपण करने में मदद मिली है।

बैंकों के साथ समन्वय

38. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नियुक्त अन्तर-संस्थागत समिति (बुचर समिति के नाम से प्रख्यात) ने दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाले संस्थानों और वाणिज्यिक बैंकों के आधार कार्यों के समग्र क्षेत्र पर उपयोगी सिफारिशें दीं । इन सिफारिशों के तदनुरूप भारतीय रिज़र्व बैंक ने, दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाले संस्थानों और वाणिज्यिक बैंकों के बीच परियोजना परिचालन की अवधि तथा अनुवर्ती कार्यवाही और रुग्ण परियोजनाओं के पुनर्स्थापन तथा मूल्यांकन एवं वित्तपोषण की अवधि के दौरान समन्वय को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नवम्बर, 1978 में निर्देशक सिद्धान्त जारी किए ।

बुचर समिति की सिफारिशों के आधार पर बैंकों और दीर्घकालीन ऋण देने वाले संस्थानों के बीच समन्वय सम्बन्धी नीति मामलों पर विचार करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उप-गर्वनर की अध्यक्षता में एक स्थायी समिति का गठन किया गया । यह समिति अपने विचार-विमर्श को सामान्यतः समन्वय सम्बन्धी विस्तृत नीति विषयों और सामान्य नियमों तक ही सीमित रखती है । लघु उद्योग क्षेत्र सहित समग्र औद्योगिक क्षेत्र, जहां अनेक इकाइयां रुग्णता से प्रभावित होती है, के लिए आवश्यक पुनर्स्थापन उपायों से सम्बन्धित मामले भी समिति के सामने पेश किए जाते हैं ।

ऋणों का साधारण शेयरों में संपरिवर्तन

39. सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार निगम अपने द्वारा मंजूर किए ऋण के कुछ भाग को वित्तपोषित संस्था की साधारण पूंजी में संपरिवर्तन का अधिकार आरक्षित रखता है, जिसकी शर्तें विचार-विमर्श करके पहले ही तय कर ली जाती हैं । लेकिन समय-समय पर सरकार द्वारा प्राप्त हुए अनुदेशों के अनुरूप निम्नलिखित मामलों में संपरिवर्तन धारा लागू नहीं की जाती :

(क) विदेशी मुद्राओं में मंजूर ऋण ;

(ख) जिस औद्योगिक संस्था को 25 लाख रुपए से अधिक कुल रुपया वित्तीय सहायता मंजूर न की गई हो ;

(ग) सरकारी क्षेत्र के भी उपक्रमों को मंजूर रुपया ऋण, चाहे उनकी कुछ भी राशि हो अथवा कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 ख की परिधि में आने वाली कम्पनियां; और

(घ) उदार ऋण योजना के अधीन प्रदान रुपया ऋण ।

सरकार ने, हाल ही में, वित्तीय संस्थानों द्वारा औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय सहायता का संचालन करने वाले करारों में परिवर्तनीयता खण्ड जोड़ने के लिए नीति मार्गदर्शक सिद्धान्तों में कुछ परिवर्तन करने की घोषणा की है । ये परिवर्तन निम्नानुसार है :—

(1) परिवर्तनीयता खण्ड को इस प्रकार अनिवार्य रूप से जोड़ना इसके बाद केवल, वर्तमान 50.00 लाख रुपये की बजाए 1.00 करोड़ रुपये से अधिक वित्तीय सहायता के सम्बन्ध में ही आवश्यक होगा ।

(2) वित्तीय संस्थानों को संपरिवर्तन के विकल्प का इस प्रकार प्रयोग करना चाहिए कि वे विद्यमान संस्थाओं की शेयर पूंजी के 40 प्रतिशत से अधिक भाग न लें लेकिन, देय राशियों की प्रति अदायगी में निरन्तर चूकों, या कम्पनी की अव्यवस्था, या समुदाय के लिए अनिवार्य माल और सेवाओं की उत्पादक कम्पनी की औद्योगिक इकाई के तीन महीने से अधिक समय तक लगातार बन्द रहने की स्थिति में वित्तीय संस्थान, सरकार की सहमति से, संपरिवर्तन के विकल्प को इस प्रकार प्रयोग कर सकते हैं कि उनकी शेयरधारिता 51 प्रतिशत तक या उससे अधिक हो सकती है ।

(3) उदार ऋण योजना की तरह ही, संपरिवर्तन खण्ड को संस्थानों द्वारा पहले ही वित्तपोषित परियोजनाओं के सम्बन्ध में आधुनिकीकरण वित्तीय सहायता, विद्यमान क्षमता में अतिरिक्त संतुलन उपकरण, रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन अथवा अति-व्यय के मामलों में वित्तीय सहायता देने के मामले में परिवर्तनीयता खण्ड जोड़ा जाना आवश्यक नहीं है।

निगम, 30 जून, 1980 तक 409 संस्थाओं से सम्बन्धित 587 मामलों में (423 मामलों में ऋण करार बन्धक हो चुके हैं) परियोजनाओं के प्रवर्तकों से पूर्व विचार-विमर्श तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से अनुमोदन करके रुपया ऋण के साधारण शेयरों में संपरिवर्तन की शर्त लगा चुका था । 30 जून, 1980 को वास्तव में, इस अधिकार का 41 संस्थाओं के मामलों में उपयोग किया गया है और बहुत से अन्य मामलों में या तो विकल्प के उपयोग की अवधि का समय नहीं आया है या प्रतीक्षा करना उपयुक्त समझा गया और कुछ मामलों में सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद अधिकार के उपयोग से छूट प्रदान करना ही उचित समझा गया है ।

ऋणों की पुनर्अदायगी की प्रगति

40. निगम की कुछ वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा निगम के प्रति उनके दायित्वों को पूरा करने में बाकीदारियों के दो कारण हो सकते हैं : पहला, बाजार के दबावों, कच्चे माल की ऊंची लागत, कच्चे माल की अनुपलब्धता या कमी, बिजली की कमी आदि से सम्बन्धित है, दूसरा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलम्ब, कमजोर एवं असफल प्रबन्धक वर्ग जैसे, आन्तरिक कारणों और कमियों से सम्बन्धित है। इनसे वित्तपोषित संस्थाओं के कार्य पर हानिकर प्रभाव पड़ा है । ये कारण अलग-अलग या संयुक्त रूप से वित्तपोषित इकाइयों को प्रभावित करते हैं ।

बाकीदारियों का उद्योगवार विश्लेषण

41. 30 जून, 1980 तक बाकीदारियों का उद्योगवार ब्योरा तथा पिछले वर्ष के तुलनात्मक आंकड़े सारणी 8 में दिए गए हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, इंजीनियरिंग उद्योग में बाकीदारी संस्थाओं की संख्या 84 थी जो कि पिछले वर्ष 67 थी । बिजली की कटौती और तनावपूर्ण श्रमिक सम्बन्धों से इनमें से कुछ इकाइयों के परिचालन पर प्रभाव पड़ा और इससे अधिकांश संस्थाओं में कार्यकारी पूंजी की समस्याएं उत्पन्न हो गईं। कुछ मामलों में कमजोर और असफल प्रबन्धक वर्ग भी इन इकाइयों की असन्तोषजप्रद स्थिति का कारण रहा । निगम ने अन्य सम्बन्धित संस्थानों के साथ मिलकर इन इकाइयों के परिचालनों की लगातार समीक्षा की और उन्हें उनके सामान्य कार्य स्तर पर वापस लाने के लिए प्रयास किए गए। जिन मामलों में वित्तपोषित संस्थाओं का प्रबन्ध उपयुक्त नहीं था और इस वजह से उनका कार्य सन्तोषप्रद नहीं था, उनके सम्बन्ध में निगम ने अन्य सम्बन्धित संस्थानों के परामर्श से, इनमें से कुछ संस्थाओं के प्रबन्धक को इच्छुक स्वीकार्य उद्यमियों को सौंपने के प्रबन्ध किए ।

पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया कि बिजली उद्योग में दो रुग्ण इकाइयों को व्यावसायिक प्रबन्ध प्रवृत्त करके सफलतापूर्वक पुन: स्थापित किया गया । ये दोनों इकाइयां वर्ष के दौरान अपनी स्थिति में और सुधार लाने में सफल रहीं । उनमें से एक ने न केवल अपने वर्तमान दायित्व पूरे करने आरम्भ कर दिए हैं अपितु आंशिक रूप से प्रतिदेय ब्याज की अदायगी भी कर रहे हैं । दूसरी इकाई के सम्बन्ध में नियन्त्रक हित पर्याप्त प्रबन्धकीय और वित्तीय स्रोतों वाले अन्य समूह को सौंपे जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है । इस समूह की लाभ कमाने वाली एक संस्था को इस इकाई के साथ मिलाने का प्रस्ताव है ताकि इसकी दीर्घकालीन व्यावहार्यता सुनिश्चित की जा सके। बिजली उपभोक्ता वस्तुओं तथा फ्रेक्शनल हार्स पावर मोटरों का निर्माण करने वाली एक अन्य इकाई को एक स्वस्थ इकाई के साथ मिलाने से उसके परिचालन में बहुत अधिक सुधार हुआ तथा इसने निगम को वर्तमान देय राशि अदा करनी आरम्भ कर दी है। रेडियो, ट्रांजिस्टर और इलैक्ट्रानिक उपकरणों का निर्माण करने वाली एक अन्य इकाई को, सम्बन्धित उच्च न्यायालय से

अनुमोदन प्राप्त होने के बाद एक स्वस्थ इकाई के साथ मिला दिया जाएगा । स्विच गियर, एयर सर्किट ब्रेकर्स और ट्रांसफार्मर्स का निर्माण करने वाली एक अन्य इकाई को बहु इकाई वित्तीय रूप से सक्षम संस्था के साथ मिला दिया गया है । बिजली के मीटर और कंडक्टरों का निर्माण करने वाली एक इकाई के प्रबन्ध को, 1977 में निजी प्रवर्तकों से राज्य सरकार द्वारा ले लिए जाने के बाद, उसके कार्य में बहुत अधिक सुधार हुआ ।

सारणी 8

बाकीदारियों का उद्योगवार वर्गीकरण

(रुपये, लाखों में)

उद्योग	30 जून, 1979 तक बाकीदारियां				30 जून, 1980 तक बाकीदारियां				वकाया राशि की प्रतिशत बाकी-दार
	संस्थाओं की संख्या	मूलधन	ब्याज	जोड़	संस्थाओं की संख्या	मूलधन	ब्याज	जोड़	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
खनन .	3	47.50	39.75	87.25	4	64.00	52.53	116.53	39.1
चीनी .	46	443.29	300.29	743.58	70	896.40	503.94	1400.34	15.0
विविध खाद्य उत्पाद .	4	1.75	2.20	3.95	4	4.33	5.13	9.46	3.2
वस्त्र .	29	364.92	206.71	571.63	35	389.00	188.20	577.20	9.0
पटसन उत्पाद .	6	86.91	53.68	140.59	8	114.52	41.27	155.79	19.9
लकड़ी उत्पाद	3	2.54	8.95	11.49	4	6.56	18.64	25.20	7.1
कागज व कागज उत्पाद .	15	106.06	70.05	176.11	21	117.30	132.93	250.23	5.7
चमड़ा उत्पाद .	2	6.00	4.27	10.27	3	11.08	7.11	18.19	10.0
रबर उत्पाद .	7	196.37	76.12	272.49	7	216.34	86.89	303.23	18.9
मूल औद्योगिक रसायन .	6	48.98	55.09	104.07	11	84.59	69.69	154.28	9.8
उर्वरक और कीट-नाशक .	3	63.87	58.08	121.95	2	41.37	58.80	100.17	4.8
कृत्रिम रेशे और रेसिन्स .	3	25.75	16.97	42.72	4	56.02	22.39	78.41	5.3
विविध रसायन व रसायन उत्पाद .	6	32.00	7.26	39.26	8	53.75	12.98	66.73	9.8
कांच व कांच उत्पाद .	6	28.61	14.55	43.16	6	35.66	22.22	57.88	12.3
सीमेंट .	2	59.86	51.13	110.99	3	81.96	61.72	143.68	3.7
विविध अधातु खनिज उत्पाद	5	39.68	23.20	62.88	6	29.18	16.40	45.58	7.2
लोहा और इस्पात .	18	306.98	181.80	488.78	17	216.48	118.07	334.55	13.3
अलौह धातु .	3	96.51	19.95	116.46	3	110.86	19.85	130.71	78.9
धातु उत्पाद .	14	57.20	70.12	127.32	16	108.01	86.82	194.83	19.8

सारणी 8—क्रमश:

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
मशीनरी तथा पुर्जे .	17	136.51	64.09	200.60	24	159.39	97.84	257.23	15.0
बिजली मशीनरी, उपस्कर, उपकरण और पुर्जे .	14	194.37	121.62	315.99	18	227.83	110.59	338.42	20.8
परिवहन उपकरण .	4	138.12	33.75	171.87	9	191.09	66.74	257.83	19.7
विविध निर्माण उद्योग .	—	—	—	—	3	2.00	3.73	5.73	2.8
होटल .	11	45.03	52.48	97.51	10	61.39	70.79	132.18	13.2
बिजली .	1	1.25	—	1.25	—	—	—	—	—
जोड़ .	228	2530.06	1532.11	4062.17	296	3279.11	1875.27	5154.38	11.6

सरकारी क्षेत्र की एक लघु इस्पात इकाई के कार्य में, इसके वरिष्ठ प्रबन्ध को समर्थ बनाने के पश्चात् वर्ष के पिछले भाग के दौरान उल्लेखनीय सुधार हुआ ।

इस्पात ढलाई का निर्माण करने वाली एक इकाई और एल्युमीनियम के बर्तन तथा धातु-मिश्र का निर्माण करने वाली एक अन्य इकाई को, स्वस्थ इकाइयों के साथ मिलाकर पुन: स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जिन तीन इकाइयों के सम्बन्ध में औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 30 के अधीन पहले ही रिसीवर नियुक्त किए गए थे, उनके अपने-अपने उच्च न्यायालयों ने बिक्री आदेश पारित किए । इनमें से दो इकाइयों की परिसम्पत्तियों की बिक्री, सम्भावित खरीदारों द्वारा बिक्री की शर्तें पूरी करने के तत्काल बाद किए जाने की सम्भावना है ।

टेप्स, गेज और फास्टनर्स का निर्माण करने वाली दो इकाइयों के मामले में रिसीवर नियुक्त किए गए थे ।

स्कूटर निर्माण करने वाली एक वित्तपोषित इकाई की समस्याओं का वित्तीय संस्थानों द्वारा संयुक्त अध्ययन किए जाने के परिणामस्वरूप, उनमें से कुछ को व्यावहार्य आधार पर लाने के लिए पुनर्स्थापन योजनाएं तैयार की गई हैं।

वस्त्र उद्योग में बाकीदारी संस्थाओं की संख्या 35 थी, जोकि पिछले वर्ष 29 थी । वस्त्र उद्योग की इकाइयों द्वारा संस्थानों को देय राशियों के बाकीदारी होने का मुख्य कारण था उचित प्रबन्ध का अभाव । बिजली की कटौती और तनावपूर्ण औद्योगिक सम्बन्धों से समस्याएं और अधिक बढ़ गई हैं। वित्तीय संस्थान सम्बन्धित राज्य सरकारों के सहयोग से सहकारी क्षेत्र की वस्त्र इकाइयों की बकाया को वसूल करने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं।

रुग्ण वस्त्र मिल (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1974 के अधीन राष्ट्रीयकरण की गई सात इकाइयों के मामले में उक्त अधिनियम के अधीन निर्धारित मुआवजे की राशि, निगम की देयताओं, विशेषकर उस स्थिति में जबकि उक्त अधिनियम के अनुसार मुआवजा वितरण की योजना में निगम की बकाया को तुलनात्मक रूप से निम्न प्राथमिकता मिली है, को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। उक्त सात मामलों में निगम ने अदायगी आयुक्त के सामने अपने दावे पेश किए हैं, लेकिन केवल तीन मामलों में निगम के दावों का निर्णय हो पाया है, और दो मामलों में निगम को राशि प्राप्त हो चुकी थी और बकाया की आंशिक सन्तुष्टि के रूप में इसका समायोजन कर दिया गया था । एक मामले में, मुकदमें में बिक्री प्राप्त हो गई है और प्रतिवादियों ने आदेश के विरुद्ध अपील दायर कर दी है । एक अन्य मामले में मुकदमा खारिज कर दिया गया है और निगम ने आदेश के विरुद्ध अपील करने का फैसला किया है।

निगम ने, इसके द्वारा वित्तपोषित तीन कोयला कम्पनियों के सम्बन्ध में अदायगी आयुक्त के सामने भी दावे पेश किए । इन कम्पनियों की खानों का कोकिंग कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम/कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम के अधीन राष्ट्रीयकरण किया गया था । एक मामले में निगम के दावे का निर्णय हो गया है और मुआवजे की राशि में से कुछ राशि निगम को प्रदान की गई । निगम ने अदायगी आयुक्त के आदेश के विरुद्ध अपील दायर कर दी थी ।

वर्ष के दौरान चीनी उद्योग में बाकीदारी संस्थाओं की संख्या 70 थी, जोकि पिछले वर्ष 46 थी । अगस्त 1978 में चीनी का नियंत्रण हटाने से और अनुवर्ती परिणामों तथा देश में सूखा पड़ने से 1979-80 में चीनी के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ।

वित्तीय संस्थानों/बैंकों द्वारा तैयार किए गए पुनर्स्थापन उपायों से तमिलनाडु की एक चीनी इकाई जिसके परिचालन में 1975-76 के दौरान बहुत बड़ी बाधा आई थी, पूर्ण रूप से ठीक हो गई और अपने अतिदेय दायित्वों का काफी भाग अदा करने में समर्थ हो गई ।

वर्ष के दौरान रसायन उद्योग की बाकादारी संस्थाओं में सुधार हुआ । सुपर फास्फेट के निर्माण में लगी एक इकाई को एक स्वस्थ इकाई को सौंपे जाने से इसके परिचालनों में सुधार हुआ और इसने निगम के प्रति अपनी वचनबद्धता पूरी करनी शुरू कर दी है ।

चमकीले कागज का निर्माण करने वाली एक इकाई के प्रबन्ध मिलान कार्यक्रम कार्यान्वित होने तक ख्याति प्राप्त प्रबन्धकीय योग्यता वाली एक सुप्रतिष्ठित इकाई को हस्तांतरित कर दिया गया । इकाई ने पहले ही नए प्रबन्ध के अन्तर्गत प्रोत्साहक परिणाम दिखाने शुरू कर दिए थे । 1978 से बन्द पड़ी एक और इकाई को उसके प्रबन्ध में परिवर्तन करके पुनः स्थापित किया गया । इसके परिणामस्वरूप निगम अपनी पूर्ण साधारण शेयर धारिता और अतिदेय ब्याज सहित इसके देय दीर्घावधि ऋण/आस्थगित अदायगी का 55 प्रतिशत भाग वसूल करने योग्य हो गया । इकाई के परिचालन बढ़ने आरम्भ हो गए हैं ।

विदेशी टेक्नोलाजी पर आधारित रबर रसायन का निर्माण करने वाली एक इकाई से, उसे एक बड़े समूह की स्वस्थ इकाई के साथ मिलाकर वसूली आरम्भ कर दी गई है ।

एथिल एल्कोहाल, स्टाइरीन मोनोमर और पोलीस्ट्रीन का निर्माण करने वाली एक इकाई, पिछले वर्ष की रिपोर्ट में जिसके प्रबन्ध में परिवर्तन और परिचालन में अनुवर्ती सुधार का उल्लेख किया गया था, में वर्ष के दौरान सराहनीय प्रगति हुई । इसे वित्तीय रूप से सक्षम किसी इकाई के साथ मिलाने के सम्बन्ध में सरकार के अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही है ।

बिनौले और अन्य बीजों से वनस्पति तेल का निर्माण करने वाली सहकारी क्षेत्र की एक इकाई के पुनरुद्धार के लिए उपाय किए गए हैं, उसी राज्य में सहकारी क्षेत्र की एक स्वस्थ इकाई को इसकी फैक्टरी पट्टे पर दे दी गई है ।

साइकिल टायरों और ट्यूबों का निर्माण करने वाली एक इकाई, जिसकी फैक्टरी फरवरी 1977 में एक अन्य संस्था को पट्टे पर दे दी गई थी, ने निगम को देय राशि अदा करनी शुरू कर दी है ।

42. सारणी 9 और 10 में वे रकमें दिखाई गई हैं, जो पिछले तीन वर्षों के अन्त में ब्याज और मूलधन की अदायगी के रूप में लेनी थीं और जो रकमें वसूल हुई थीं । इसमें प्रत्येक वर्ष के अन्त में बाकादारी की रकमों का ब्योरा भी दिया गया है :—

सारणी 9

ब्याज की वसूली

(रुपये, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया ऋण	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया ब्याज	वर्ष के दौरान ब्याज की देय रकम	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान ब्याज की प्राप्त रकम	वर्ष के दौरान ब्याज की अदायगी में चूक होने से बकाया रकम
1	2	3	4	5	6	7
1978	28469.84	1211.10	2582.96	3794.06	2082.61	1506.55
1979	32830.31	1506.55	3155.05	4661.60	2613.86	1532.11
1980	37067.64	1532.11	3615.99	5148.10	2941.93	1875.27

*इसमें वे राशियां शामिल नहीं हैं, जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है । तकनीकी रूप से ऐसे मामलों को चूके नहीं माना जाता ।

सारणी 10

मूलधन की अदायगी

(रुपये, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया ऋण*	वर्ष के प्रारम्भ में मूलधन की देय रकम	वर्ष के दौरान मूलधन की देय रकम	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान ब्याज की प्राप्त रकम	वर्ष के दौरान मूलधन की अदायगी में चूक से बकाया रकम
1	2	3	4	5	6	7
1978	28469.84	1470.38	2532.39	4002.77	1828.63	2115.47
1979	32830.31	2115.47	2987.08	5102.55	2184.83	2530.06
1980	37067.64	2530.06	3683.65	6213.71	2265.51	3279.11

*इसमें बकाया ऋण शामिल नहीं है जिनकी किस्तें अदायगी में चूकें होने के कारण अस्थगित कर दी गई हैं और जिनकी गारंटी निगम ने दी थी और इसलिए निगम को उन्हें अदा करना पड़ा । ऐसे ऋणों और उनके ब्याज का ब्यौरा सारणी 11 में दिया गया है ।

**इसमें वे राशियां शामिल नहीं हैं जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है । तकनीकी रूप से ऐसे मामलों को चूकें नहीं माना जाता ।

30 जून, 1980 को 442.85 करोड़ रुपये के कुल बकाया रुपया तथा विदेशी मुद्रा ऋणों में ब्याज की 1875.27 लाख रुपये बाकीदारी थी जो कि कुल ऋणों का 4.2 प्रतिशत है, यह बाकीदारी पिछले वर्ष 4.1 प्रतिशत थी । उपरिलिखित 1875.27 लाख रुपये की राशि में कुछ वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा वर्ष के दौरान की बाकीदारी शामिल नहीं है जिनकी साख स्थिति बहुत सन्तोषजनक नहीं थी, जैसा कि लेखे के साथ संलग्न टिप्पणियों में उल्लेख किया गया है । इसके अतिरिक्त मूलधन की 3279.11 लाख रुपये की बाकीदारी थी, जोकि बकाया ऋणों का 7.4 प्रतिशत है, पिछले वर्ष यह बाकीदारी 6.4 प्रतिशत थी ।

जिन आस्थगित अदायगियों के लिए निगम ने गारंटी दी थी उनकी किस्तों में चूकें होने के कारण निगम द्वारा पिछले तीन वर्षों में अदा की गई बाकीदारी रकमें और उस पर देय ब्याज का ब्यौरा सारणी 11 में दिया गया है ।

सारणी 11

निगम द्वारा आस्थगित अदायगियों के लिए दी गई गारंटी की बकाया रकमें

(रुपये, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बाकीदारी की रकम	वर्ष के दौरान बाकीदारी की रकम	जोड़	वर्ष के दौरान वसूलियां	वर्ष के अन्त में देय बाकीदारी की रकम
1	2	3	4	5	6
1978	138.36	35.36	173.72	9.86	163.86
1979	163.86	20.97	184.83	6.93	177.90
1980	177.90	6.01	183.97	16.27	167.70

पुनर्भुवायगी की समग्र स्थिति

43. समग्र अवधि, अर्थात् 1948–80 के दौरान पुनर्भुवायगी/अदायगी के लिए देय मूलधन और ब्याज की कुल राशि 488.72 करोड़ रुपये थी और तिदेय राशियों में संशोधन करने के समायोजन के बाद, ब्याज और मूलधन दोनों के खाते में उक्त अवधि के लिए ऋण वसूली अनुपात लगभग 88 प्रतिशत रहा ।

कार्यों की समीक्षा—1948-80

44. विकास बैंकिंग के क्षेत्र में अब निगम को बत्तीस वर्ष की अवधि का अनुभव हो गया है । 1265 परियोजनाओं को 1047.24 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करके विविध क्षेत्रों में औद्योगिक प्रगति में निगम ने वास्तव में महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय योगदान किया है ।

निगम ने जब अपना परिचालन आरम्भ किया उस समय इसकी सहायता मुख्य रूप से पारम्परिक उद्योगों तक सीमित थी । अब, वर्षों के दौरान विकसित हो रहे ठोस टेक्नोलाजिकल आधार और देश में सामान्य आर्थिक विकास होने से निगम के पास वित्तीय सहायता के लिए विविध प्रकार की परियोजनाएं आती हैं जिनमें विकसित और परिष्कृत टेक्नोलाजी अपनाई गई होती है। टेक्नोलाजिकल परिष्करण और मुद्रा स्फीति दोनों के कारण इन परियोजनाओं के लिए दी जाने के लिए अपेक्षित पूंजीगत लागत भी बहुत अधिक बढ़ गई है । इससे "सांझा वित्तपोषण" देने के दृष्टिकोण को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिला है, जिसका लक्ष्य जोखिम, स्रोतों और सुविज्ञता को आपस में बांटना है। निगम ने इस सम्बन्ध में मुख्य साझेदार की भूमिका अदा की है ।

परियोजना मूल्यांकन और अनुवर्ती कार्यवाही के क्षेत्रों में, विशेषत: हाल ही के वर्षों में दी गई चेतावनियां विभिन्न प्रकार की हैं। इस प्रक्रिया में निगम ने काफी महत्वपूर्ण जानकारी और अनुभव प्राप्त कर लिया है, जिसमें न केवल इसे अपने निवेश निर्णय लेने में ही, अपितु इसकी वित्तपोषित संस्थाओं की स्वस्थ प्रगति में भी सहायता प्राप्त होती है । "तेल संकट के बाद की स्थिति", देश और विदेश में मुद्रा स्फीति से औद्योगिक परियोजनाओं के लिए नई और कठिन समस्याएं विशेष रूप से उत्पन्न हो गई हैं । तदनुसार, परियोजनाओं के मूल्यांकन और मूल्य-निर्धारण तथा परियोजनाएं चालू होने पर अनुवर्ती कार्यवाही के लिए संभावनाओं और मापदण्डों में लगातार पुनरावलोकन तथा सुधार की आवश्यकता है । निगम सहित वित्तीय संस्थानों ने, इस सन्दर्भ में परियोजनाओं की पूंजीगत लागत में अतिव्यय की स्थिति में वित्तपोषण करने की समस्या का भी, हमेशा बढ़ती हुई मात्रा में सामना किया है । कच्चे माल की बढ़ी हुई लागत जो उत्पादन की समग्र लागत में वृद्धि का कारण रही है, से अक्सर वित्तपोषित परियोजनाओं की यथार्थ व्यवहार्यता संकट में पड़ने की आशंका होती है । आन्तरिक अभावों के साथ मिलकर बाह्य पहलुओं तथा प्रबन्ध समस्यों के कारण कुछ वित्तपोषित संस्थाओं का कार्य असन्तोषजनक हो गया है । निगम तथा अन्य वित्तीय संस्थानों को, औद्योगिक विकास के उत्प्रेरण के रूप में, परियोजनाओं को रुग्ण होने से बचाने के लिए समय पर उपाय करने में सहायता देने तथा रुग्ण हो गई परियोजनाओं को पुनर्जीवित/पुनर्स्थापित करने की दृष्टि से औद्योगिक इकाइयों के कार्यकलापों के सम्बन्ध में निकट सम्पर्क रखना होता है । निगम ने लगातार अपने आपको औद्योगिक मंच पर पनपने के लिए समायोजित किया है, समग्र परिस्थितियों को ध्यान में रखकर, अकेले अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर, जहां भी आवश्यकता हुई, राजकोषीय अथवा अन्य प्रकार से केन्द्रीय और राज्य सरकारों से सहायता प्राप्त की है ।

"प्रसार" और "परिप्रेक्ष्य"

45. 30 जून, 1980 तक निगम द्वारा 1072 संस्थाओं की 1265 परियोजनाओं को 1047.24 करोड़ रुपये की राशि (जिसमें 7744.27 करोड़ रुपये की कुल पूंजीगत लागत भी शामिल है) की सहायता विभिन्न क्षेत्रों सहित समग्र देश में प्रसारित है ।

"सहकारी" क्षेत्र द्वारा 173 परियोजनाओं के लिए 166.31 करोड़ रुपये की राशि और "सरकारी" एवं "संयुक्त" क्षेत्रों द्वारा 205 परियोजनाओं के लिए 216.10 करोड़ रुपये की राशि की सहायता की मांग की गई। निजी निगमित क्षेत्र की 887 परियोजनाओं के लिए 664.83 करोड़ रुपये की सहायता दी गई ।

46. कुल मिलाकर 769.06 करोड़ रुपये की राशि का संवितरण किया गया, जो मंजूर सहायता का 73.4 प्रतिशत है। 30 जून, 1980 तक 474.85 करोड़ रुपये की सहायता दी गई ।

औद्योगिक सहकारिताएं

47. औद्योगिक "सहकारिता" क्षेत्र में 173 परियोजनाओं को निगम द्वारा 166.31 करोड़ रुपये की संचयी सहायता प्राय: समग्रत: रुपया ऋणों के रूप में प्रदान की गई (निगम द्वारा मंजूर की गई 819.76 करोड़ रुपये की कुल रुपया ऋण सहायता का 20.3 प्रतिशत) ।

"सहकारिता" क्षेत्र को मंजूर की गई सहायता के विश्लेषण से स्पष्ट है कि इस सहायता का लगभग 81 प्रतिशत भाग नई परियोजनाओं के लिए है ।

औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर की गई सहायता का लगभग 45 प्रतिशत भाग अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थित 79 परियोजनाओं को दिया गया है ।

48. 30 जून, 1980 तक औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर की गई सहायता का राज्यवार और उद्योगवार वितरण सारणी 12 में दिया गया है ।

सारणी 12

औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर सहायता—1948–80

(रुपये, लाखों में)

राज्य/क्षेत्र	उद्योगवार मंजूर सहायता								कुल का प्रतिशत
	चीनी		सूत कताई		अन्य		कुल		
	सं०	राशि	सं०	राशि	सं०	राशि	सं०	राशि	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
आन्ध्र प्रदेश .	12	1131.00	4	235.00	—	—	16	1366.00	8.2
असम . .	1	60.00	—	—	1*	78.50	2	138.50	0.8
बिहार .	1	90.00	1	24.70	—	—	2	114.70	0.7
गुजरात .	12	898.50	2	242.50	3**	550.00	17	1691.00	10.2
हरियाणा .	4	286.00	1	100.00	—	—	5	386.00	2.3
कर्नाटक .	13	1095.25	3	179.00	1***	22.50	17	1296.75	7.8
केरल . .	2	180.00	1	82.00	—	—	3	262.00	1.6
मध्य प्रदेश .	1	80.00	1	80.00	—	—	2	160.00	1.0
महाराष्ट्र .	51	6169.70	14	997.00	—	—	65	7166.70	43.1
उड़ीसा . .	2	205.00	2	109.00	—	—	4	314.00	1.9
पंजाब . .	4	370.00	1	100.00	—	—	5	470.00	2.8
राजस्थान .	1	95.00	2	164.50	—	—	3	259.50	1.5
तमिलनाडु .	9	924.00	2	85.00	—	—	11	1009.00	6.1
उत्तर प्रदेश .	15	1517.00	4	290.00	—	—	19	1807.00	10.9
पश्चिमी बंगाल .	—	—	1	40.00	—	—	1	40.00	0.2
गोआ .	1	150.00	—	—	—	—	1	150.00	0.9
जोड़ .	129	13251.45	39	2728.70	5	651.00	173	16631.15	100.0

*पटसन सहकारिता ।

**दो इकाइयां. उर्वरक उद्योग में एक सहकारिता तथा कृत्रिम रेशा उद्योग में एक सहकारिता ।

***वनस्पति तेल पिराई सहकारिता ।

"सहकारिता" क्षेत्र में चीनी सहकारिता को 132.51 करोड़ रुपये की सहायता ("सहकारिता" क्षेत्र को मंजूर की गई कुल सहायता का 79.7 प्रतिशत) देने में यह "सहकारिता" क्षेत्र को दी जाने वाली निगम की सहायता का प्रमुख हिताधिकारी रहा है । सूत कताई क्षेत्र में 39 सहकारिताओं को 27.29 करोड़ रुपये ("सहकारिता" क्षेत्र को मंजूर की गई कुल सहायता का 16.4 प्रतिशत) की सहायता प्राप्त हुई । अन्य उद्योगों जैसे, उर्वरक, वनस्पति तेल पिराई, पटसन और कृत्रिम रेशे की पांच सहकारी परियोजनाओं को 6.51 करोड़ रुपये ("सहकारिता" क्षेत्र को मंजूर की गई कुल सहायता का 3.9 प्रतिशत) की सहायता प्रदान की गई ।

"सरकारी", "संयुक्त" और "निजी" निगमित क्षेत्र

49. 30 जून, 1980 तक निगमित क्षेत्र की 1092 परियोजनाओं के सम्बन्ध में 880.93 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई । इसमें "सरकारी" क्षेत्र की 106 परियोजनाओं के लिए 102.14 करोड़ रुपये और "संयुक्त" क्षेत्र की 94 परियोजनाओं के लिए 113.96 करोड़ रुपये की सहायता भी शामिल है । "निजी" निगमित क्षेत्र की 881 परियोजनाओं के लिए 664.83 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध की गई ।

50. सारणी 13 में "सरकारी" और "संयुक्त" क्षेत्र को तथा सारणी 14 में "निजी" क्षेत्र को मंजूर की गई संचयी सहायता का उद्योगवार वितरण दिया गया है ।

सारणी 13

सरकरी तथा संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं को उद्योगवार सहायता का वितरण

(रुपये, लाखों में)

उद्योग	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	मंजूर सहायता
1	2	3	4
वस्त्र	53	15574.87	3479.00
मूल औद्योगिक रसायन	21	23775.45	3238.23
उर्वरक	6	47899.03	2330.50
सीमेंट	9	23438.00	2174.00
कागज	11	21700.44	2117.90
चीनी	14	7311.88	1370.34
लोहा व इस्पात	13	11822.93	1278.05
बिजली मशीनरी, उपस्कर, उपकरण और पुर्जे	12	6114.47	827.15
विविध रसायन	13	4347.89	801.57
कृत्रिम रेशे और रेसिन्ज	4	8655.00	717.99
मशीनरी	6	3596.98	569.46
स्कूटर और पुर्जे	7	3272.00	338.99
कांच व कांच उत्पाद	4	2801.19	321.26
रबर उत्पाद	3	4846.00	298.50
खनन	4	6550.17	295.00
विविध अधातु खनिज उत्पाद	4	1492.00	295.75
विविध खाद्य उत्पाद	3	1366.00	240.00
पटसन उत्पाद	2	1290.00	225.00
धातु उत्पाद	3	1225.00	214.33
चमड़ा उत्पाद	6	1151.60	212.32
लकड़ी उत्पाद	2	833.00	115.23
विविध निर्माण उद्योग	3	477.00	92.50
प्राकृतिक गैस	1	400.00	30.00
नारियल जटा उत्पाद	1	243.40	27.00
जोड़	205	200184.30	21610.07

सारणी—14

निजी निगमित क्षेत्र परियोजनाओं को मंजूर की गई सहायता का उद्योगवार वितरण

(रुपये, लाखों में)

उद्योग	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर सहायता
1	2	3
वस्त्र	174	10516.05
कागज व कागज उत्पाद	60	6044.23
सीमेन्ट व सीमेन्ट उत्पाद	47	6001.91
लोहा और इस्पात	72	5302.33
मूल औद्योगिक रसायन	47	4505.47
मशीनरी	80	3941.04
अलौह धातु उद्योग	23	3506.10
परिवहन उपस्कर और पुर्जे	42	3273.56
कृत्रिम और मानव-निर्मित रेशे, रेसिन्ज और प्लास्टिक सामग्री	30	2961.93
उर्वरक और कीटनाशक	11	2680.15
बिजली	10	2433.00
रबर उत्पाद	19	2390.95
बिजली मशीनरी, उपस्कर, उपकरण और पुर्जे	46	2173.97
चीनी	33	1801.69
धातु उत्पाद	41	1685.93
होटल	29	1441.75
विविध अधातु खनिज उत्पाद	23	1352.64
पटसन उत्पाद	22	1335.38
विविध रसायन	28	872.74
कांच व कांच उत्पाद	13	649.41
खनन	5	555.00
अन्य	32	1057.13
जोड़	887	66482.36

51. निम्नलिखित अवतरणों में निगमित क्षेत्र को मंजूर सहायता का विश्लेषण किया गया है ।

रुपया ऋण

रुपया ऋणों के रूप में 653.53 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई, जो निगमित क्षेत्र की कुल सहायता का 74.2 प्रतिशत है । रुपया ऋणों के रूप में, निगमित क्षेत्र को संवितरणों की राशि 30 जून, 1980 को 446.54 करोड़ रुपए थी ।

विदेशी मुद्रा ऋण

निगमित क्षेत्र को विदेशी मुद्रा ऋण के रूप में 94.95 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई, जबकि संवितरण 70.43 करोड़ रुपए का रहा ।

विदेशी मुद्रा ऋणों के सम्बन्ध में 30 जून, 1980 तक की स्थिति सारणी 15 में दी गई है ।

सारणी–15

निगमित क्षेत्र को विदेशी मुद्रा ऋण

मुद्रा	उप-ऋणों की सं०	मंजूरियां (निवल)		जारी किए गए		संवितरित राशि	
		विदेशी मुद्रा (दस लाख में)	रुपए (लाखों में)	विदेशी मुद्रा (दस लाख में)	रुपए (लाखों में)	विदेशी मुद्रा (दस लाख में)	रुपए (लाखों में)
1	2	3	4	5	6	7	8
पश्चिमी जर्मन मार्क .	266	230.536	4711.48	195.567	4007.52	171.291	3497.42
अमरीकी डालर .	57	26.750	1963.27	26.750	1963.27	26.750	1963.27
फ्रांसिसी फ्रांक .	13	14.890	203.34	14.800	202.07	14.800	202.07
पौंड स्टर्लिंग .	41	7.278	1291.91	5.938	812.43	4.608	807.82
स्वेडिस क्रोनर्स .	17	72.936	1325.36	35.822	665.52	29.579	571.84
जोड़ .	394		9495.36		7650.81		7043.42

हामीदारियां

30 जून, 1980 तक हामीदारियों के 600 आवेदनों पर 71.98 करोड़ रुपए की साधारण शेयरों, अधिमान शेयरों और डिबेंचरों के रूप में हामीदारी दी । 30 जून, 1980 तक जारी की गई हामीदारियां तथा जिन हामीदारियों को अन्तिम रूप दिया गया उनका विवरण सारणी 16 में दिया गया है ।

सारणी–16

हामीदारी कार्य

(रुपये, लाखों में)

	हामीदारी	रकम जो निगम को देनी पड़ी	(3) से (2) का प्रतिशत
1	2	3	4
साधारण शेयर	3149.36	1957.42	62.2
अधिमान शेयर	996.84	814.00	81.7
डिबेंचर	1075.50	892.80	83.0
जोड़	5221.70	3664.22	70.2

प्रत्यक्ष अभिदान

30 जून, 1980 तक निगम ने प्रत्यक्ष अभिदान के 105 आवेदनों पर 7.90 करोड़ रुपए मंजूर किए, जिनमें 5.70 करोड़ रुपए के साधारण शेयर 0.32 करोड़ रुपए के अधिमान शेयर तथा 1.88 करोड़ रुपए के डिबेंचर शामिल थे । इनमें से निगम द्वारा लिए गए शेयरों और डिबेंचरों के सम्बन्ध में हामीदारी दायित्वों के अनुरूप 32 शेयर निर्गमों के लिए 3.83 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष अभिदान करना पड़ा ।

संयंत्र तथा मशीनरी की आस्थगित अदायगियों के लिए गारंटियां

30 जून, 1980 को 45 आवेदनों पर आस्थगित अदायगियों के लिए 28.96 करोड़ रुपए की अमल गारंटियां मंजूर की गईं। 30 जून, 1980 तक जारी की गई गारंटियों की कुल राशि 28.76 करोड़ रुपए थी। गारंटियों के अधीन 30 जून, 1980 को 0.45 करोड़ रुपए की राशि बकाया थी।

विदेशी वित्तीय संस्थानों से प्राप्त

विदेशी मुद्रा ऋणों के लिए गारंटियां

निगम ने 30 जून, 1980 तक 6 आवेदन पत्रों पर 23.61 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा ऋण गारंटियां मंजूर कीं। 5 आवेदनों के सम्बन्ध में वास्तव में जारी की गई गारंटियों की राशि 23.53 करोड़ रुपए थी तथा 30 जून, 1980 तक इन गारंटियों के सम्बन्ध में 0.08 करोड़ रुपए की राशि बकाया थी।

कम विकसित क्षेत्रों को सहायता

52. 30 जून, 1980 तक अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की 473 परियोजनाओं को 425.33 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की है, जो कुल मंजूरियों का 40.6 प्रतिशत है। सारणी 17 में निगम द्वारा कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं को दी गई सहायता का ब्योरा दिया गया है।

सारणी—17

कम विकसित क्षेत्रों की परियोजनाओं को सहायता

(रुपए लाखों में)

वर्ष	कुल सहायता*	कम विकसित क्षेत्रों/जिलों की परियोजनाओं को सहायता*	प्रतिशत शेयर
स्थापना से लेकर जून 1970 तक	32565	8464	26.0
1970-71	2666	527	19.8
1971-72	3693	1317	35.7
1972-73	4164	1990	47.8
1973-74	3546	1417	40.0
1974-75	3209	1726	53.8
1975-76	4777	2332	48.8
1976-77	9214	5941	64.5
1977-78	10721	5510	51.4
1978-79	15188	6412	42.2
1979-80	14981	6897	46.0
उप-जोड़ : 1970-71 से 1979-80	72159	34069	47.2
कुल जोड़	104724	42533	40.6

*30 जून, 1980 को निवल प्रभावी मंजूरियां।

सारणी 18 में अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं को मंजूर की गई सहायता का उद्योगवार वितरण दिखाया गया है। जिन प्रमुख उद्योगों को निगम की सहायता का लाभ प्राप्त हुआ है और जो अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थित हैं, वे सामान्यतः चीनी, कागज और कागज उत्पाद, सीमेन्ट, उर्वरक, आदि, जैसे, "उच्च प्राथमिक" उद्योग हैं।

सारणी–18

कम विकसित जिलों/क्षेत्रों को मंजूर सहायता का उद्योगवार विवरण 1948–80

(रुपए करोड़ों में)

उद्योग	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	मंजूर की गई सहायता
1	2	3	4
चीनी	77	897.23	74.49
रसायन और रसायन उत्पाद :			
मूल औद्योगिक रसायन	31	229.70	24.70
उर्वरक	9	512.25	18.78
कृत्रिम रेशे	5	99.18	10.50
कृत्रिम रेसिन्ज़	1	2.70	0.32
अन्य रसायन और रसायन उत्पाद	24	58.22	10.44
वस्त्र	101	294.85	64.78
सीमेंट	25	480.73	52.29
कागज और कागज उत्पाद	39	324.20	50.90
लोहा और इस्पात	32	233.38	21.84
अलौह धातुएं	8	92.12	15.19
रबर उत्पाद	11	136.88	11.95
मशीनरी तथा पुर्जे	15	103.50	11.83
विविध अधातु खनिज पदार्थ	13	48.72	9.42
धातु उत्पाद	12	32.57	8.24
परिवहन उपस्कर	10	70.70	6.72
बिजली मशीनरी और उपस्कर	12	32.59	6.61
पटसन	8	16.34	4.47
विविध खाद्य उत्पाद	8	28.76	4.28
लकड़ी उत्पाद	5	20.18	4.03
कांच	5	25.13	3.94
खनन	5	64.11	3.02
होटल	5	7.81	2.66
चमड़ा उत्पाद	6	12.39	2.15
विविध निर्माण उद्योग	3	5.52	1.08
बिजली	2	0.66	0.43
नारियल जटा उत्पाद	1	2.43	0.27
जोड़	473	3232.85	425.3

रियायती सहायता

53. निगम ने जुलाई, 1970 में अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में नई परियोजनाएं लगाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने की दृष्टि से रियायती वित्त प्रदान करने की दृष्टि से रियायती वित्त प्रदान करने की घोषणा की थी । समय-समय पर योजना को उदार किया गया और इसका क्षेत्र और भी विस्तृत कर दिया गया । इस योजना के दायरे में सभी परियोजनाएं जैसे, नई, विस्तार अथवा विशाखन आती हैं चाहे उनकी पूंजी लागत कुछ भी हो । इस योजना की मुख्य बातों का उल्लेख परिशिष्ट "ज" में दिया गया है और अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की सूची परिशिष्ट "झ" में दी गई है ।

रियायती वित्त योजना के अधीन निगम ने 30 जून, 1980 तक 323 परियोजनाओं को 168.07 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की । इन परियोजनाओं पर कुल 2187.55 करोड़ रुपए की पूंजी लागत आएगी । सारणी 19 में मंजूर की गई सहायता का प्रकार दिखाया गया है ।

सारणी–19

(रुपये लाखों में)

रियायती दरों पर मंजूर की गई सहायता

सहायता का प्रकार	रियायती शर्तों पर मंजूर सहायता
रुपया ऋण	13928.49
विदेशी मुद्रा ऋण	982.02
हामीदारियां/प्रत्यक्ष अभिदान	1896.46
जोड़	16806.97

परियोजना के प्रकार के अनुसार मंजूरियां

54. 30 जून, 1980 तक निगम द्वारा मंजूर की गई सहायता का परियोजना के प्रकार के अनुसार वर्गीकरण सारणी 20 में दिया गया है । निगम द्वारा मंजूर की गई कुल सहायता का 62.2 प्रतिशत, अर्थात् 651.49 करोड़ रुपए की राशि नई परियोजनाओं को दी गई । ऐसी परियोजनाओं की कुल पूंजीगत लागत 4794.37 करोड़ रुपए थी ।

विद्यमान परियोजनाओं को उनकी विस्तार और विशाखन योजनाओं के लिए 231.82 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई, जो कुल मंजूर सहायता का 22.1 प्रतिशत था । परियोजनाओं के आधुनिकीकरण और नवीकरण, आदि के लिए 13.82 करोड़ रुपए की सहायता दी गई, जो उदार ऋण योजना के अधीन मंजूर 120.11 करोड़ रुपए की सहायता के अतिरिक्त है और यह कुल मंजूर सहायता का 15.7 प्रतिशत है ।

सारणी–20

कुल मंजूर सहायता का परियोजना के प्रकार के अनुसार वर्गीकरण

(रुपए करोड़ों में)

परियोजना का प्रकार	निवल मंजूर सहायता					कुल का प्रतिशत
	परियोजनाओं की कुल लागत	ऋण	हामीदारियां तथा प्रत्यक्ष अभिदान	विदेशी मुद्रा ऋणों के लिए आस्थगित अदायगियों की गारंटियां	जोड़	
1	2	3	4	5	6	7
नई परियोजनाएं	4794.34	541.52	67.12	42.76	651.49	62.2
विस्तार/विशाखन	1734.25	212.57	10.25	9.00	231.82	22.1
आधुनिकीकरण, नवीकरण, आदि	556.37	40.59	2.42	0.81	43.83	4.2
उप-जोड़	7084.99	794.68	79.88	52.57	927.13	88.5
उदार ऋण योजना के अधीन	659.28	120.11	—	—	120.11	11.5
जोड़	7744.27	914.79	79.88	52.57	1047.24	100.0

कुल मंजूरियां, संवितरण तथा बकाया :

55. 30 जून, 1980 तक निवल मंजूर वित्तीय सहायता का राज्यवार तथा उद्योगवार वितरण इस रिपोर्ट के क्रमशः परिशिष्ट "ख" और "ग" में दिया गया है । परिशिष्ट "ङ" में 30 जून, 1980 तक प्रत्येक राज्य को मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता का उद्योगवार वितरण दिखाया गया है । परिशिष्ट "छ" में निवल सहायता की मंजूर की गई राशियों के अनुसार वर्गीकरण दिया गया है ।

56. 30 जून 1980 को निवल संचयी मंजूरियों की संख्या और राशि और संवितरित राशि तथा बकाया राशि सारणी 21 में दी गई है ।

सारणी–21

कुल मंजूरियां, संवितरण तथा बकाया :

(रुपए करोड़ों में)

		मंजूरियां (निवल)		संवितरित सहायता	बकाया राशि
		मंजूरियों की संख्या	राशि		
1	2	3	4	5	6
1. ऋण :					
रुपया ऋण :					
—उदार ऋण योजना		187	120.11	31.69	31.69
—सामान्य ऋण		1469	699.65	571.45	386.44
	उप-जोड़	1656	819.76	603.14	418.13
विदेशी मुद्रा		339	95.03	70.51	24.72
	जोड़	1995	914.79	673.65	442.85
2. हामीदारियां :					
—साधारण शेयर		413	48.69	19.44	16.37
—अधिमान शेयर		157	10.66	8.17	4.83
—डिबेंचर		30	12.63	8.92	0.84
	जोड़	600	71.98	36.53	22.04
3. प्रत्यक्ष अभिदान :					
—साधारण शेयर		94	5.70	4.39	8.53
—अधिमान शेयर		8	0.32	0.32	0.84
—डिबेंचर		3	1.88	1.88	0.06
	जोड़	105	7.90	6.59	9.43
	1 से 3 तक का जोड़	2700	994.67	716.77	474.32
4. गारंटियां :					
—आस्थगित अदायगी गारंटियां		45	28.96	28.76	0.45
—वि० मु० ऋ० गारंटियां		6	23.61	23.53	0.08
	जोड़	51	52.57	52.29	0.53
	कुल जोड़	2751	1047.24	769.06	474.85

57. पिछले 32 वर्षों के दौरान मंजूर की गई तथा संवितरित निवल वित्तीय सहायता का पंचवर्षीय योजनाओं के अनुसार वर्गीकरण सारणी 22 में दिया गया है ।

सारणी-22

पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान मंजूर की गई तथा संवितरित सहायता

(रुपए, करोड़ों में)

वर्ष समाप्ति 30 जून को	मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता				संवितरित वित्तीय सहायता			
	ऋण	हामी-दारियां	गारंटियां	जोड़	ऋण	हामी-दारियां	गारंटियां	जोड़
पहली योजना से पूर्व की अवधि 1949-51 .	8.13	—	—	8.13	5.79	—	—	5.79
पहली योजना (1952–56)	27.02	—	—	27.02	10.94	—	—	10.94
दूसरी योजना (1957–61)	49.05	3.56	16.30	68.91	40.62	1.31	15.11	57.04
तीसरी योजना								
1962	17.84	0.73	0.48	19.05	10.92	0.24	0.41	11.57
1963	19.82	4.63	10.62	35.07	15.05	3.99	3.18	22.22
1964	23.61	4.34	13.16	41.11	16.94	1.96	6.39	25.29
1965	19.39	3.55	3.92	26.86	19.79	3.36	14.65	37.80
1966	21.47	3.96	1.35	26.78	23.99	4.48	2.17	30.64
जोड़	102.13	17.21	29.53	148.87	86.89	14.03	26.80	127.52
वार्षिक योजनाएं :								
1967	12.34	1.87	4.00	18.21	29.52	2.90	5.64	38.06
1968	14.62	1.48	0.85	16.95	23.35	1.06	2.61	27.02
1969	22.43	2.42	0.29	25.14	15.03	1.68	0.28	16.99
जोड़	49.39	5.77	5.14	60.30	67.90	5.64	8.53	82.07
चौथी योजना :								
1970	11.10	1.19	0.13	12.42	16.86	0.85	0.34	18.05
1971	24.04	2.20	0.42	26.66	16.28	0.87	0.20	17.35
1972	32.36	4.57	—	36.93	20.99	1.00	0.11	22.10
1973	39.03	2.02	0.59	41.64	30.00	2.29	0.61	32.90
1974	32.94	2.48	0.04	35.46	28.75	1.46	0.05	30.26
जोड़	139.47	12.46	1.18	153.11	112.88	6.47	1.31	120.66
पांचवीं योजना :								
1975	28.20	3.89	—	32.09	36.02	1.06	0.34	37.42
1976	44.67	3.10	—	47.77	41.57	2.40	—	43.97
1977	83.77	8.37	—	92.14	56.75	1.72	—	58.47
1978	101.45	5.48	0.28	107.21	56.92	5.10	—	62.02
जोड़	258.09	20.84	0.28	279.21	191.26	10.28	0.34	201.88
1979	141.06	10.82	—	151.88	66.88	3.15	0.20	70.23
1980	140.45	9.22	0.14	149.81	90.69	2.24	—	92.93
कुल-जोड़	914.79	79.88	52.57	1047.24	673.65	43.12	52.29	769.06

प्रवर्तन कार्य :

58. हाल ही के वर्षों में, निगम की भांति विकास बैंकों की गतिविधियों में ऐसे कार्य बढ़ते जा रहे हैं जिन्हें सामान्य रूप से प्रवर्तन कार्यों के रूप में उल्लिखित किया जाता है । निगम ने ऐसे कार्य स्वयं अपनी ओर से, तथा कुछ मामलों में अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर किए जाने वाले कुछ कार्य व्यावहार्यता अध्ययन करने, तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षण, औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण करने और तकनीकी सलाहकारी संगठन स्थापित करने, आदि से सम्बन्धित हैं । निगम ने दो स्वायत्त प्रवर्तन संगठनों, अर्थात् जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान और प्रबन्ध विकास संस्थान की भी स्थापना की है । निगम द्वारा किए गए कुछ प्रवर्तन कार्य लघु और नए उद्यमियों तथा तकनीकज्ञों, को सहायता प्रदान करने, सहायक और लघु उद्योगों के विकास, देशी तकनीक को प्रोत्साहन देने, आदि से सम्बन्धित हैं । निगम ने, औद्योगिक वित्त/विकास बैंकिंग के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए देश के कुछ प्रमुख विश्वविद्यालयों/संस्थानों में "चेयरों" की भी स्थापना की है ।

निगम की विकास गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम में 1972 में संशोधन किया गया और एक नई धारा जोड़ी गई जिसमें दातव्य आरक्षित निधि की स्थापना की व्यवस्था की गई है । इस नई धारा में उन कार्यों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है जिनके लिए निधि का उपयोग किया जा सकता है । मुख्यतः ये कार्य हैं : (क) व्यावहार्यता अध्ययन, परियोजना रिपोर्टें, मार्किट और तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षण की लागत को पूरा करना; (ख) नए उद्यमियों और तकनीकज्ञों द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं की सहायता करना; (ग) विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को प्रोत्साहित करना; और (घ) वित्तीय संस्थानों के कार्मिकों की प्रशिक्षण लागत पूरा करना, आदि । 30 जून, 1979 को दातव्य आरक्षित निधि में आबंटित की राशि 242.00 लाख रुपए हो गई थी । इसमें से 205.64 लाख रुपए की राशि का पहले ही निगम की विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के लिए उपयोग किया जा चुका है । वर्ष के दौरान निगम के लाभ में से 25.00 लाख रुपए के आबंटन से 30 जून, 1980 को दातव्य आरक्षित निधि में कुल राशि 61.36 लाख रुपए हो गई ।

निगम के प्रवर्तन कार्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का एक अन्य स्रोत भारत सरकार से प्राप्त ब्याज जन्य अन्तर निधियां हैं । ये निधियां सरकार से 50 :50 के आधार पर ऋणों और अनुदानों के रूप में प्राप्त होती हैं । 30 जून, 1980 तक निगम को 308.9 लाख रुपए ऋण के रूप में और इतनी ही राशि अनुदान के रूप में प्राप्त हो चुकी थी । ऋण भाग में से वित्तीय सहायता के रूप में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को 163.77 लाख रुपए विमुक्त किए जा सके हैं ताकि वह इसे नए उद्यमियों और तकनीकज्ञों को उधार दे सके, ब्याज निगम द्वारा खपत किया जा रहा है । अनुदान भाग का उपयोग, अन्य बातों के साथ-साथ प्रबन्ध विकास संस्थान, तकनीकी सलाहकारी संगठनों आदि के लिए किया गया है ।

59. जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान, प्रबन्ध विकास संस्थान और तकनीकी सलाहकारी संगठनों के कार्यकलापों पर रिपोर्ट में अन्य स्थान पर विचार किया गया है । निगम द्वारा शुरू किए गए अन्य प्रवर्तन कार्यों का संक्षिप्त उल्लेख नीचे के अवतरणों में दिया गया है ।

60. निगम (i) लघु उद्यमियों को सहायता; (ii) सहायक और लघु उद्योगों का प्रवर्तन; (iii) देशी तकनीक को अपनाना; और (iv) नए उद्यमियों और तकनीकज्ञों को उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन देने, से सम्बन्धित चार प्रवर्तन योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है । इन योजनाओं के अधीन निगम की सहायता उद्यमियों को उप-सहायता प्रदान करने के रूप में है । पहली दो योजनाओं के सम्बन्ध में यह उप-सहायता, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी संगठनों के माध्यम से दी जाती है ।

लघु उद्यमियों को सहायता देने की योजना का आशय ऐसे उद्यमियों को तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा, विशेष कर, पूर्व व्यावहार्यता अध्ययन, विस्तृत परियोजना रिपोर्टें, मार्किट अध्ययन तैयार करने, अथवा वित्तीय संस्थानों से वित्तीय सहायता लेने के लिए दस्तावेज तैयार करने, तकनीकी पथ-प्रदर्शन देने, आदि सम्बन्धी मामलों में दी गई सेवाओं का उपयोग करने के लिए सहायता देना है । इन तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा किए गए दत्तकार्यों की लागत के सम्बन्ध में 80 प्रतिशत या 5000/- रु० की सीमा तक, जो भी कम हो, निगम द्वारा उप-सहायता दी जाती है । शेष लागत उद्यमी द्वारा पूरी की जानी होती है । इस योजना के अधीन, 30 जून, 1980 तक 240 उद्यमियों ने लगभग 6.6 लाख रुपये की उप-सहायता प्राप्त की, जो 235 परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 9 तकनीकी सलाहकारी संगठनों के माध्यम से प्रदान की गई ।

सहायक और लघु उद्योगों के प्रवर्तन के लिए उक्त योजना के अधीन जिन प्रयोजनों के लिए सहायता दी जाती है, वे हैं : (i) सहायकीकरण और लघु उद्योग क्षेत्र में भावी अभिसंस्कार के लिए उपयुक्त उत्पादों का निरूपण; (ii) व्यावहार्यता अध्ययन तैयार करना; और (iii) सहायक और लघु उद्योग इकाइयों को तकनीकी, मार्किटिंग और वित्तीय क्षेत्रों में सलाह देना और मार्ग-दर्शन करना । 30 जून, 1980 तक इस योजना के अधीन 19 सहायक अथवा लघु उद्योग इकाइयां स्थापित करने के लिए 1.20 लाख रुपए की राशि संवितरित की जा चुकी थी ।

देशी तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहन देने के लिए निगम की योजना के अधीन, निगम से ऋण लेकर स्थापित की जा रही परियोजनाएं योजना के अधीन सहायता का लाभ उठा सकती हैं । यह परियोजना के परिचालन के पहले तीन वर्षों के दौरान निगम को देय ब्याज अदायगियों को शामिल करते हुए उप-सहायता के रूप में है ।

उक्त योजना के अधीन उप सहायता का लाभ उठाने वाली पहली इकाई टी० के० कैमिकल्स लि० थी । इसकी परियोजना अधिसूचित कम विकसित क्षेत्र, अर्थात् वेली औद्योगिक क्षेत्र, कोचुवेली, त्रिवेन्द्रम, केरल में स्थित है और यह अपनी प्रक्रिया में 1,900 टन मगनीस सल्फेट मोनोहाइड्रेट का उपयोग करके प्रति वर्ष 2,850 टन मैंगनीस सल्फेट मोनोहाइड्रेट और 950 टन इलैक्ट्रोलाइटिक मैंगनीज डायक्साइड का निर्माण करती है । कम्पनी ने भारत के राष्ट्रीय अनुसन्धान विकास निगम के माध्यम से राष्ट्रीय धातुविज्ञान प्रयोगशाला, जमशेदपुर से इलैक्ट्रोलाइटिक मैंगनीज डायक्साइड के निर्माण के लिए टैक्नोलाजी प्राप्त की । निगम ने कम्पनी को प्रदान किए गए 33.50 लाख रुपये के ऋण पर देय ब्याज की सीमा तक उप-सहायता प्रदान की है, जो कि तीन वर्षों के लिए प्रतिवर्ष अधिकतम 3.00 लाख रुपये होंगी । तदनुसार, कम्पनी निगम से उक्त योजना के अधीन उप सहायता के रूप में 7.43 लाख रुपये की राशि प्राप्त कर चुकी है ।

61. निगम ने अगस्त, 1969 में अर्थशास्त्र विभाग, बम्बई विश्वविद्यालय में एक "चेयर" की स्थापना की । अब एक प्राध्यापक की नियुक्ति की जा चुकी है । निगम ने फरवरी, 1980 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के साथ, विश्वविद्यालय के व्यापार अध्ययन (वाणिज्य) महाविद्यालय में एक "चेयर" की स्थापना के लिए एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सहमति की शर्तों के अनुसार निगम "चेयर" के सम्बन्ध में सभी खर्च पूरे करने के लिए प्रतिवर्ष 60,000/– रुपये का अनुदान देगा । इस प्रकार, निगम ने चार "चेयरों" की स्थापना कर दी है; अन्य "चेयरें" भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद और प्रबन्ध अध्ययन संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थापित की जा चुकी है ।

सम्बन्धित विश्वविद्यालयों/संस्थापनों के साथ किए गए सहमति ज्ञापनों में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम प्राध्यापकों की नियुक्ति के अतिरिक्त डाक्टरल फैलोशिप संस्थान के लिए भी व्यवस्था की गई है । दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रबन्ध अध्ययन संकाय की एक डाक्टरल फैलो को उसके "कम विकसित क्षेत्रों में निवेश निर्णयों की सूचना प्रणालियां" शीर्षक शोध ग्रन्थ के लिए डाक्टरेट डिग्री प्रदान की जा चुकी है ।

62. अप्रैल, 1974 में संस्थापित तकनीकी सहायता योजना में पिछले वर्ष संशोधन किए गए और इसका पुनर्निर्माण किया गया । इस योजना के अधीन विभिन्न राज्य स्तरीय वित्तीय और विकास संस्थानों के नामित व्यक्तियों ने निगम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया, जिनका लक्ष्य उन्हें निगम में अपनाई गई नीतियों, पद्धतियों और परिपाटियों से अवगत करवाना है । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एक सप्ताह की अवधि के दो कार्यक्रमो मध्य स्तर के अधिकारियों के लिए और चार कार्यक्रम वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए आयोजित किए गए । योजना के आरम्भ से लेकर 39 राज्य स्तरीय संस्थानों से मध्य स्तर के 123 अधिकारियों और 34 राज्य स्तरीय संस्थानों से 61 वरिष्ठ अधिकारी इस योजना के अधीन सुविधाओं का लाभ उठा चुके है ।

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान :

63. 1975 में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान का प्रायोजन करके निगम ने देश में औद्योगिक विकास के लिए संस्थागत वित्तपोषण अवस्थापना में एक महत्वपूर्ण कमी की पूर्ति की । जोखिम पूंजी, प्रतिष्ठान की स्थापना देश में उद्यमी आधार को विस्तृत करने की दिशा में एक कदम था ।

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान, परियोजनाओं के प्रवर्तकों को उनके द्वारा लगाए जाने वाली प्रारम्भिक पूंजी के कुछ अंश को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करना है । शुरू में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की सहायता निगम की वित्तपोषित संस्थाओं तक ही सीमित थी । बाद में इसकी सहायता, तीनों अखिल भारतीय दीर्घावधि ऋण देने वाले संस्थानों में से किसी की भी वित्तपोषित संस्था को दी जाने लगी । जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की सहायता, जैसा कि अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा निर्धारित किया गया है, परियोजना की साधारण पूंजी में प्रवर्तकों के अंशदान के 50 प्रतिशत भाग तक सीमित है तथा केवल एक प्रवर्तक के मामले में यह 10 लाख रुपये और दो या अधिक प्रवर्तकों के मामले में 15 लाख रुपये तक सीमित है । नए उद्यमियों को जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की सहायता कुछ पात्रता मापदण्ड पूरे किए जाने पर उपलब्ध की जाती है, जैसे कि उनका तकनीकी, या, व्यावसायिक रूप से योग्य होना; उद्योग, या, व्यापार का उचित अनुभव होना; उनका अंशदान परियोजना के प्रवर्तकों के अंशदान का कम से कम 25 प्रतिशत भाग हो और कोई भी उल्लेखनीय अन्तर निगमित निवेश नहीं होना चाहिए, आदि ।

जून, 1976 में, जब जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान ने अपना कार्य शुरू किया, इसकी मंजूरियां और संवितरण धीरे-धीरे बढ़ रहे है । 1976 में इसके कार्य के छः महीने के दौरान पांच परियोजनाओं के सम्बन्ध में नौ प्रवर्तकों को 25.90 लाख रुपये की राशि मंजूर की । अगले दो वर्षों में सीमान्त वृद्धि के बाद 1979 में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की मंजूरियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और नौ परियोजनाओं के 16 प्रवर्तकों को 68.40 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई । 1980 के पहले छः महीनों में पांच परियोजनाओं के नौ प्रवर्तकों को 35.85 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई । 30 जून, 1980 तक 186.04 लाख रुपय की राशि मंजूर की गई जिसका लाभ 28 परियोजनाओं के 48 प्रवर्तकों ने उठाया ।

संवितरण की दिशा में भी लगभग इसी प्रकार की प्रवृत्ति रही । 1976 में 6.75 लाख रुपये से आरम्भ होकर, 1979 में 8 परियोजनाओं के 14 प्रवर्तकों को 49.39 लाख रुपए का संवितरण किया गया । 1980 के पहले छः महीनों में दो परियोजनाओं के पांच प्रवर्तकों को 21.00 लाख रुपये की राशि का संवितरण किया गया ।

30 जून, 1980 तक 18 परियोजनाओं के 30 प्रवर्तकों के सम्बन्ध में 115.44 लाख रुपये की राशि का संवितरण किया गया। 976 से लेकर प्रतिष्ठान की मंजूरियों और संवितरण का विवरण सारणी 23 में दिया गया है ।

सारणी--23

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की मंजूरियां तथा संवितरण

	1976 (जून--दिसम्बर)	1977	1978	1979	1980 (जनवरी--जून)	जोड़
मंजूरियां :						
—राशि (लाख रुपये) . .	25.90	27.50	28.39	68.40	35.85	186.04
—प्रवर्तकों की संख्या . .	9	4	10	16	9	48
—परियोजनाओं की संख्या .	5	4	5	9	4	28
संवितरण :						
—राशि (लाख रुपये) . .	6.75	21.55	16.75	49.39	21.00	115.44
—प्रवर्तकों की संख्या . .	1	6	4	14	5	30
—परियोजनाओं की संख्या .	1	4	3	8	2	18

उद्यमियों को दी जाने वाली प्रतिष्ठान की सहायता पर कोई ब्याज नहीं लगता । केवल नाममात्र का सेवा प्रभार लगाया जाता है । शुरू में, एक प्रतिशत वार्षिक की समदर से सेवा प्रभार लगाया जाता था । वर्ष के दौरान इसे बढ़ा कर, ऋण की अवधि के आधार पर एक प्रतिशत से 3 प्रतिशत के बीच कर दिया गया है । जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान इसके द्वारा दिए गए ऋण से प्राप्त साधारण शेयरों पर देय सकल अधिलाभांश का 40 प्रतिशत भाग प्रासंगिक सेवा प्रभार के रूप में भी वसूल करता है ।

इस समय प्रतिष्ठान के परिचालन के लिए वित्तीय आवश्यकताएं निगम द्वारा पूरी की जाती हैं। 30 जून, 1980 तक निगम 30.00 लाख रुपये अनुदान के रूप में तथा 175.32 लाख रुपये ऋण के रूप में आबंटित कर चुका था, ब्याज निगम द्वारा खपत कर लिया जाता है । हाल में, निगम ने जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को, निगम द्वारा उपलब्ध किए गए/जाने वाले अनुदानों से 2 से 3 वर्ष की अवधि में 1.00 करोड़ रुपये की निधि बनाने की स्वीकृति दे दी है । यह भी निर्णय किया गया है कि अनुदान के रूप में 25.00 लाख रूपये और ऋण के रूप में 74.22 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि आबंटित की जाए, ब्याज निगम द्वारा खपत कर लिया जाए । इस प्रकार, निगम ने अनुदानों के रूप में 55.00 लाख रुपये और ऋणों के रूप में 249.54 लाख रुपये आबंटित कर दिए; कुल आबंटन 304.54 लाख रुपये हो गया ।

प्रबन्ध विकास संस्थान :

64. निगम द्वारा 1970 के दशक में स्थापित एक अन्य संस्थान है--प्रबन्ध विकास संस्थान । इस सस्थान को प्रायोजित करने का दोहरा लक्ष्य था, अर्थात (I) विकास बैंकों के अधिकारियों की व्यावसायिक कुशलता को उन्नत करना, (II) उद्योग के कार्मिकों को आधुनिक प्रबन्ध तकनीकों में प्रशिक्षण प्रदान करना ।

प्रबन्ध विकास संस्थान, अपने कार्य के पिछले छः वर्ष के दौरान उन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, जिनके लिए इसकी स्थापना की गई है, लगातार प्रयत्नशील है । प्रबन्ध विकास संस्थान, निगम के व्यावहारिक अनुभव की सहायता से, विशिष्ट उद्योगों के लिए उपयुक्त कार्यक्रमों का आयोजन करने में सफल रहा है । राज्य और अखिल भारतीय दोनों स्तरों पर विकास बैंकों ने, संस्थान के विकास बैंकिंग कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए विभिन्न स्तरों पर अपने अधिकारियों को भेजा है तथा इस क्षेत्र में अतिरिक्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रबन्ध विकास संस्थान से और अधिक मांग की जा रही है । इसके परिणामस्वरूप नवम्बर, 1977 में, प्रबन्ध विकास संस्थान में विशेषत: विकास बैंकिंग के क्षेत्र में एक अलग इकाई की स्थापना की गई, जिसका नाम विकास बैंकिंग केन्द्र रखा गया है। प्रबन्ध विकास संस्थान का प्रयास रहा है कि व्यावहारिक अनुभव तथा सिद्धान्त को एकीकृत किया जाए तथा यह विकास बैंकों की वित्तपोषित संस्थानों के कार्य पर आधारित केस स्टडीज करके, इसमें सफल रहा है। इसकी केन्द्रीय और अतिथि संकाय में व्यावसायिक प्रबन्धक और शिक्षाविद सम्मिलित हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भी प्रबन्ध विकास संस्थान ने अपना स्थान बना लिया है और संयुक्त राज्य औद्योगिक विकास संगठन, संयुक्त राज्य विकास कार्यक्रम, जर्मनी के अन्तर्राष्ट्रीय विकास प्रतिष्ठान, अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, आदि संगठनों ने, विकासशील देशों के भागीदारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रबन्ध विकास संस्थान की विशेषज्ञता का लाभ उठाया है । अतः, प्रबन्ध विकास संस्थान को, न केवल भारत के अफ्रोएशियन क्षेत्र के अनेक देशों के अधिकारियों को भी प्रशिक्षण देने का विशेषाधिकार था ।

पिछले छः वर्षों में, विकास बैंकिंग केन्द्र सहित प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण सारणी 24 में दिया गया है ।

सारणी—24

कार्यक्षेत्रों के अनुसार प्रबन्ध विकास संस्थान के कार्यक्रमों का विवरण (1974—79)

कार्यक्रमों का वर्गीकरण	कार्यक्रमों की संख्या						जोड़
	1974	1975	1976	1977	1978	1979	1974—79
1. विकास बैंकिंग केन्द्र :							
सामान्य भागीदारी	3	6	4	6	10	13	42
"औद्योगिक परियोजनाओं के निरूपण, प्रवर्तन, कार्यान्वयन कार्यक्रम"	—	2	2	2	—	1	7
इन-कम्पनी कार्यक्रम	—	—	—	—	6	4	10
जोड़ (क)	3	8	6	8	16	18	59
भागीदारों की संख्या (ख)	84	298	252	288	420	426	1768
2. प्रबन्ध विकास संस्थान : (विकास बैंकिंग केन्द्र से भिन्न केन्द्र)							
सामान्य भागीदारी :							
विशेष उद्योग कार्यक्रम	2	5	7	5	6	5	30
वित्तीय प्रबन्ध	2	4	6	9	7	9	37
सामान्य प्रबन्ध	3	3	3	4	7	7	27
मार्किटिंग प्रबन्ध	2	2	1	2	2	3	12
कार्मिक प्रबन्ध	2	1	2	2	4	5	16
तकनीकी प्रबन्ध	—	—	1	1	—	1	3
"औद्योगिक परियोजनाओं के निरूपण, प्रवर्तन, कार्यान्वयन कार्यक्रम"	—	—	—	—	1	—	1
इन-कम्पनी कार्यक्रम	1	2	2	7	10	5	27
जोड़ (ग)	12	17	22	30	37	35	153
भागीदारों की संख्या (घ)	370	588	789	863	789	1113	1512
कुल आयोजित कार्यक्रम (क + ग)	15	25	28	38	53	53	212
कुल भागीदारों की संख्या (ख + घ)	454	886	1041	1151	1209	1539	6280

सामान्य प्रबन्ध कार्यक्रम :

65 प्रबन्ध विकास संस्थान का प्रयास रहा है कि वर्तमान कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम सामग्री बढ़ाई जाए और नए क्षेत्रों में नए कार्यक्रमों का चयन किया जाए। प्रबन्ध विकास संस्थान ने 1979 में सामान्य भागीदारों के लिए 30 कार्यक्रमों तथा इस उद्देश्य के लिए प्रबन्ध विकास संस्थान को प्राधिकृत करने वाले संस्थानों की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप 5 "इन-कम्पनी" कार्यक्रमों का आयोजन किया ।

देश में सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका को अनुभव करते हुए प्रबन्ध विकास संस्थान ने, सरकारी उद्यम कार्यालय, भारत सरकार के साथ संयुक्त रूप से, सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में वित्तीय योजना और नियन्त्रण पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। पिछले छः वर्षों में प्रबन्ध विकास संस्थान ने 153 कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें 4512 भागीदारों ने भाग लिया । इन कार्यक्रमों में 126 कार्यक्रम सामान्य भागीदारी के लिए तथा 27 "इन-कम्पनी" कार्यक्रम थे। प्रबन्ध विकास संस्थान ने 1980 में 61 कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है । इस वर्ष के पहले छः महीनों में यह पहले ही 18 कार्यक्रम आयोजित कर चुका है ।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन/संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित होटल प्रबन्ध कार्यक्रम का आयोजन करने में प्रबन्ध विकास संस्थान की महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यह कार्यक्रम जनवरी, 1979 में शुरू होकर चार वर्ष तक चलता रहा है। पहले वर्ष में प्रबन्ध विकास संस्थान के तीन संकाय सदस्यों ने, एक अध्ययन-दौरा किया ताकि होटल प्रबन्ध कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए स्वयं को तैयार कर सकें । 1979 में भी होटलों के लिए लेखांकन और वित्तीय प्रबन्ध पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

1980 के प्रथम छः महीनों में कार्मिक प्रबन्ध, होटल मार्किटिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम और "होटल परिचालन प्रबन्ध" पर एक त्रि-पक्षीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत विपणन और बिक्री पूर्वानुमान, वित्तीय प्रबन्ध और औद्योगिक सम्बन्ध विषयों पर कार्यक्रम है । वर्ष के अन्तिम छः महीनों में पर्यटन अर्थशास्त्र और योजना, होटलों के लिए वित्त और लेखांकन, होटल एवं पर्यटन उद्योग के लिए संगठनात्मक प्रभावशालिता, तथा होटल सम्पत्तियों की योजना, रूपांकन और वित्तपोषण कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है।

विकास बैंकिंग कार्यक्रम :

66. देश में विकास बैंकिंग के क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करने में विकास बैंकिंग केन्द्र अग्रणी है । देश और विदेश में विकास बैंकों की आवश्यकताओं के अनुकूल आयोजित किए गए इन कार्यक्रमों का स्वागत किया गया । विकास बैंकिंग केन्द्र द्वारा वर्ष के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रमों में (1) परियोजना में तकनीकी पहलुओं का महत्व; (2) निदानात्मक और भावी परियोजना निरीक्षण तथा अनुवर्ती कार्यवाही, (3) परियोजना मूल्यांकन की तकनीकी तथा अनुवर्ती कार्यक्रम; शामिल है।

लघु उद्यमों के बढ़ते हुए महत्व से विकास बैंकिंग केन्द्र ने, ऐसे उद्यमों के कार्मिकों के प्रशिक्षण की आवश्यकताओं की ओर अपना ध्यान देना शुरू किया है । बिहार, हिमाचल प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश, प्रत्येक राज्यों में एक-एक उद्यम सम्बन्धी प्रबन्ध कार्यक्रम आयोजित किए गए । ये कार्यक्रम मुख्यतः भावी नए और लघु उद्यमियों के लिए आयोजित किए गए थे । विकास बैंकिंग पर छह सामान्य पाठ्यक्रमों का प्रमुख विषय, जो इस पहले वित्त उपरान्त अनुवर्ती कार्यवाही था, अब लघु और मध्यम श्रेणी के उद्यमों का वित्तपोषण और प्रवर्तन कर दिया गया है। विकास बैंकिंग केन्द्र ने लघु उद्यमों में रुग्णता के कारण और प्रभाव पर भी एक कार्यक्रम आयोजित किया है ।

एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों की एसोसिएशन ने, संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और विश्व बैंक के अधिकारी विकास संस्थान के सहयोग से, विकास बैंकिंग केन्द्र को "विकास बैंकों में मध्य स्तर के व्यवसायियों के प्रशिक्षण विकास" पर एक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित करने का कार्य सौंपा । इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के 25 अधिकारियों ने भाग लिया ।

स्मरणीय है कि निगम ने विभिन्न राज्यों में "औद्योगिक परियोजनाओं के निरूपण, प्रवर्तन और कार्यान्वयन" पर कार्यक्रमों का आयोजन किया है। विकास बैंकिंग केन्द्र के माध्यम से आयोजित किए जा रहे इन कार्यक्रमों का आशय, राज्य सरकारों और राज्य स्तर की प्रवर्तक और वित्तीय एजेंसियों को, औद्योगिक परियोजनाओं के निरूपण, प्रतिपादन, मूल्यांकन और कार्यान्वयन के विभिन्न पहलू और अच्छी तरह समझने में सहायता करना है । विकास बैंकिंग केन्द्र ने 1979 में निगम की ओर से हैदराबाद में आन्ध्र प्रदेश के लिए एक "औद्योगिक परियोजनाओं के निरूपण, प्रवर्तन और कार्यान्वयन" कार्यक्रम आयोजित किया । अप्रैल, 1980 में भुवनेश्वर में उड़ीसा के लिए एक "औद्योगिक परियोजना के निरूपण, प्रवर्तन और कार्यान्वयन" कार्यक्रम आयोजित किया गया । उल्लेखनीय है कि उड़ीसा राज्य के लिए यह दूसरा कार्यक्रम था; पहला कार्यक्रम 1975 में आयोजित किया गया ।

30 जून, 1980 तक विकास बैंकिंग केन्द्र (भूतपूर्व विकास बैंकिंग डकाई सहित) ने 59 कार्यक्रमों का आयोजन किया है जिनमें 1768 भागीदारों ने भाग लिया। इनमें से 10 "इन-कम्पनी" कार्यक्रम है ।

विकास बैंकिंग केन्द्र की योजना 1980 में सामान्य भागीदारों के लिए 19 कार्यक्रम और दो "इन-कम्पनी" कार्यक्रम आयोजित करने की है । वर्ष के पहले छः महीनों में यह एक "इन-कम्पनी" कार्यक्रम सहित 12 कार्यक्रमों का आयोजन पहले ही कर चुका है ।

प्रबन्ध विकास संस्थान परिसर :

67 प्रबन्ध विकास संस्थान, जो अब तक किराए के परिसर में कार्य कर रहा था, जनवरी, 1980 में दिल्ली हवाई अड्डे से 12 किलोमीटर दूर स्थित गुड़गांव में 36.38 एकड़ भूमि के अपने परिसर में चला गया है । इस परिसर के निर्माण की लागत लगभग 165.00 लाख रुपए है, जो पूर्ण रूप से निगम द्वारा उठाई जानी है।

नए उद्यमकर्ताओं के लिए तकनीकी सलाहकारी सेवायें

68. निगम ने तीन तकनीकी सलाहकारी संगठनों का प्रायोजन किया। यह भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी संगठनों में भाग लेने के अलावा है। प्रायोजित तीन तकनीकी सलाहकारी संगठन हैं; हिमाचल प्रदेश में हिमाचल सलाहकारी संगठन लिमिटेड, राजस्थान में राजस्थान सलाहकारी संगठन लिमिटेड और मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लिमिटेड। ये संगठन, मूल रूप से, नए उद्यमकर्ताओं और तकनीकज्ञों को सलाहकारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाए गए है और इसलिए वे परियोजना अभिज्ञान, निरूपण, तकनीकी और प्रबन्धकीय सलाह और मार्गदर्शन, आदि क्षेत्रों में नियमित आधार पर दत्तकार्य करते हैं। इन तीन संगठनों के कार्यों का मूल्यांकन निम्नलिखित अवतरणों में दिया गया है।

हिमाचल सलाहकारी संगठन लिमिटेड

69. हिमाचल सलाहकारी संगठन ने 31 दिसम्बर, 1979 को अपने कार्यों का तीसरा वर्ष पूरा कर लिया। परियोजना—रूप-रेखा तैयार करने, पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन, आदि से आरम्भ करके हिमाचल सलाहकारी संगठन ने अब उद्यमकर्ताओं को, उद्योग निदेशालय में इकाई के पंजीकरण की अवस्था से लेकर कार्यान्वयन और अनुवर्ती परिवीक्षण तक एक मुश्त सहायता देनी आरम्भ कर दी है। हिमाचल सलाहकारी संगठन अपने उद्यमी विकास कार्यक्रमों के माध्यम से ऐसे संभावी उद्यमियों से सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास करता है : जिन्हें इन-कम्पनी प्रशिक्षण दिया गया हो। उनमें से कुछ ने अब, हिमाचल सलाहकारी संगठन द्वारा बैंकों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बाद, परियोजनाएं स्थापित कर ली है। अनुभवी विकास के क्षेत्र में हिमाचल सलाहकारी संगठन ने, ट्रैक्टर उद्योग में अनुषंगी विकास के लिए परियोजनाओं का अभिज्ञान करने तथा इन इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों का पता लगाने के सम्बन्ध में भी काफी प्रगति की है।

हिमाचल सलाहकारी संगठन ने 1979 में 77 दत्तकार्य पूरे किए जिनमें पूर्व-व्यवहार्यता/व्यवहार्यता रिपोर्टें, विपणन अध्ययन, सर्वेक्षण रिपोर्टें, सहायक उद्योगों के सम्बन्ध में अध्ययन, बहुत छोटे क्षेत्र का अध्ययन, आदि शामिल हैं। परिकल्पित निवेश का अनुमान 9.10 करोड़ रुपये लगाया गया है। और 2700 व्यक्तियों को रोजगार दिए जाने की संभावना है।

1980 के पहले छः महीनों के दौरान, हिमाचल सलाहकारी संगठन ने 20 दत्तकार्य पूरे किए। हिमाचल सलाहकारी संगठन ने, अपने प्रारम्भ से 146 दत्तकार्य पूरे कर लिए हैं। जिनके लिए 3413.30 लाख रुपये के निवेश की आवश्यकता है। इस अनुमानित निवेश से 7600 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किए जाने की संभावना है।

31 दिसम्बर, 1979 को समाप्त वर्ष में हिमाचल सलाहकारी संगठन को 3.29 लाख रुपये की आय हुई और 3.19 लाख रुपये का व्यय हुआ। इस प्रकार 9,858/- रुपये का सकल लाभ हुआ।

राजस्थान सलाहकारी संगठन लिमिटेड

70. 1978 में स्थापित राजस्थान सलाहकारी संगठन ने अपने कार्य-कलापों में विस्तार शुरू किया है। तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन के सम्बन्ध में अध्ययन तैयार करने के अतिरिक्त राजस्थान सलाहकारी संगठन ने रुग्ण औद्योगिक इकाइयों का संचालन आरम्भ कर दिया है भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने, अलवर जिले के आर्थिक विकास पर औद्योगिकरण के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए राजस्थान सलाहकारी संगठन को नियुक्त किया।

31 दिसम्बर, 1979 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान राजस्थान सलाहकारी संगठन ने 41 रिपोर्टें पूरी की, जिनमें 33 तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्टें जिनमें 5.17 करोड़ रुपये की परियोजना लागत होने का अनुमान है तथा लगभग 1300 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किए जाने की संभावना है। ये परियोजना अधिकांशतः छोटे पैमाने के क्षेत्र में स्थित हैं। 31 दिसम्बर 1979 को समाप्त हुए वर्ष में राजस्थान सलाहकारी संगठन ने 46 दत्तकार्य पूरे किए, जिनमें 20 परियोजना संक्षिप्तिकाएं, 21 व्यवहार्यता रिपोर्टें, एक रुग्ण इकाई का अध्ययन और चार अन्य दत्तकार्य शामिल हैं। राजस्थान सलाहकारी संगठन ने अगस्त, 1978 में कार्य-चालन आरम्भ किया और जून, 1980 तक इसने 91 दत्तकार्य पूरे कर लिए हैं। 801.83 लाख रुपये के अपेक्षित निवेश का अनुमान है और संभावित कुल बिक्री 2546.14 लाख रुपये है। लगभग 2200 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किए जाने की सम्भावना है।

31 दिसम्बर 1979 को समाप्त हुए वर्ष में राजस्थान सलाहकारी संगठन को 2.57 लाख रुपये की आय हुई तथा व्यय 3.15 लाख रुपये हुआ तथा 57,470/- रुपये का घाटा दिखाया गया।

मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लिमिटेड

71. जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन मार्च, 1971 में निगमित किया गया और इसने मई, 1979 में कारोबार आरम्भ किया। अपने परिचालन के पहले आठ महीनों के दौरान मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन ने छः दत्तकार्य पूरे कर लिए थे। 1980 के पहले छः महीनों में मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन ने दस दत्तकार्य पूरे किए।

कुल मिलाकर 30 जून, 1980 को 16 दस्तकार्य पूरे कर लिए गए थे, जिनमें 560 लाख रुपये के अपेक्षित निवेश का अनुमान था और संभावित कुल बिक्री 1807.00 लाख रुपये थी । लगभग 1400 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार दिए जाने की संभावना है।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी संगठन

72. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी संगठनों के कार्य-कलापों में निगम लगातार रुचि ले रहा है । वर्ष के दौरान निगम ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा प्रायोजित पश्चिमी बंगाल सलाहकारी संगठन लि० और भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम द्वारा स्थापित औद्योगिक और तकनीकी सलाहकारी संगठन की आरम्भिक प्रदत्त पूंजी में अपना योगदान दिया ।

निधि स्रोत

शेयर पूंजी :

73. निगम की अधिकृत पूंजी 20 करोड़ रुपये है तथा 30 जून, 1970 को जारी, अभिदत्त और प्रदत्त पूंजी 15 करोड़ रुपये थी।

समीक्षाधीन वर्ष में, विभिन्न वर्गों के शेयरधारियों के पास निगम के जो शेयर थे, उनके वितरण में कोई परिवर्तन नहीं हुआ ।

30 जून, 1980 को शेयरों का वितरण निम्न प्रकार था :—

	शेयरों की संख्या	कुल का प्रतिशत
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	15,000	50
अनुसूचित बैंक	6,045	20
बीमा संस्थाएं, आदि	6,440	22
सहकारी बैंक	2,515	8
जोड़	30,000	100

बांड :

74. वर्ष के दौरान निगम ने तीन बांड निर्गमन अर्थात् 6 1/2 प्रतिशत बांड 1989 31.75 करोड़ रुपये के लिए अगस्त, 1979 में, 6 1/2 प्रतिशत बांड 1989 (दूसरी सीरीज) 36.50 करोड़ रुपये के लिए दिसम्बर, 1979 में और 6 3/4 प्रतिशत बांड 1992 35.00 करोड़ रुपये के लिए जून, 1980 में जारी किए। तीनों निर्गमनों में पूरा-पूरा अभिदान हुआ। निर्गमन के 10 प्रतिशत अनुज्ञेय राशि को मिलाकर क्रमश: 113.50 करोड़ रुपये के बांड आबंटित किए गए ।

केन्द्रीय सरकार से उधार :

75. 30 जून, 1979 को केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋणों की राशि 37.91 करोड़ रुपए थी । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम ने सरकार से, के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों से पैदा होने वाली ब्याज दर अन्तर निधियों के अधीन 0.74 करोड़ रुपए उधार लिए जबकि 6.58 करोड़ रुपए की राशि अदा की गई । इस वर्ष के अन्त में ऋणों की बकाया राशि 32.07 करोड़ रुपए थी।

रिजर्व बैंक से उधार

76. समीक्षाधीन वर्ष में भी पिछले वर्षों की भांति भारतीय रिजर्व बैंक से अस्थायी अवधियों के लिए ऋण लिए गए। 30 जून, 1980 को इस शीर्ष के अधीन कोई राशि बकाया नहीं थी ।

विदेशी मुद्राओं में प्राप्त ऋण

77. 100 लाख जर्मन मार्क का एक और अठारहवां ऋण निगम को आबंटित किया गया। वर्ष के अन्त में उपर्युक्त ऋण सहित निगम के पास पश्चिमी जर्मन मार्क का कुल ऋण 2125.0 लाख मार्क हो गया । निगम ने इनमें से 1948.21 लाख मार्क के उप-ऋण मंजूर किए। अब ये ऋण पूर्णतः संपरिवर्तनीय हैं, पूंजीगत माल, इंजीनियरिंग जानकारी और सेवाओं, आदि के आयात के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है ।

सरकार ने निगम को जर्मन मार्क उप-ऋणियों से प्राप्त हुई रकमों को विदेशी मुद्राओं में बदलने की स्वीकृति दे दी है और यह क्रेडिटान्स्टाल्ट फुर वाइडरफबाऊ को अदा करने तक औद्योगिक संस्थाओं द्वारा किए गए आयात का वित्तपोषण करने के लिए उपयोग कर सकता है । इस योजना के अधीन निगम ने पहले ही 141.20 लाख जर्मन मार्क विदेशों में अन्तरित कर दिए गए हैं और उनके विपरीत आयात के लिए 49.08 लाख जर्मन मार्क की वित्तीय सहायता प्रदान की ।

भारत सरकार ने इंडो-स्वेडिश सहयोग करार, 1979 के 250 लाख स्वेडिश क्रोनर का एक और ऋण उपलब्ध कराया है। इस ऋण को मिलाकर वर्ष की समाप्ति पर निगम को उपलब्ध कराये स्वेडिश क्रोनर ऋणों की राशि 750 लाख स्वेडिश क्रोनर हो गई है जिसमें से निगम ने 729.36 लाख स्वेडिश क्रोनर के उप-ऋण मंजूर किए है। यह आबंटन सामान्य आयात भाग का हिस्सा है और जो पूर्णतः संपरिवर्तनीय है तथा पूंजीगत माल एवं सेवाओं के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है।

यू० के० ऋणों की 95.00 लाख पौंड रुपए की कुल राशि भारत सरकार द्वारा यू० के०/भारत पूंजी निवेश ऋण/अनुदान के अधीन निगम को उपलब्ध कराई गई, इसमें से 72.78 लाख पौंड की राशि के उप-ऋण वर्ष के अन्त तक मंजूर किए गए।

सारणी—25

निधियों के स्रोत तथा उपयोग

(रुपये, करोड़ों में)

	1977-78	1978-79	1979-80	1948–80
(क) निधियों के स्रोत :	5.00 करोड़ रुपए की शेयर पूंजी के निर्गमन के अतिरिक्त शेयर आवेदन रुपए से सम्बन्धित।			
आन्तरिक स्रोत :				
1. शेयर पूंजी . . .	—	2.50*	2.50	15.00
2. कराधान से पूर्व लाभ . . .	8.58	8.07	10.18	91.44
3. उधार लेने वालों द्वारा ऋणों की अदायगी :—				
(क) रुपया ऋण . .	15.35	19.42	21.11	215.41
(ख) विदेशी मुद्रा पत्र-ऋण . .	2.94	2.68	2.48	35.66
4. निवेशों की बिक्री/विमोचन . .	0.62	0.45	0.45	17.74
5. गारंटी दायित्वों के रूप में वसूली .	0.01	0.07	0.16	4.99**
उप-जोड़ . . .	27.50	33.19	36.88	380.24
	(26.2)	(30.9)	(22.6)	(37.1)

**इनमें दो संस्थाओं से सम्बन्धित 2.66 करोड़ रुपए और 1.22 करोड़ रुपए सम्मिलित नहीं है जो पुनर्स्थापन योजनाओं के अधीन क्रमशः ऋण और शेयरों में संपरिवर्तित करके निपटाए गए।

	1977-78	1978-79	1979-80	1948–80
उधार				
6. बांड जारी करके बाजार से . .	58.39	35.02	113.50	433.94
7. केन्द्रीय सरकार से . . .	2.37	0.62	0.74	115.64
8. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से .	5.00	15.00	—	25.00
9. कुछ ऋणों से सम्बन्धित अधिकारों और हितों के हस्तान्तरण द्वारा .	—	—	—	9.96
10. विदेशी साख संस्थाओं से :—				
(क) संयुक्त राज्य अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी से अमरीकी डालर में ऋण .	—	—	—	19.63
(ख) पश्चिमी जर्मनी के क्रेडिटान्स्टाल्ट फूर वाइडरफबाऊ से जर्मन मार्क में ऋण . . .	2.44	1.99	1.17	34.05
(ग) पेरिस के बैंक फ्रांसिस डू कामर्स एक्सटिरियर से फ्रांसिसी फ्रांक में ऋण . . .	—	—	—	2.02
उप-जोड़ . . .	68.20	52.63	115.41	640.26
	(64.9)	(48.9)	(70.8)	(62.6)

सारणी 25—क्रमश :

(रुपये, करोड़ों में)

	1977-78	1978-79	1979-80	1948-80
11. सरकार से विशेष अनुदान@	0.46	0.62	0.74	3.09
	(0.4)	(0.6)	(0.5)	(0.3)
12. प्रारम्भ में नकदी और बैंक शेष	8.86	21.10	9.87	—
	(8.5)	(19.6)	(6.1)	(—)
निधियों के स्रोत: जोड़	105.02	107.54	162.90	1023.59
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

@ के० एफ० डब्ल्यू० ऋण करारों की शर्तों के अधीन ब्याज जन्य अन्तर निधियों में से

(ख) निधियों के उपयोग :				
1. सहायता का संवितरण :				
(क) रुपया ऋण	53.12	62.66	82.78	92.98
(ख) विदेशी मुद्रा उप-ऋण	3.64	4.12	7.91	70.51
(ग) हामीदारी दायित्वों के रूप में औद्योगिक इकाइयों के शेयरों/ डिबेंचरों में अभिदान	5.10	3.15	2.24	43.12
(घ) गारंटी दायित्वों के रूप में अदा की गई रकम	0.16	0.10	—	10.16
उप-जोड़	62.02	70.03	92.93	716.77
	(59.1)	(65.1)	(57.0)	(70.0)
2. वित्तपोषित संस्थाओं की शेयर पूंजी में संपरिवर्तित ऋण की राशि	0.25	1.22	0.93	4.00
	(0.2)	(1.1)	(0.6)	(0.4)
ऋणों की अदायगी :				
3. बांडों का विमोचन	2.00	6.13	8.25	55.66
4. केन्द्रीय सरकार को अदा किए गए ऋण	7.61	7.55	6.58	83.56
5. विदेशी साख संस्थानों से प्राप्त ऋणों की अदायगी	2.10	2.13	2.06	32.84
6. अन्य ऋणों की अदायगी	2.27	2.12	1.56	10.90
उप-जोड़ :	13.98	17.93	18.45	182.96
	(13.3)	(16.7)	(11.3)	(17.9)
अन्य उपयोग :				
7. वित्तीय/विकास संस्थानों की शेयर पूंजी/ प्रारम्भिक पूंजी में अभिदान	—	0.34	0.03	1.15
8. प्रबन्ध विकास संस्थान को आबंटन	0.57	0.74	0.78	3.45
9. जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को आबंटन	0.33	0.45	0.93	2.04
10. आय-कर के लिए व्यवस्था	3.11	3.53	5.39	42.05*
11. अधिलाभांश	0.65	0.65	0.94	9.50
12. निवल विविध उपयोग	3.01	2.78	1.68	20.83
उप-जोड़	7.67	8.49	9.75	79.02
	(7.3)	(7.9)	(6.0)	(7.7)

सारणी—25 (जारी)

	1977-78	1978-79	1979-80	1948-80
13. अन्त में नकदी और बैंक शेष . .	21.10 (20.1)	9.87 (9.2)	40.84 (25.1)	40.84 (4.0)
निधियों का उपयोग : जोड़ .	105.02 (100.0)	107.54 (100.0)	162.90 (100.0)	1023.59 (100.0)

*वास्तव में अदा किया गया 38.80 करोड़ रुपए का आयकर सम्मिलित है ।

टिप्पणी : कोष्ठकों में दी गई संख्याएं जोड़ के प्रतिशत का द्योतक हैं ।

लेखे

78. इस वर्ष सकल लाभ 1017.62 लाख रुपए हुआ जो कि 1978-79 में 807.03 लाख रुपए था । कराधान के लिए 538.82 लाख रुपए (निवल) की व्यवस्था करने के पश्चात् निवल लाभ 1978-79 के 454.00 लाख रुपए की अपेक्षा 478.80 लाख रुपए हुआ । आरक्षित निधियों में 382.80 लाख रुपए का विनियोजन किया गया । कर्मचारी कल्याण निधि को 2.00 लाख रुपए का आबंटन किया गया ।

अधिलाभांश

79. इस वर्ष के लाभों में से 84.80 लाख रुपए की राशि सामान्य आरक्षित निधि को अन्तरित करने से यह निधि 16.73 करोड़ रुपए हो गई । पिछले वर्ष की भांति निगम ने अपनी प्रदत्त पूंजी पर 30 जून, 1980 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 6 1/2 प्रतिशत का अधिलाभांश देने की घोषणा की ।

रिजर्व

80. 30 जून, 1980 को निगम के पास आरक्षित निधियों की कुल राशि 32.18 करोड़ रुपए थी, जिसमें निम्नलिखित शामिल थे :—

(रुपए, करोड़ों में)

सामान्य आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32 के अधीन) . .	16.73
आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32 क के अधीन) . .	1.00
विशेष आरक्षित निधि [आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अधीन] . .	13.84
दातव्य आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32 ख के अधीन) . .	0.61
कुल निधियां	32.18

आरक्षित निधियों की राशि प्रदत्त पूंजी से 17.18 करोड़ रुपए अधिक हो गई है । निगम के पास विभिन्न आरक्षित निधियों का ब्योरा नीचे दिया गया है ।

सामान्य आरक्षित निधि

वर्ष के दौरान निगम को हुए लाभ में से 84.80 लाख रुपए की राशि इस निधि को अन्तरित कर देने से इस निधि की कुल राशि 1672.80 लाख रुपए हो गई है ।

आरक्षित निधि

30 जून, 1980 को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32-क के अधीन इस निधि का कुल जोड़ 100.00 लाख रुपए हुआ जो अधिनियम के अनुसार अधिकतम स्वीकार्य राशि है ।

विशेष रिजर्व

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 6(1) (viii) के अधीन चालू वर्ष के लाभ में से इस निधि को 273.00 लाख रुपए की राशि अन्तरित की गई थी । पिछले वर्ष 216.00 लाख रुपए की राशि अन्तरित की गई थी । 273.00 लाख रुपए की इस राशि के अन्तरित हो जाने से विशेष निधि की जमा रकम 1383.78 लाख रुपए हो गई है ।

दातव्य आरक्षित निधि

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32-ख के अधीन समीक्षाधीन वर्ष के लाभ में से दातव्य आरक्षित निधि को 25.00 लाख रुपए की राशि अन्तरित कर दी गई है, जिसका उपयोग निम्नलिखित प्रकार से किया जाएगा :—

(क) व्यावहार्यता अध्ययन, परियोजना रिपोर्टों, बाजार तथा टैक्नो-इकनामिक सर्वेक्षणों तथा ऐसे अन्य उद्देश्यों जो औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन दे कि व्यय को पूरा करने के लिए,

(ख) विकास बैंकिंग तथा वित्तीय औद्योगिक प्रबन्ध के क्षेत्रों में :—

(1) शोध करने तथा शोध को प्रोत्साहन देने के लिए,

(2) वित्तीय संस्थानों के कर्मचारियों को भारत में तथा बाहर प्रशिक्षण देने के लिए,

(3) विश्वविद्यालयों शैक्षणिक संस्थानों तथा शोध प्रतिष्ठानों में चेयरों की स्थापना के लिए ।

(ग) तकनीकों तथा नए उद्यमकर्ताओं द्वारा लगाई गई परियोजनाओं को सहायता देने के लिए :—

(1) उनको मंजूर ऋणों अथवा अग्रिमों पर निगम की सामान्य ब्याज दर में सहायता देकर;

(2) उनके द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं, विशेषकर औद्योगिक रूप से कम विकसित क्षेत्रों में लगाई गई परियोजनाओं को तकनीकी तथा प्रबन्धकीय सहायता देकर ;

(घ) उपरोक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सहायक अथवा आकस्मिक सहायता प्रदान करना ।

30 जून, 1980 को दातव्य आरक्षित निधि में कुल राशि 61.36 लाख रुपये हो गई है ।

आयकर के लिए व्यवस्था :

81. 30 जून, 1977, 1978 और 1979 को समाप्त हुए वर्षों के लिए कर-निर्धारण की कार्यवाही को वार्षिक लेखा बन्द होने से पूर्व अन्तिम रूप नहीं दिया गया था । 30 जून, 1980 को समाप्त हुए लेखा वर्ष के लिए कर लेखे में 538.82 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है ।

82. वर्ष के दौरान, निगम ने 57,345.12 रुपए (43,950.63 रु०) की राशि का व्यय मनोरंजन पर किया तथा 51,117.22 रुपए (80,134.55 रुपए) की राशि स्टाफ ट्रांजिट रूमों पर व्यय की गई और 1,89,022.11रुपए (1,49,690.06 रुपए) की राशि प्रचार/विज्ञापन पर व्यय की गई ।

83. 30 जून, 1980 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विवरण का सार सारणी 26 में दिया गया है ।

सारणी—26

लाभ-हानि सार—1979-80

(रुपए, लाखों में)

	इस वर्ष	पिछले वर्ष
इस वर्ष के कारोबार की सकल आय सकल आय में से घटाने के बाद : . .	3977.07	3314.30
बांडों और अन्य ऋणों पर अदा किया गया ब्याज	2629.72	2172.06
अन्य खर्चे	329.73	335.21
कर के लिए व्यवस्था (निवल)	538.82	353.03
वर्ष के निवल लाभ है—	478.80	454.00
समायोजन		
सामान्य आरक्षित निधि को अन्तरित	84.80	137.00
दातव्य आरक्षित निधि को अन्तरित	25.00	35.00
आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अन्तर्गत विशेष आरक्षित निधि को अन्तरित	273.00	216.00
स्टाफ कल्याण निधि को अन्तरित	2.00	1.00
अधिलाभांश की अदायगी	94.00	65.00
	478.80	454.00

84. पिछले पांच वर्षों के कार्य-परिणामों का ब्योरा सारणी 27 में दिया गया है।

सारणी—27

पिछले पांच वर्षों का कार्य परिणाम

(रुपए, लाखों में)

	30 जून को समाप्त हुए वर्ष के लिए				
	1976	1977	1978	1979	1980
उपार्जित ब्याज	1788.94	2245.76	2657.59	3122.92	3722.89
अन्य आय	108.98	117.41	162.24	191.38	254.18
कुल आय	1897.92	2363.17	2819.83	3314.30	3977.07
अदा किया गया ब्याज	1283.89	1545.31	1764.10	2172.06	2629.72
बांडों पर बट्टा और दलाली	51.47	75.77	49.99	15.25	47.91
स्थापना खर्चे जिसमें चिकित्सा शुल्क तथा खर्च और कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज भी शामिल है	138.31	112.50	128.15	148.95	181.93
प्रबन्ध विकास संस्थान को अनुदान	5.00	5.00	5.00	5.00	5.00
निवेशों की बिक्री से हानि	9.07	63.90	—	5.39	3.72
अन्य खर्चे	52.55	74.72	90.0	160.62	91.17
कुल खर्चे	1540.29	1877.20	2037.31	2507.27	2959.45
सकल लाभ	357.63	485.97	782.52	807.03	1017.62
कर के लिए व्यवस्था (निवल)	148.13	221.97	310.52	353.03	538.82
निवल लाभ	209.50	264.00	472.00	454.00	478.80
आरक्षित निधियां	149.00	203.00	406.00	388.00	382.80
कर्मचारी कल्याण निधि	0.50	1.00	1.00	1.00	2.00
अधिलाभांश	60.00	60.00	65.00	65.00	94.00

संगठन

संचालक बोर्ड

अध्यक्ष

85. श्री बलदेव पसरीचा ने 18 अक्तूबर, 1979 को निगम के अध्यक्ष पद का कार्य भार त्याग दिया। बोर्ड, श्री पसरीचा द्वारा उनके कार्यकाल में की गई अमूल्य सेवाओं की अत्यधिक सराहना करता है।

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10/1/क/की शर्तों के अधीन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने, 28 सितम्बर, 1979 से श्री बी० बी० सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, नेशनल फर्टिलाइज़र्स लि०, नई दिल्ली, को श्री सी० टी० दास के स्थान पर निगम के बोर्ड के संचालक के रूप में नामित किया। तदुपरान्त, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, की धारा 10 (1) (क) की शर्तों के अधीन केन्द्रीय सरकार ने, अधिसूचना सं० एफ० 9/12/79-बी० ओ०-1 दिनांक 16 अक्तूबर, 1979 के अनुसार श्री बी० बी० सिंह को निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त कर दिया। श्री बी ०बी सिंह ने, 19 अक्तूबर, 1979 से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया।

अन्य संचालक

86. श्री पी० सी० नायक, संयुक्त सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, के सरकारी सेवा से निवृत्त हो जाने पर उनके स्थान पर केन्द्रीय सरकार ने, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (ख) की शर्तों के अधीन 31 अगस्त, 1979 से भी एन० के० दास अपर आर्थिक सलाहकार, औद्योगिक विकास विभाग को निगम के बोर्ड के संचालक के रूप में नामित किया।

तदुपरान्त, केन्द्रीय सरकार ने, श्री बी० राय, संयुक्त सचिव, औद्योगिक विकास विभाग को, श्री एन० के० दास के स्थान पर संचालक के रूप में नामित किया । केन्द्रीय सरकार द्वारा श्री बी० बी० सिंह को निगम के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने पर उनके स्थान पर भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (क क) की शर्तों के अधीन, 6 फरवरी, 1980 से श्री एस० के० दत्ता, अध्यक्ष, पश्चिमी बंगाल वित्तीय निगम को निगम के बोर्ड के संचालक के रूप में नामित किया ।

निगम के शेयर धारियों की 24 सितम्बर, 1979 को हुई वार्षिक महासभा में, सर्वश्री डी० सी० गुप्ता, बी० सी० रणदेरिया और शामराव कदम के स्थान पर, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 10 की उप-धाराओं (ग), (घ) और (ङ) के अधीन सर्वश्री ओ० पी० गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक पंजाब नेशनल बैंक, जी० वी० कपाड़िया, भूतपूर्व अध्यक्ष, जनरल इंशोरेंस कारपोरेशन आफ इंडिया और एन० एस० सप्कल, अध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक लि० को निगम के बोर्ड के संचालकों के रूप में चुना गया ।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित श्री बागाराम तुलपुले, निदेशक ने 5 मई, 1980 को निगम के संचालक बोर्ड से त्याग-पत्र दे दिया ।

बोर्ड, सर्वश्री पी० सी० नायक, सी० टी० दास, एन० के० दास, डी० सी० गुप्ता, बी० सी० रणदेरिया, शामराव कदम और बागाराम तुलपुले द्वारा उनके कार्यकाल में की गई अमूल्य सेवाओं की अत्यधिक सराहना करता है और नए संचालकों अर्थात् सर्वश्री बी० राय, एस० के० दत्ता, ओ० पी० गुप्ता, जी० वी० कपाड़िया और एन० एस० सप्कल का हार्दिक स्वागत करता है ।

बोर्ड व अन्य समितियों की बैठकें

87. वर्ष के दौरान बोर्ड की बारह बैठकें हुई, जिनमें से नई दिल्ली में नौ और भुवनेश्वर, त्रिवेन्द्रम और मद्रास में एक-एक बैठक हुई। पहले की भांति जहां दिल्ली से बाहर बोर्ड की बैठकें होती हैं, अध्यक्ष और बोर्ड के अन्य सदस्य राज्य सरकार तथा राज्यों की राजधानियों में आधारित अन्य वित्तीय तथा विकास संस्थानों के अधिकारियों तथा स्थानीय व्यापार एवं उद्योग संघों या चेम्बरों के प्रतिनिधियों को मिलने का शुभ अवसर प्राप्त करते है ताकि राज्य अथवा क्षेत्र के औद्योगिक वातावरण और कुछ वित्तपोषित संस्थाओं की समस्याओं का यथोचित मूल्यांकन हो सके ।

सलाहकारी समितियां

88. वर्ष के दौरान विभिन्न सलाहकारी समितियों की बैठकों की संख्या नीचे दी गई है :—

सलाहकारी समिति का नाम	बैठकों की संख्या
रसायन प्रक्रिया और समवर्गीय उद्योग	7
इंजीनियरिंग	4
चीनी	5
वस्त्र	10
होटल	1
पटसन	2

इन बैठकों में कुल 61 संस्थाओं से विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार किया गया उपरिलिखित समितियों ने कुछ रुग्ण इकाइयों के कार्यों का भी मूल्यांकन किया ।

वर्ष के दौरान कोचीन और भुवनेश्वर में निगम की स्थानीय सलाहकारी समितियों की बैठकें हुई । फिलहाल निगम इन समितियों के कार्य का मूल्यांकन कर रहा है ।

लेखा-परीक्षक

89. 30 जून, 1980 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने मैसर्स बी० एल० अजमेरा एण्ड कं०, जयपुर को निगम के लेखा-परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया । 24 सितम्बर, 1979 को निगम के शेयरधारियों की वार्षिक महासभा में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को छोड़कर अन्य शेयरधारियों की ओर से उक्त अवधि के लिए मैसर्स रे एण्ड रे, कलकत्ता को लेखा-परीक्षक चुना गया ।

निगम में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

90. कामकाज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन देने की सरकारी नीति के अनुरूप निगम में हिन्दी के प्रयोग की अभिवृद्धि के लिए प्रयास किए जा रहे हैं । निगम में हिन्दी की प्रगति को देखने तथा प्रगामी प्रयोग सम्बन्धी उठाए गए कदमों पर

सुझाव देने हेतु, तीन राजभाषा कार्यान्वयन समितियां, प्रधान कार्यालय, बम्बई क्षेत्रीय कार्यालय तथा दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय, प्रत्येक में एक-एक, कार्य कर रही हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान प्रधान कार्यालय में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें सात बार हुई।

निगम ने भारत सरकार की हिन्दी शिक्षण योजना को ग्रहण किया है तथा कर्मचारियों को हिन्दी, हिन्दी टाइपराइटिंग और हिन्दी स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण के लिए नियमित रूप से भेजा जाता है। प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ परीक्षाओं के लिए हिन्दी शिक्षण कक्षाएं निगम के प्रधान कार्यालय में आयोजित की जा रही हैं। निगम के अन्य कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी भी, हिन्दी शिक्षण योजना द्वारा दी गई सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। अभी तक निगम के 39 कर्मचारियों ने हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन आयोजित प्राज्ञ परीक्षा पास की है। इसके अतिरिक्त चार स्टैनोग्राफरों और उन्नीस टाइपिस्टों ने क्रमशः हिन्दी स्टैनोग्राफी और हिन्दी टाइपराइटिंग परीक्षाएं पास की हैं। हिन्दी सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रोत्साहन योजना भी शुरू की है, जिसके अधीन हिन्दी टाइपिंग और स्टैनोग्राफी सहित विभिन्न हिन्दी परीक्षाएं पास करने पर प्रत्येक परीक्षा के लिए 250 रुपए का मानदेय दिया जाता है।

संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण के अनुरूप निगम ने, हिन्दी के प्रयोग के कार्यान्वयन के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया है। निगम के कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को सरल बनाने के लिए, शासकीय टिप्पण और पत्र व्यवहार में प्रयुक्त मानक अभिव्यक्तियों, मुहावरों, आदि की एक शब्दावली तैयार की गई है।

कर्मचारियों का प्रशिक्षण

91. वर्ष के दौरान निगम ने अल्पावधि के सोलह इन-हाऊस प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जिनमें 156 वरिष्ठ अधिकारियों और 212 स्टाफ के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, प्रबन्ध विकास संस्थान, नई दिल्ली; आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, नई दिल्ली; इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली; इंडियन केमिकल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, कलकत्ता, आदि द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए 35 अधिकारियों को भेजा गया।

शिक्षा और अन्तर्राष्ट्रीय प्रबन्ध केन्द्र, जेनेवा द्वारा 1-26 अक्तूबर, 1979 तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय प्रबन्ध विकास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक अधिकारी को भेजा गया।

एक अन्य अधिकारी को मनीला में एशिया और प्रशान्त के विकास वित्तीय संस्थानों के संघ द्वारा 4 मई से 6 जून, 1980 तक आयोजित "1980 अधिकारी विकास कार्यक्रम" में भाग लेने के लिए भेजा गया।

कर्मचारी कल्याण निधि

92. वर्ष के दौरान, कर्मचारी कल्याण निधि विनियमों में, कर्मचारियों के बच्चों को चिकित्सा, इंजीनियरिंग, भवन निर्माण कला, होटल प्रबन्ध, आदि विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में डिग्री पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम करने के लिए योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान करने की व्यवस्था के लिए संशोधन किया गया।

निगम, कर्मचारियों और उनके परिवार के हित के लिए श्रीनगर, पुरी, बंगलौर, ऊटकमंड और शिमला में 5 अवकाश-गृह चला रहा है।

स्टाफ सुझाव योजना

93. वर्ष के दौरान, उक्त योजना के अन्तर्गत स्टाफ की विभिन्न श्रेणियों से आशाप्रद सुझाव प्राप्त हुए और निगम के कार्य के विभिन्न पहलुओं से संबंधित 109 सुझाव प्राप्त हुए। सुझाव योजना समिति ने, निगम के कार्यों में प्रभावशाली सुधार लाने अथवा बचत करने के लिए इन सुझावों में दिखाई गई या उल्लिखित संभावित क्षमता की दृष्टि से इनकी जांच की।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

94. निगम के अध्यक्ष ने, एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों की एसोसिएशन, मनीला, फिलीपाईन्स, जिसका निगम एक संस्थापक सदस्य है, द्वारा प्रायोजित एक विशेष सम्मेलन में भाग लिया। यह सम्मेलन 5-6 मई, 1980 को हुआ। सम्मेलन का विषय था "विकास वित्तीय संस्थानों के परिचालन और सेवाओं का विशाखन"।

स्टाफ की प्रतिनियुक्ति

95. श्री पी० एम० गोपालाकृष्णन्, संयुक्त महाप्रबन्धक की भारतीय यूनिट ट्रस्ट, बम्बई में कार्यकारी न्यासी के रूप में नियुक्ति हो जाने पर उनकी सेवाएं, प्रारम्भ में प्रतिनियुक्ति के आधार पर, 3 मार्च, 1980 से दो वर्ष की अवधि के लिए भारतीय यूनिट ट्रस्ट को सौंप दी गई है।

तकनीकी क्षेत्र के एक वरिष्ठ अधिकारी को, पश्चिमी बंगाल औद्योगिक विकास निगम लि० में दो वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है।

पंजाब वित्तीय निगम में प्रतिनियुक्ति तकनीकी क्षेत्र के एक अन्य अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की अवधि को और एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

वरिष्ठ प्रबन्ध में परिवर्तन

96. श्री डी० एन० डावर, संयुक्त महाप्रबन्धक को पहली मार्च, 1980 से महाप्रबन्धक के पद पर पदोन्नत कर दिया।

पहली मई, 1980 से निगम में विधि सलाहकार के पद को संयुक्त महाप्रबन्धक के रैंक के बराबर कर दिया गया। इस समय यह पद श्री ए० के० घोष धारण किए हुए है।

सर्वश्री आर० एन० साहू और एम० एन० खुशु, उप-महाप्रबन्धकों को पहली मई, 1980 से संयुक्त महाप्रबन्धकों के रूप में पदोन्नत कर दिया गया।

श्री पी० एम० गुरूंग सहायक महाप्रबन्धक (तकनीकी) को पहली मई, 1980 से उप-महाप्रबन्धक के रैंक में उप तकनीकी सलाहकार के रूप में पदोन्नत कर दिया गया।

सर्वश्री डी० जी० रमैया और एस० के० भट्टाचार्य, सहायक महाप्रबन्धक को क्रमशः 11 जून, 1980 और 22 अगस्त, 1980 से उप महाप्रबन्धकों के रूप में पदोन्नत कर दिया गया।

सर्वश्री एस० के० ऋषि और के० सी० हुक्मानी, वरिष्ठ प्रबन्धक (तकनीकी) को 3 अक्तूबर, 1979 से सहायक महा-प्रबन्धक (तकनीकी) के पदों पर पदोन्नत कर दिया गया। सर्वश्री एस० पी० बनर्जी, पी० ब्रह्मचारी और एफ० एम० पटनायक, वरिष्ठ प्रबन्धक (तकनीकी) को क्रमशः 3 दिसम्बर, 1979, 14 जुलाई, 1980 और 24 जून, 1980 से सहायक महाप्रबन्धक (तकनीकी) के रूप में पदोन्नत कर दिया गया।

श्री वी० एस० आर० के० शास्त्री, वरिष्ठ प्रबन्धक को 2 जून, 1980 से सहायक महाप्रबन्धक (सांख्यिकी) के पद पर पदोन्नत कर दिया गया।

सर्वश्री एल० एन० जादवानी, क्षेत्रीय प्रबन्धक और एच० सी० शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक को क्रमशः 2 जून, 1980 और 30 जून, 1980 से सहायक महाप्रबन्धकों के रूप में पदोन्नत कर दिया गया।

विभागों का पुनर्गठन

97. 27 सितम्बर, 1979 से प्रधान कार्यालय के सलाहकारी, सेवाएं विभाग का नाम "समस्या मामले विभाग" रख दिया। उस विभाग में, निगम द्वारा वित्तपोषित रुग्ण इकाइयों के सम्बन्ध में पुनर्निर्माण प्रस्तावों पर विचार करने के लिए एक "वित्तीय पुनर्निर्माण कक्ष" बनाया गया है।

विदेश यात्राएं

98. वर्ष 1979-80 के दौरान, कार्यालय के काम के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तीन विदेश यात्राओं पर 36,944.49 रुपए की राशि का व्यय किया गया।

प्राप्त सहायता के लिए आभार प्रदर्शन

99. बोर्ड को भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक तथा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, राज्य सरकारों, राज्य-स्तर के वित्तीय और विकास स्थानों से जो सहयोग और सहायता मिली है उसके लिए वह उनकी प्रशंसा करता है। जिन सदस्यों ने निगम की विभिन्न सलाहकारी समितियों में कार्य किया है तथा जिन्होंने विभिन्न ऋणि संस्थाओं के संचालक बोर्डों में निगम द्वारा नामित किए गए संचालकों के रूप में कार्य किया है, बोर्ड उनकी अमूल्य सहायता और सलाह के लिए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है। बोर्ड, क्रेदितांस्तल फ्र वाइडरफब्यू के प्रबन्धक वर्ग, यू० के० सरकार के समुद्र विकास मंत्रालय एवं स्वेडिश अन्तर्राष्ट्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा निगम की निरन्तर की गई मदद और सहयोग के लिए भी आभार प्रकट करता है। निगम के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा वर्ष के दौरान वफादारी और निष्ठापूर्वक की गई सेवा के लिए बोर्ड उनकी सराहना करता है।

संचालक बोर्ड की ओर से

बी० बी० सिंह

अध्यक्ष

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, नई दिल्ली

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अंशधारी

हम भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अधोहस्ताक्षरी लेखा परीक्षक निगम के 30 जून 1980 के तुलन-पत्र और लेखों के बारे में अंशधारियों को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

हमने सम्बन्धित लेखों और वाउचरों तथा शाखा कार्यालयों से प्राप्त लेखा परीक्षित विवरणियों के साथ संलग्न तुलन-पत्र की जाँच कर ली है। ये विवरणियां संलग्न तुलन-पत्र में शामिल कर ली गई हैं। हम इस बात की, रिपोर्ट देते हैं कि हमने जहां कहीं भी कोई स्पष्टीकरण या जानकारी मांगी है, वह सम्बन्धित स्पष्टीकरण या जानकारी हमें दी गई है और सन्तोषप्रद रही है। हमारी राय में, लेखे के भाग से सम्बन्धित टिप्पणियां, विशेषतः टिप्पणी-13, प्रस्तुत तुलन-पत्र तथा उस पर की गई टिप्पणियां पूर्ण और निष्कपट है और जहां तक हमें जानकारी और स्पष्टीकरण दिये गये हैं और जैसा कि निगम के बहीखातों से पता चलता है, यह तुलन-पत्र निगम के नियमों और औद्योगिक वित्त निगम, अधिनियम, 1948 के अनुसार इस प्रकार उचित नीति से बनाया गया है कि इससे निगम के कार्यों का सच्चा और सही चित्र सामने आ जाता है।

रे० एण्ड रे,
बी० एल० अजमेरा एण्ड कम्पनी,
सनदी लेखापाल

स्थान : नई दिल्ली।
दिनांक 26 अगस्त, 1980

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, नई दिल्ली

30 जून, 1980 को तुलन-पत्र

क्रम सं० देयताएं	अनुसूची	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०	क्रम सं० परिसम्पत्तियां	अनुसूची	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष
(1) शेयर पूंजी	क	15,00,00,000	10,00,00,000	(1) रोकड़ और बैंक शेष	छ	40,84,20,924	9,86,73,618
शेयर आवेदन मुद्रा		—	2,50,00,000				
(2) रिजर्व और आरक्षित निधियां	ख	32,17,94,473	28,64,60'018	(2) निवेश	ज	32,42,92,557	29,69,00,623
(3) दीर्घ कालीन ऋण	ग	455,80,86,234	357,57,71,717	(3) ऋण तथा अग्रिम	झ	442,84,68,344	372,60,57,357
(4) चालू देयताएं तथा व्यवस्थायें	घ	27,72,93,094	23,11,54,614	(4) स्थिर परिसम्पत्तियां	ञ	2,10,14,381	1,48,58,474
(5) अन्य देयतायें	ङ	2,97,48,243	3,73,35,117	(5) अन्य परिसम्पत्तियां	ट	15,47,25,838	11,92,31,394
(6) दुतरफा मदों के अनुसार आकस्मिक देयतायें	च	73,99,241	1,10,95,051	(6) दुतरफा मदों के अनुसार संघटक आभार	ठ	73,99,241	1,10,95,051
		534,43,21,285	426,68,16,517			534,43,21,285	426,68,16,517

हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
रे एण्ड रे
बी० एल० अजमेरा एण्ड कं०
सनदी लेखापाल

संचालक :
एन० आर० रंगानाथन
एम० आर० बी० पूंजा
डा० जे० सी० सन्देसारा
एस० के० दत्ता

डी एन० डावर
महाप्रबन्धक

संचालक
ओ० पी० गुप्ता
जी० वी० कपाड़िया
एन० एस० सपकल
जे० यू० पटेल

बी० बी० सिंह
अध्यक्ष

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, नई दिल्ली

30 जून, 1980 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि लेखा

व्यय	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०	आय	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
बांडों तथा ऋणों आदि पर ब्याज	26,29,72,177	21,72,06,035	ब्याज*	37,22,88,640	31,22,91,886
विदेशी मुद्रा ऋणों पर वचनबद्धता प्रभार	2,54,722	2,22,261	कमीशन	22,16,960	16,06,628
बांडों के निर्गम पर दलाली	47,90,637	15,24,730			
बांडों के निर्गम पर बट्टा	—	—	निवेशों की बिक्री से लाभ	39,18,094	22,87,167
निवेशों पर हानि	3,71,595	5,38,908			
स्थापना व्यय	1,81,93,447	1,48,94,650	परिसम्पत्तियों की बिक्री से लाभ	2,528	5,232

संचालकों तथा समिति सदस्यों की फीस तथा खर्चे	1,12,813	1,35,410	अधिलाभांश	89,19,339	69,41,017
किराया, कर, बीमा तथा रोशनी	34,05,637	32,57,625			
डाक, तार, टिकटें तथा टेलीफोन	8,25,237	8,25,525	वचन बद्धता प्रभार	1,01,53,680	80,14,369
छपाई, लेखन-सामग्री तथा विज्ञापन	9,68,980	10,91,201			
विधि प्रभार	51,240	35,167	विविध आय	2,08,133	2,83,375
लेखा परीक्षा शुल्क	56,000	46,000			
यात्रा व विराम व्यय	5,76,138	4,74,556			
अन्य व्यय	24,28,596	17,34,854	*घटाइये : वर्ष के दौरान अशोध्य तथा संदिग्ध ऋणों तथा अग्रिमों के लिये दी गई व्यवस्था		
बट्टे खाते डाले गये ऋण	—	77,89,499			
ह्रास मूल्य	4,38,515	4,50,666			
प्रबन्ध विकास संस्थान को अनुदान	5,00,000	5,00,000			
कराधान के लिये व्यवस्था 5,38,81,635					
घटाइये : पिछले वर्षों से सम्बन्धित आयकर की वापसी तथा समायोजन					
	5,38,81,635	3,53,02,587			
वर्ष के लिये निवल लाभ नीचे ले जाया गया	4,78,80,000	4,54,00,000			
	39,77,07,374	33,14,29,674		39,77,07,374	33,14,29,674
अन्तरित राशि :					
सामान्य आरक्षित निधि	84,80,000	1,37,00,000	वर्ष के लिये निवल लाभ नीचे लाया गया	4,78,80,000	4,54,00,000
विशेष रिजर्व (आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) के अधीन	2,73,00,000	2,16,00,000			
दातव्य आरक्षित निधि	25,00,000	35,00,000			
कर्मचारी कल्याण निधि	2,00,000	1,00,000			
प्रस्तावित अधिलाभांश	94,00,000	65,00,000			
	4,78,80,000	4,54,00,000		4,78,80,000	4,54,00,000

हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

रे एण्ड रे
बी० एल० अजमेरा एण्ड कं०
सनदी लेखापाल

संचालक
एन० आर० रंगानाथन
एन० आर० वी० पुंजा
डा० जे० सी० सन्देसारा
एस० के० दत्ता

डी० एन० डावर
महाप्रबन्धक

संचालक
ओ० पी० गुप्ता
जी० वी० कपाडिया
एन० एस० सपकल
जे० यू० पटेल

बी० बी० सिंह
अध्यक्ष

अनुसूची क

शेयर पूंजी

विवरण	30 जून, 1980 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग	
	इस वर्ष	पिछले वर्ष
	रु०	रु०
अधिकृत :		
पांच-पांच हजार रुपये के 40,000 शेयर	20,00,00,000	20,00,00,000
जारी, अभिदत्त तथा प्रदत्त		
(औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 5 के अन्तर्गत मूलधन की पुनर्अदायगी और न्यूनतम वार्षिक अधिलाभांश की अदायगी के सम्बन्ध में भारत सरकार की गारन्टी प्राप्त)		
(i) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर	5,00,00,000	5,00,00,000
(ii) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 4,000 शेयर (द्वितीय सीरीज)	2,00,00,000	2,00,00,000
(iii) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 2,692 शेयर (तृतीय सीरीज)	1,34,60,000	1,34,60,000
(iv) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 3,308 शेयर (चतुर्थ सीरीज)	1,65,40,000	1,65,40,000
(v) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर (पांचवीं सीरीज)	5,00,00,000	--
	15,00,00,000	10,00,00,000

टिप्पणी : न्यूनतम वार्षिक अधिलाभांशों की गारंटी मद संख्या (1) के लिये $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत, मद संख्या (ii) तथा (iii) के लिये 4 प्रतिशत और मद संख्या (iv) के लिये $4\frac{1}{2}$ प्रतिशत तथा मद संख्या (v) के लिये 6 प्रतिशत है।

अनुसूची ख

रिजर्व और आरक्षित निधियां

(i) सामान्य आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32 के अधीन)				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष	15,88,00,000			14,51,00,000
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित	84,80,000			1,37,00,000
		16,72,80,000		15,88,00,000
(ii) आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32 क के अधीन)		1,00,00,000		1,00,00,000
(iii) दातव्य आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32 ख के अधीन)				
पिछले तलन-पत्र के अनुसार शेष	65,81,656			75,40,712
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित	25,00,000			35,00,000
	90,81,656			1,10,40,712
घटाइये : उपयोग की गई राशि	29,45,545			44,59,056
		61,36,111		65,81,656
(iv) विशेष रिजर्व [आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अधीन]				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष	11,10,78,362			8,94,78,362
लाभ-हानि लेखों मे अन्तरित	2,73,00,000			2,16,00,000
		13,83,78,362		11,10,78,362
(v) संदिग्ध ऋणों के लिये रिजर्व				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष				
घटाइये : वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाले गये ऋण				
लाभ-हानि लेखों से अन्तरित		32,17,94,473		28,64,60,018

अनुसूची ग
दीर्घकालीन ऋण

30 जून, 1980 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
1. बांड (आरक्षित —औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 के अधीन जारी—भारत सरकार द्वारा गारन्टी प्राप्त)		
5¾% बांड 1979	—	8,24,86,700
5¾% बांड 1980	8,33,30,800	8,33,30,800
5¾% बांड 1981	5,50,00,000	5,50,00,000
5¾% बांड 1982	4,95,00,000	4,95,00,000
5¾% बांड 1983	8,80,08,800	8,80,08,800
5¾% बांड 1984	11,00,67,300	11,00,67,300
5¾% बांड 1985	13,16,67,800	13,16,67,800
6% बांड 1986	7,99,08,000	7,99,08,000
6% बांड 1984	11,00,12,000	11,00,12,000
6% बांड 1985	12,47,37,800	12,47,37,800
6% बांड 1985 (द्वितीय सीरीज)	16,54,79,200	16,54,79,200
6% बांड 1986 (द्वितीय सीरीज)	19,25,05,400	19,25,05,400
6% बांड 1986 (द्वितीय सीरीज)	32,45,87,200	32,45,87,200
6% बांड 1987	19,88,73,800	19,88,73,800
6% बांड 1987 (द्वितीय सीरीज)	25,39,45,500	25,39,45,500
6¼% बांड 1988	33,00,00,000	33,00,00,000
6¾% बांड 1988 (द्वितीय सीरीज)	35,01,54,000	35,01,54,000
6½% बांड 1989	34,93,75,000	—
6 % बांड 1989 (द्वितीय सीरीज)	40,06,25,000	—
6 % बांड 1992	38,50,00,000	—
	[378,27,77,600	273,02,64,300
2. उधार		
(i) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से [औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 की धारा 21(4) के अधीन] निगम द्वारा जारी किये गये 25 करोड़ रुपये के अंकित मल्य के 6¾%, 6½%, और 6¼% तदर्थ बांड पर लिये गये।	23,50,00,000	24,00,00,000
(ii) भारत सरकार से [औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21(4) के अधीन]	29,03,74,377	35,59,02,242
(iii) ऋदितास्तल्त-फर-वाइडराफबऊ के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार भारत सरकार से	3,03,50,500	2,31,80,500
(iv) विदेशी मुद्राओं में विदेशी साख संस्थानों से (रुपये 42,80,739 की राशि को छोड़कर भारत सरकार द्वारा गारन्टी प्राप्त)	21,95,83,757	22,64,24,675
	455,80,86,234	355,57,71,717

अनुसूची घ
चालू देयतायें और व्यवस्थायें

30 जून, 1980 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
क. चालू देयतायें				
(i) भारतीय रिजर्व बैंक से अल्पकालीन ऋण 3.25 करोड़ रुपये के अंकित मूल्य के निगम द्वारा जारी किये गये रक्षित बांडों द्वारा (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 (3) (ख) के अधीन)			—	3,00,00,000
(ii) फुटकर लेनदार :				
—बांडों पर बकाया दावा न किया गया ब्याज		4,78,39,018		
—परिपक्व बांड, परन्तु भुगतान के लिये प्रस्तुत नहीं किए गये		2,14,61,079		
—अन्य		2,81,95,021	9,74,95,118	2,99,02,478
(iii) प्रोद्भूत ब्याज परन्तु देय नहीं :				
(क) उधार				
(i) भारत सरकार से	69,59,275			57,16,293
(ii) विदेशी मुद्रा में विदेशी साख संस्थानों से	1,77,933			2,04,543
	71,37,208			59,20,836
(ख) बांडों पर	3,29,00,992			2,28,37,056
			4,00,38,200	2,87,57,892
(iv) अग्रिम गारंटी कमीशन			47,200	51,712
(v) विधिक प्रभारों के लिए प्राप्त अग्रिम			3,60,550	3,78,000
(vi) दावा न किया गया अधिलाभांश			250	250
(vii) विदेशी साख संस्थानों से विदेशी मुद्रा में ऋण पर प्रोद्भूत वचनबद्धता प्रभार			13,629	283
(viii) आवेदकों से मूल्यांकन खर्चों के लिये अग्रिम			4,32,850	4,96,893
			13,83,87,797	8,95,87,508

अनुसूची ध—जारी
चालू देयताएं और व्यवस्थायें

30 जून 1980 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
ख. व्यवस्थाएं				
(i) विनिमय जन्य उचन्त लेखे में			3,44,79,499	3,77,15,454
(ii) उचन्त खाते डाली गई रकमें				
(क) ब्याज	6,20,59,850			6,54,09,388
(ख) वचनबद्धता प्रभार	66,311			66,311
(ग) प्रासंगिक प्रभार	2,37,704			2,37,704
(घ) गारन्टी कमीशन	1,70,051			1,70,051
			6,25,33,916	6,58,83,454
(iii) कराधान के लिये व्यवस्था :				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष		15,82,19,744		12,29,17,157
जोड़िए : वर्ष के लिए व्यवस्था		5,38,81,635		3,53,02,587
		21,21,01,379		15,82,19,744
घटाइए : गत वर्षों के लिए समायोजन		6,63,71,344		—
		14,57,30,035		15,82,19,744
घटाइए : स्त्रोत पर काटा गया कर	72,81,920			99,73,885
अदा किया गया अग्रिम कर	10,59,56,233			11,67,77,661
		11,32,38,153	3,2 1,91,882	12,67,51,546
				3,14,68,198
(iv) प्रस्तावित अधिलाभांश			94,00,000	65,00,000
			13,89,05,297	14,15,67,106
			27,72,93,094	23,11,54,614

अनुसूची ङ
अन्य देयतायें

(i) सरकार से विशेष अनुदान				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष	59,49,276			41,54,000
कविस्तास्तल्त फूर वाइडरफबऊ के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार प्राप्त अनुदान	74,22,000			61,65,000
	1,33,71,276			1,03,19,000
घटाइए : उपयोग की गई राशि	74,51,128			43,69,724
			59,20,148	59,49,276

अनुसूची ङ—जारी
चालू देयताएं और व्यवस्थाएं

30 जून, 1980 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण			इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(ii) स्टाफ कल्याण निधि				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष	6,20,043			5,78,158
घटाइए : उपयोग की गई राशि	70,363			58,115
	5,49,680			5,20,043
जोड़िये : लाभ-हानि लेखे से अन्तरित राशि	2,00,000			1,00,000
			7,49,680	6,20,043
(iii) औद्योगिक वित्त निगम कर्मचारी भविष्य निधि			1,72,20,415	1,43,51,798
(iv) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 ख के अधीन अन्तरित ऋणों तथा अग्रिमों में अधिकार एवं हित के सम्बन्ध में देयता			58,58,000	1,64,14,000
			2,97,48,243	3,73,35,117
अनुसूची च				
दुतरफा मदों के अनुसार आकस्मिक देयतायें				
(i) गारंटियां [औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23(1)(ख) के अधीन]			44,96,213	62,74,477
(ii) विदेशी ऋण गारंटियां [औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23(1)(ग) के अधीन]			8,20,812	19,02,892
(iii) मूलधन की अदायगी के लिये आस्थगित फ्रांसिसी ऋण			20,82,216	29,17,682
(iv) हामीदारी संविदा [औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23(1) (घ) के अधीन] (पिछले वर्ष रु० 18,50,000)		66,33,000		
(v) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23' (1)(घ) तथा धारा 23 (1) (च) के अधीन निवेश के रूप में अंशत:प्रदत्त शेयरों के लिये आयाचित राशि (पिछले वर्ष रु० 13,88,598)		19,67,482		
			73,99,241	1,10,95,051

अनुसूची छ
रोकड़ तथा बैंक शेष

30 जून, 1980 को तुलन पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	रु०	पिछले वर्ष रु०	इस वर्ष रु०
(i) प्रधान कार्यालय तथा शाखाओं में रोकड़ तथा स्टाम्प हाथ में			49,067	21,230
(ii) चैक हाथ में तथा वसूली के अधीन			3,08,58,058	3,08,54,974
(iii) बैंकों में शेष :				
(क) चालू खाते में :				
भारत में	7,65,72,726			3,90,95,605
विदेशों में	99,902			71,869
		7,66,71,728		3,91,67,474
(ख) जमा खाते में :				
भारत में	25,84,50,000			—
विदेशों में	4,23,92,071			2,86,29,940
		30,08,42,071		2,86,29,940
			37,75,13,799	6,77,97,414
			40,84,20,924	9,86,73,618

अनुसूची ज
निवेश (लागत पर)

(i) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 20 के अधीन : कुछ वित्तीय संस्थानों की प्रारम्भिक पूंजी शेयर	—	96,00,000	96,00,000
(ii) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (घ) के अधीन			
(क) औद्योगिक संस्थाओं के स्टाक, शेयर, बांड और डिबेंचर ।	22,04,42,257		20,56,47,798
(ख) शेयरों, डिबेंचरों, आदि पर अदा की गई आवेदन मुद्रा ।	—		—
	22,04,42,257		20,56,47,798
(iii) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (च) के अधीन :			
(क) शेयर	5,38,80,040		5,04,75,140
(ख) शेयरों के लिये अदा की गई आवेदन मुद्रा	—		3,38,000
	5,38,80,040		5,08,13,140

अनुसूची ज
निवेश (लागत पर)

30 जून, 1980 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(iv) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (ख) के अधीन : डिबेंचर	5,59,600			1,69,400
औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (झ) के उपबन्ध के अधीन लिये गये शेयर	3,98,10,660			3,06,70,285
			4,03,70,260	3,08,39,685
			32,42,92,557	29,69,00,623
(क) कथित निवेश				
पुस्तक मूल्य			16,94,89,793	11,83,26,715
बाजार मूल्य			23,41,17,977	18,04,90,477
(झ) निवेश, जिनके मूल्य उपलब्ध नहीं हैं।				
लागत			15,48,02,764	17,85,75,908

अनुसूची झ

ऋण तथा अग्रिम

ऋण तथा अग्रिम: (घटाइये : अशोध्य तथा संदिग्ध ऋणों तथा अग्रिमों के लिये व्यवस्था)				
भारतीय मुद्रा में			418,12,72,668	348,51,35,103
विदेशी मुद्राओं में			24,71,95,676	24,09,22,254
			442,84,68,344	372,60,57,357

टिप्पणियां :

(क) संस्थाओं द्वारा देय ऋण, जिनमें निगम के संचालक नामित संचालक की हैसियत से संचालक के रूप में हितबद्ध हैं।	6,25,64,463	5,62,26,389
(ख) वर्ष के दौरान उन संस्थाओं को संवितरित ऋण की कुल रकम, जिनमें निगम के संचालक नामित संचालक की हैसियत से संचालक के रूप में हितबद्ध हैं।	48,00,000	1,15,37,910
(ग) उन संस्थाओं से मूलधन अथवा ब्याज की किस्तों की कुल अतिदेय रकमें, जिन में निगम के संचालक, संचालक के रूप में हितबद्ध हैं।	7,59,999	41,29,043

अनुसूची (ञ)

स्थिर परिसम्पत्तियां

1. पट्टे पर भूमि तथा बिल्डिंग (जिन पर काम चल रहा है, उनको शामिल करते हुए)				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार मूल्य	53,36,313			16,25,072
वर्ष के दौरान वृद्धियां	63,41,014			37,11,241
			1,16,77,327	53,36,313

अनुसूची (ञ)
स्थिर परिसम्पत्तियां

30 जून, 1980 को तुलन पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

	रु०	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
2. निष्कर भूमि तथा भवन :				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार मूल्य		77,76,263		73,61,700
वर्ष के दौरान वृद्धियां		1,700		4,14,563
		77,77,963		77,76,263
घटाइये : ह्रास मूल्य				
पिछले वर्ष तक	4,30,799			2,86,551
वर्ष के लिये	1,40,684			1,44,248
		5,71,483		4,30,799
			72,06,480	73,45,464
3. मोटर कार, साइकिल, फर्नीचर, जुड़नार, फिटिंग, आदि				
पिछले-तुलन पत्र के अनुसार मूल्य		41,09,787		33,53,68
वर्ष के दौरान वृद्धियां/समायोजन		2,56,563		8,97,336
		43,66,350		42,51,018
घटाइये : बेची गई/फैंकी गई		22,635		1,41,231
		43,43,715		41,09,787
घटाइये : ह्रास मूल्य—				
पिछले वर्ष तक	19,33,090			17,03,899
वर्ष के लिये	2,97,831			3,06,418
	22,30,921			20,10,317
घटाइये : बेची गई/फैंकी गई परि सम्पत्तियों पर	17,780			77,227
		22,13,141		19,33,090
			21,30,574	21,76,697
			2,10,14,381	1,48,58,474

अनुसूची (ट)
परिसम्पतियां

(क) प्रोदभूत ब्याज परन्तु देय नहीं :				
(i) बैंकों में जमा रकमों पर		12,04,654		9,09,913
(ii) डिबेंचरों पर		4,80,336		5,52,829
(iii) ऋणों तथा अग्रिमों पर		9,53,33,938		7,69,06,676
(iv) अन्य		16,31,349		13,53,088
			9,86,50,277	7,97,22,506
			45,46,171	40,91,349

अनुसूची ट
अन्य परिसम्पत्तियां

30 जून, 1980 को तुलन पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(ख) वजनबद्धता तथा अन्य प्रोद्भूत प्रभार			
(ग) फुटकर देनदार :			
—निर्माण तथा परिसार के किराये के तौर पर जमा के लिये अग्रिम	69,96,000		
—विदेशी मुद्रा उप-ऋणों के लिये प्राप्य राशि	97,42,559		
—अन्य	1,20,86,482	2,88,25,041	2,16,74,671
(घ) कर्मचारियों को अग्रिम		47,63,866	45,30,999
(ङ) लेखन सामग्री का स्टाक		—	—
(च) टेलीफोन जमा		17,274	22,998
(छ) पूर्वदत्त खर्चे		44,937	1,66,205
(ज) प्रोद्भूत एजेंसी कमीशन		44,392	57,423
(छ) स्टाफ कल्याण निधि की निवल परिसम्पत्तियां		5,49,680	5,20,043
(ञ) "कम्पनी जमा" (आयकर पर अधिभार) योजना 1976 के अधीन जमा		9,17,200	9,17,200
(ट) जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को ऋण (ब्याज रहित)		1,63,67,000	75,28,000
		15,47,25,838	11,92,31,394

अनुसूची (ठ)
दुतरफा मदों के अनुसार संघटक आधार

(क) गारंटियां (औद्योगिक वित्त निगम, अधिनियम, 1948 की धारा 23(1)(ख)	44,96,213	62,74,477
(ख) "विदेशी ऋण गारंटियां [औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23(1)(ग) के अधीन]	8,20,812	19,02,892
(ग) मूलधन के लिये आस्थगित फांसिसी ऋण	20,82,216	29,17,682
	73,99,241	1,10,95,051

टिप्पणियां—लेखे का भाग

1. पहले से चली आ रही व्यवस्था के अनुसार निगम द्वारा लिये गये विदेशी मुद्रा ऋणों का रुपये में संपरिवर्तन अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की सम दरों के अनुसार होगा, अर्थात् 1.00 डालर-7.50 रुपये और 1.00 ज० मा०—2.05 रुपये। 30 जून, 1980 को लागू टेलीग्राफिक ट्रांसफर विक्रय दरों पर इन ऋणों का मूल्य 48.12 करोड़ रुपये था (पिछले वर्ष 47.90 करोड़ रुपये)। उप-ऋणियों को दिये गये विदेशी मुद्रा में उप-ऋणों का गणन विनिमय की विभिन्न दरों के अनुसार किया गया है। 30 जून, 1980 को लागू टैलीग्राफिक ट्रांसफर विक्रय दरों के अनुसार इन उप ऋणों की राशि 46.90 करोड़ रुपये होगी (पिछले वर्ष 45.18 करोड़ रुपये)।

2. (क) "विनियम उच्चन्त लेखे में अन्तर" तुलन पत्र की तारीख को वास्तव में कुल विनियम अन्तर का द्योतक है। इसमें 30 जून, 1980 तक टैलीग्राफिक ट्रांसफर विक्रय दरों पर विदेशी शेषों का संपरिवर्तन भी शामिल है।

(ख) निगम द्वारा अपनाये गये आधार के अनुसार औद्योगिक वित्त निगम की धारा 27(4)(क) के अधीन ली जाने वाली हानि की राशि 30 जून, 1980 को 87.14 लाख रुपये थी पिछले वर्ष 37.78 लाख रुपये) विनियम से हानि को पूरा किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव सरकार के पास भेजे गये हैं लेकिन सरकार का निर्णय मिलने तक इस सम्बन्ध में निगम के खातों में कोई व्यवस्था नहीं की गई।

3. "आकस्मिक देयताओं" के अन्तर्गत विदेशी मुद्रा में अभिव्यक्त 73.99 लाख रु० (पिछले वर्ष 110.95 लाख रुपये) की आकस्मिक देयतायें शामिल हैं, जो कि विभिन्न तारीखों को लागू विनियम दरों के अनुसार हैं । तुलन पत्र की तारीख को लागू विनियम दरों के अनुसार यह राशि 126.18 लाख रुपये होगी (पिछले वर्ष 176.67 लाख रुपये) ।

4. पहले से चली आ रही व्यवस्था के अनुसार, निगम द्वारा वर्ष दर मे ग्रहीत निवेशों के मूल्यों में निवल ह्रास के लिये, यदि कोई हों, कोई व्यवस्था नहीं की गई है क्योंकि विकास बैंक के नाते ये निवेश दीर्घकालीन अवधि के लिये हैं । अकथित निवेशों के मामले में उनके मूल्य को नहीं आंका गया है। इन निवेशों की वसूली से यदि कोई हानि होगी, उनका गणन लाभ हानि लेखे में किया जा रहा है।

5. औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 की धारा 23(1)(घ) और 23(1)(च) के अन्तर्गत कुछ कम्पनियों के क्रमश: 35.57 लाख रुपये और 8.75 लाख रुपये (पिछले वर्ष 44.32 लाख रुपये) साधारण पूंजी के रूप में विनियोजित राशि शामिल है, कम्पनियों ने ऐच्छिक परिसमापन कर दिया है और संभवत: निगम की नियोजित पूरी राशि वसूल न की जा सकेगी इसके लिये कोई व्यवस्था नही की गई है।

6. निवेशों में 18.48 लाख रुपये की राशि शामिल नहीं है (दातव्य आरक्षित निधि के उपयोग से 3.51 लाख रुपये और विशेष अनुदान से 14.97 लाख रुपये (पिछले वर्ष 15.48 लाख रुपये) जो कि निगम के प्रवर्तन कार्यों के तौर पर तकनीकियों और उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने की दृष्टि मे कुछ सलाहकारी संगठनों से शेयरों में सम-मूल्य पर पिछले वर्षों में निगम ने विनियोजित किये थे ।

7.(क) ऋणों और अग्रिमों में 70.19 लाख रु० (पिछले वर्ष 169.40 लाख रुपये) शामिल हैं जिनमें सम्बन्धित अधिकार तथा हित औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21(ख) के अधीन हस्तान्तरित किये गये ।

(ख) ब्याज आय में 12.10 लाख रुपये (पिछले वर्ष 22.08 लाख रुपये) शामिल नहीं है, यह राशि उन ऋणों तथा अग्रिमों का ब्याज है जिनके अधिकार तथा हित औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 (ख) के अधीन हस्तान्तरित किये गये हैं, यह राशि हस्तान्तरी को देय ब्याज की राशि से अलग रख दी गई है ।

8. कुछ कम्पनियों का सरकार ने अधिग्रहण कर लिया था, उनमें तुलन पत्र की तारीख के दिन कुल 406.87 लाख रु० (पिछले वर्ष 383.65 लाख रु०) बकाया थे। यह निश्चित नहीं हो पाया है कि मुआवजे की राशि में से अथवा गारंटी से कितनी राशि वसूल हो सकेगी। इसके अतिरिक्त तुलन पत्र की तारीख को कुछ कम्पनियों से 796.84 लाख रु० (पिछले वर्ष 1092.19 लाख रुपये) देय हैं जिनकी देयताओं औद्योगिक विकास एवं नियमन अधिनियम के अधीन अवरुद्ध हो गई है। उचन्त लेखे में पड़ी रकमों, निवल कर आधार पर संदिग्ध ऋणों के लिये आरक्षित निधियों को देखने के बाद ऐसा माना गया है कि संदिग्ध ऋणों, अग्रिमों और फुटकर देनदारों के लिये उचित व्यवस्था है ।

9. (क) पहले की भांति, जिन मामलों में निगम की बकाया को प्राप्त करने की संभावनायें कम आंकी गई हैं, उनमें ब्याज, वचनबद्धता प्रभार और कमीशन, आदि का गणन नहीं किया गया है।

(ख) जिन कुछ खातों में न्यायालयों से आदेश प्राप्त किये गये हैं उनमें ब्याज का गणन प्राप्त होने पर ही किया जाता रहा है ।

10. फुटकर ऋणों में एक राज्य से ली जाने वाली 30.00 लाख रु० (पिछले वर्ष 57.50 लाख रु०) की राशि शामिल है, जो कि दो वार्षिक किस्तों के रूप में पुर्नस्थापन योजना के कारण वित्तपोषित संस्था के शेयरों के बेचने से देय है ।

11. वर्ष के दौरान 26.23 लाख रु० की राशि (पिछले वर्ष 7.12 लाख रु०) संदिग्ध ब्याज लेखे को अन्तरित कई दी गई, क्योंकि वर्षों में बकाया ब्याज की रकमें प्राप्त की गई हैं।

12. आयकर विभाग के संकेत पर जिन मामलों में निगम के पक्ष में फैसला हुआ है, ट्रिब्यूनल/उच्च न्यायालय में अपील/सन्दर्भ किया गया है। ट्रिब्यूनल/उच्च न्यायालय में विचाराधीन इन अपीलों/सन्दर्भों में तुलन पत्र की तारीख को सम्बन्धित राशि 40.60 लाख रुपये है (पिछले वर्ष 58.19 लाख रुपये) । 1977-78 तक के मूल्यांकन वर्षों तक का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है।

13. औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32(2) की व्यवस्थाओं के अनुसार, इस वर्ष के लेखों में, अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों तथा अग्रिमों के लिये 1.00 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है जिसे निगम की आय से समायोजित कर लिया गया है। समरूप परिवर्तनों मे पिछले वर्ष की रकमों पर प्रभाव पड़ा है तथा पिछले वर्ष के निवल लाभ से समायोजित किया गया है। इसी प्रकार, 30 जून, 1980 तक संदिग्ध ऋणों तथा अग्रिमों के लिये 745.00 लाख रुपये की कुल व्यवस्था की गई, जिसे निगम द्वारा दिये गये कुल ऋणों तथा अग्रिमों को घटाकर दिखाया गया है ।

14. चालू वर्ष के साथ पिछले वर्ष के आंकड़ों को आवश्यकतानुरूप तुलनात्मक बनाने के लिये पुन: एकत्रित किया गया है ।

परिशिष्ट

1 जुलाई, 1979 से 30 जून, 1980 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

क्रम संख्या	संस्था का नाम तथा परियोजना स्थल	परियोजना लागत	वित्त के साधन					
			शेयर पूंजी		ऋण	आस्थगित अदायगी	अन्य (आन्तरिक प्रोद्भूत को मिलाकर	जोड़
			साधारण शेयर	अधिमान शेयर				
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
आन्ध्र प्रदेश								
1.	आन्ध्र प्रदेश आयल एण्ड केमिकल इण्डस्ट्रीज लि०, दीवीपारू, जिला गुंटूर प्रस्तावित प्रबन्ध निदेशक, जी रामा रायुडू	333.00	110.00	—	189.00	13.65	20.35	333.00
2.	आन्ध्र प्रदेश स्कूटर्स लि०, पट्टनचेरू, जिला मेडक (अधिसूचित पिछड़ा जिला) प्रबन्धः निदेशक एस० डी० एम० राव	39.25	10.00	—	25.00	—	4.25	39.25
3.	भद्राचलम पेपर बोर्ड्स लि० सरापका, जिला खम्मम (अधिसूचित पिछड़ा जिला) प्रबन्ध निदेशक : के० एल० चुग	510.00 (अति व्यय)	—	—	376.00	—	134.00	510.00
4.	सिरकार पेपर मिल्स लि० गुडीपल्लीपाडू जिला नेल्लौर (अधिसूचित पिछड़ा जिला) प्रबन्ध निदेशक : डी० शेषा रेड्डी	600.00	200.00	—	400.00	—	—	600.00
5.	डेल्टा पेपर मिल्स लि०, वेंडरा, जिला पश्चिमी गोदावरी अध्यक्ष : एस० एस० जय राव, आई० ए० एस०	58.00 (अति व्यय)	—	—	15.00	—	43.00	58.00
6.	के० सी० पी० लि०, मछेरला, जिला गंटूर अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक : बी० एल० दत्त (बी० रामाकृष्णा ग्रुप)	502.00	—	—	350.00	—	152.00	502.00

—क

द्वारा मंजूर की गई वित्तीय सहायता का विवरण

(रुपये लाखों में)

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा मंजूर की गई वित्तीय सहायता (सकल)						परियोजना का विवरण अथवा सहायता का प्रयोजन
रुपया ऋण	विदेशी मुद्रा ऋण (रुपये के बराबर)	हामीदारियां		गारंटियां	जोड़	
		साधारण और अधिमान शेयर	डिबेंचर			
(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
47.00	—	10.00	—	13.65	70.65	प्रतिवर्ष 5891 टन हाइड्रोजनेटिड क्रूड मिक्सड फैट्टी एसिड, 360 टन ग्लिसरीन (उप उत्पाद के रूप में) तथा 2880 टन नहाने के साबुन के उत्पादन के लिये नई परियोजना ।
7.50	—	—	—	—	7.50 (अति०)	प्रतिवर्ष स्कूटर बनाने की क्षमता 15000 से बढ़ाकर 18000 करने तथा मोटर साइकिलों के संयोजन के लिये सुविधायें जुटाकर विशाखन योजना ।
69.00	—	—	—	—	69.00 (अति०)	प्रतिवर्ष 37802 टन कार्टन बोर्ड तथा लेखन तथा छपाई कागज के उत्पादन के लिये नई परियोजना की लागत में अति व्यय को आंशिक रूप से पूरा करना
90.00	—	24.00	—	—	114.00	प्रति वर्ष 9500 टन लेखन तथा छपाई कागज के उत्पादन के लिये नई परियोजना ।
7.50	—	—	—	—	7.50 (अति०)	प्रति वर्ष 30 टन लेखन तथा छपाई को बनाने के लिये नई परियोजना की लागत में अति व्यय को आंशिक रूप से पूरा करना ।
87.50	—	—	—	—	87.50 (अति०)	सीमेंट की उत्पादन क्षमता 2.54 से बढ़ाकर 3.50 लाख टन करने के लिये आधुनिकीकरण-व-विस्तार योजना ।

परिशिष्ट

(रुपये

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
आन्ध्र प्रदेश (जारी)								
7.	क्लेमैन पोर्सलैन्स लि०, नन्दीगांव, जिला महबूबनगर (अधिसूचित पिछड़ा जिला) प्रबन्धक निदेशक : सी० रामाकृष्णा	157.00	45.00	—	97.00	—	15.00	157.00
8.	कोल्लेरु पेपर्स लि०, बोम्मूलूरु, जिला कृष्णा अध्यक्ष : के० आर० के० शास्त्री, आई० ए० एस० प्रबन्ध निदेशक : एम० सेशावतरम	82.00 (अति व्यय)	—	—	65.60	—	16.40	82.00
9.	नागार्जुन पेपर मिल्स लि०, पट्टनचेरु इण्डस्ट्रियल काम्पलैक्स, जिला मेडक (अधिसूचित पिछड़ा जिला) प्रस्तावित प्रबन्ध निदेशक : ऐश्वर सिंह	121.67	27.26	—	80.00	—	14.41	121.67
10.	नेल्लोर को-आपरेटिव स्पिनिंग मिल्स लि०, वासगमित्ता, जिला नेल्लोर (अधिसूचित पिछड़ा जिला) अध्यक्ष : एन० गोपाला कृष्णैय्या	170.00	76.80	—	82.00	—	11.20	170.00
11.	नोवोपैन इण्डिया लि०, पट्टनचेरु, जिला मेडक (अधिसूचित पिछड़ा जिला) अध्यक्ष : एम० आर० पै० प्रबन्ध निदेशक : जी० वी० कृष्णा रेड्डी	145.00 (अति व्यय)	—	—	120.00	—	25.00	145.00
12.	रिपब्लिक फोर्ज कं० लि०, हैदराबाद अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक : के० वी० नटराजन, आई० ए० एस० (आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार कम्पनी)	565.00	40.00	—	400.00	—	125.00	565.00

क (जारी) लाखों में)						
(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
30.00	—	8.75*	—	—	38.75	प्रतिवर्ष 1320 टन मृतिकाशिल्प टेबल वायर के उत्पादन के लिये नई परियोजना।
16.50	—	—	—	—	16.50 (अति०)	प्रतिदिन 25 टन लेखन, छपाई व विशेष कागज के उत्पादन के लिये नई परियोजना के अति व्यय को आंशिक रूप से पूर करना।
20.00	—	8.36*	—	—	28.36	प्रतिवर्ष 4125 टन टिणू, एम० जी० पोस्टर और नीले मैच कागज के उत्पादन के लिये नई परियोजना।
